শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 129 | गुवाहाटी | बुधवार, 30 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

रैगिंग रोकने में विफल डीयू मामले की जांच करेगी पुलिस : सीएम पेज 3
केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा- कोविड वैक्सीन के बुरे प्रभाव... पेज 4
धान की नई बालियों से सजा मां अन्नपूर्णा का दरबार, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ पेज 5
गहलोत-पायलट के संकट मोचक ने बदला खेमा पेज 8

### कैबिनेट बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

## तीन फ्लाईओवर, जीसी कॉलेज को स्वतंत्र विवि, लखीपुर में जेल : मुख्यमंत्री



**कछार ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर जिला उपायुक्त कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक कैबिनेट बैठक के बाद लिए गए निर्णयों की संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की। हाल ही में वीर लाचित बरफुकन की 400वीं जयंती के कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने अभूतपूर्व रचना लिखकर वेबसाइट पर अपलोड की, साथ ही बराक के बुद्धिजीवियों ने दिल्ली में लाचित बरफुकन के समारोह में भाग लिया और असम सरकार को समर्थन देने के लिए बराक घाटी के लोगों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। बराक घाटी के लिए महत्वपूर्ण परोपकारी निर्णयों में 1935 में स्थापित जीसी कॉलेज को एक राज्य विश्वविद्यालय के रूप में उन्नत करने का निर्णय लिया गया है। इसे असम विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर राज्य स्तरीय स्वतंत्र विश्वविद्यालय का रूप दिया जाएगा। बेतुकांदी में आधे-अधूरे स्लुइस गेट का जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण का कार्य जल संसाधन विभाग को सौंपा जाएगा। बेतुकांदी बांध पर इस कार्य के लिए 59 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा माहिशाबिल को संरक्षित क्षेत्र के रूप में चिह्नित करने के लिए अप्रैल में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलचर रामनगर से तारापुर रेलवे फाटक होते हुए ट्रंक रोड तक 4.10 किमी लंबा फ्लाईओवर बनाया जाएगा। प्रस्तावित 4-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण के लिए इंडिया क्लब भवन को ध्वस्त करने की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में स्थानीय लोगों की राय को महत्व दिया जाएगा। बराक नदी के किनारे शिबबाड़ी क्षेत्र को जलमग्न करने के लिए सिलचर-कलैन मार्ग पर 100 मीटर पर एक और फ्लाईओवर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है। कैपिटल प्वाइंट से रंगिरखारी तक दो लेन का फ्लाईओवर बनाया जा सकता है लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। इसलिए दो मंजिला फ्लाईओवर बनाने पर विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों -शेष पृष्ठ दो पर

### डोलू चाय बागान के हितग्राहियों को आर्थिक सहायता दी


## सीएम ने किया सिलचर में सड़क चौड़ीकरण व भारी सुरक्षा दीवार का शिलान्यास



**कछार ( हि.स. )।** कछार जिला के डोलू चाय बागान के चाय श्रमिकों के परिवारों के प्रति सद्भावना के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को डोलू टी एस्टेट में आयोजित एक समारोह में 1,296 परिवारों में से प्रत्येक को एक-एक लाख रुपए के चेक वितरित किए। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि चाय बागान क्षेत्रों से संबंधित लोगों का कल्याण उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार चाय बागान क्षेत्रों के लोगों के सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए काम कर रही है। चेक सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार डोलू टी एस्टेट से संबंधित कैजुअल कर्मचारियों में से प्रत्येक को 1 लाख रुपए की वित्तीय सहायता भी देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार डोलू टी एस्टेट के छात्रों के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए डोलू टी एस्टेट के स्कूल में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की पदस्थापना करेगी। इसके अलावा, डोलू टी एस्टेट में गरीब परिवारों को ओरुणोदय योजना के लाभार्थियों की सूची में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार शामिल होने के बाद, प्रत्येक परिवार को 1250 रुपए प्रति माह की मासिक वित्तीय सहायता का हकदार होगा। उन्होंने डोलू टी एस्टेट के चाय बागान परिवारों से कहा कि वे इस राशि का उपयोग अपने बच्चों की शिक्षा के लिए करें। उन्होंने कहा कि चूंकि मानव संसाधन विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है, डोलू टी एस्टेट के चाय बागान परिवारों को अपने -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## पेट से निकले 187 सिक्के



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के रायचूर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां अस्पताल में एक शख्स के पेट से 187 सिक्के निकाले गए हैं। उसे पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद वह अस्पताल पहुंचा था। डॉक्टर ने अलग-अलग टेस्ट और एंडोस्कोपी की। जिससे पता चला कि व्यक्ति के पेट में बहुत सारे सिक्के हैं। इसके बाद ऑपरेशन किया गया था तो एक, दो और पांच रुपए के अलग-अलग 187 सिक्के निकाले गए। जिनकी कुल कीमत 462 रुपए है। डॉक्टरों के मुताबिक व्यक्ति को सिजोफ्रेनिया नाम की बीमारी है। जानकारी के मुताबिक, जिले के लिंगसुगुर शहर के रहने वाले दयमप्पा हरिजन (58 वर्षीय) को शनिवार को पेट दर्द होने की शिकायत की। इसके बाद उसका बेटा रवि कुमार उसे नजदीकी मेकिकल कॉलेज-हॉस्पिटल ले गया। -शेष पृष्ठ दो पर

## सीमा पर हुई छह लोगों की मौत पर एनएचआरसी ने लिया संज्ञान



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** असम-मेघालय सीमा पर हुई हिंसा में छह लोगों की मौत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग(एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को आयोग ने इस मामले में केंद्रीय गृह सचिव और असम के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सुझाव देने को कहा है। आयोग ने इसके लिए दो हफ्तों का समय निर्धारित किया है। इससे पहले मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने अंतरराज्यीय सीमा पर असम के अधिकारियों की गोलीबारी में लोगों की मौत को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इस मांग पत्र को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केंद्रीय गृह सचिव और असम के मुख्य सचिव को सौंप दिया है ताकि इस सीमा विवाद पर कोई हल निकाला जा सकें। उल्लेखनीय है कि 22 नवंबर को सुबह कथित तौर पर -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात विस चुनाव के पहले चरण का प्रचार थमा




**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 1 दिसंबर को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया है। पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान होगा, इसके लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस दौरान मोरबी, कच्छ, राजकोट, पोरबंदर और जूनागढ़ जैसी सीटों पर वोटिंग होगी। 19 जिलों में होने वाली वोटिंग में 2 करोड़ से ज्यादा वोटर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे। पहले चरण में भाजपा और कांग्रेस सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी ने 88 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा है। बहुजन -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*वन की अग्नि चंदन की लकड़ी को भी जला देती है, अर्थात दुष्ट व्यक्ति किसी का भी अहित कर सकते हैं।*

– **आचार्य चाणक्य**

## अध्यात्म के बिना धर्म संभव नहीं : भागवत



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि समाज को जगाने वाले सभी महापुरुषों ने अध्यात्म को आधार बनाया है और इसके बिना धर्म संभव नहीं है। संगम नगरी के अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के आश्रम में आयोजित आराधना महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भागवत ने कहा कि आप संत, महात्मा, सन्यासियों को देखें या सामाजिक जीवन में काम करने वाले महापुरुषों- रवींद्रनाथ टैगोर, गांधी जी या अंबेडकर को देखें। वह (अंबेडकर) भी कहते थे कि बिना धर्म के कुछ नहीं होगा। संघ प्रमुख ने कहा कि धर्म का अर्थ है सबको साथ लेकर चलना, सबको साथ चलाना, सबको उन्नत करना। जहां धर्म नहीं है वहां लोग यह मानते हैं कि जो बलवान है वह -शेष पृष्ठ दो पर

## जी-20 : भारत देगा बढ़ती महंगाई को थामने का फार्मूला




**नई दिल्ली।** भारत एक दिसंबर, 2022 से दुनिया के आर्थिक इंजन समझे जाने वाले शीर्षस्थ 20 देशों के संगठन जी-20 का आधिकारिक तौर पर अध्यक्ष बन जाएगा। दिसंबर, 2022 से सितंबर, 2023 के बीच भारत के 50 शहरों में जी-20 के तहत तकरीबन 200 बैठकों का आयोजन होगा। भारत की कोशिश होगी कि अभी दुनिया के समक्ष जो अहम आर्थिक चुनौतियां हैं उनका व्यापक समाधान निकालने को लेकर सभी देशों के बीच एक सहमति बने। पूरी दुनिया में जिस तरह से महंगाई की समस्या बढ़ती जा रही है और छोटे-बड़े सभी देशों के समक्ष मंदी की मार पड़ने का खतरा पैदा हुआ है, उसे दूर करने को लेकर एक वैश्विक रणनीति सामने आए। इसके साथ ही भारत की एक अहम कोशिश यह होगी कि आजादी के 75 वर्षों में उसने जो प्रगति हासिल की है उसको बेहतर तरीके से दुनिया के सामने रखा जाए। जी-20 की तैयारियों से जुड़ी जानकारी देते हुए सरकार के उच्चपदस्थ अधिकारियों ने कहा कि भारत ने हाल के वर्षों में कई ऐसी उपलब्धि हासिल की है जिसे विकासशील व गरीब देशों को साझा किया जा सकता है। जैसे डिजिटल लेनदेन के मामले में या रिन्यूवेबल इनर्जी के मामले में। जी-20 की बैठक में भारत अपने अनुभव को दूसरे देशों से साझा करेगा ताकि दूसरे देश इसका लाभ उठा सके। कोविड महामारी और उसके बाद यूक्रेन-रूस युद्ध से संयुक्त राष्ट्र की तरफ से समाजिक व आर्थिक विकास से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की बात हाशिये पर चली गई है। भारत इस बैठक के जरिए कोशिश करेगा कि फिर से इस पर बात हो और आगे किस तरह से बढ़ा जाए, इसको लेकर एक रास्ता सामने आए। यूक्रेन युद्ध ने खाद्य, उर्वरक -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## एम्स सर्वर को लेकर गृह मंत्रालय में हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स (एम्स) सर्वर डाउन को लेकर गृह मंत्रालय में हाईलेवल मीटिंग चल रही है। इस बैठक में आईबी (आईबी), एनआईए, और एनआईसी के बड़े अधिकारी मौजूद हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एनआईए दिल्ली एम्स की जांच करने वाली है। आतंकी हमले की तरह ही एनआईए दिल्ली एम्स सर्वर की जांच करेगी। बीते कई दिनों से डाउन एम्स का सर्वर डाउन चल रहा है। -शेष पृष्ठ दो पर

## मंदिर में ड्रग्स के नशे में धुत्त मिले सभी पुजारी



**बैंकॉक।** थाईलैंड में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई हैं। स्थानीय एक पुलिस अधिकारी ने यहां के बड़े बौद्ध मंदिर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार इस बौद्ध मंदिर में ड्रग्स की छापेमारी के दौरान मुख्य पुजारी समेत सभी पुजारी नशे में धुत्त मिले। घटना के बाद उन्हें मंदिर में सेवा पद से हटा दिया गया है साथ ही सभी को सुधार गृह भेज दिया गया है। इस घटना के बाद इलाके में बवाल मच गया है। -शेष पृष्ठ दो पर

## म्यामांर पर इंडोनेशियाई मंत्री से जयशंकर की बात



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत आए इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी और सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री डॉ मोहम्मद महफुद एमडी से भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच, जी-20, द्विपक्षीय सहयोग और म्यांमार की स्थिति सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट करके इस मुलाकात की जानकारी दी है। विदेश मंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा कि इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी और सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री डॉ मोहम्मद महफुद एमडी से मिलकर खुशी हुई। इस दौरान जी-20 फॉलो-अप, द्विपक्षीय सहयोग और म्यांमार की स्थिति पर चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर इंडोनेशिया के शीर्ष मंत्री मोहम्मद महफुद एमडी दिल्ली आए हैं। उनके साथ दिल्ली दौरे पर इंडोनेशियाई उलेमाओं का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। दौरे के दौरान इंडोनेशिया के उलेमा अपने भारतीय समकक्षों के साथ वार्ता -शेष पृष्ठ दो पर

## सात करोड़ गुजरातियों पर 4.5 लाख करोड़ का कर्ज : खड़गे

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में गुजरात के लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ा है। खड़गे ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि गुजरात के सात करोड़ लोगों पर भाजपा ने 4.5 करोड़ का कर्ज लाद दिया है। इस लिए भाजपा को इधर-उधर की बात न करने के बजाय गुजरात के बुनियादी मुद्दों पर बात करनी चाहिए। खड़गे ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि क्यों गुजरात का -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्टेशन हब के रूप में अपग्रेड होगा न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन

**गुवाहाटी ( विभास )।** रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए रेल मंत्रालय ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के अंतर्गत भारतीय रेल के स्टेशनों का अपग्रेडेशन/आधुनिकीकरण योजना तैयार किया है। चिन्हित 204 स्टेशनों में से, पूसी रेल के अधीन न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन को भी बेहतर, अतिरिक्त और बढ़ी हुई यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में अपग्रेड करने के लिए चयन किया गया है। अपग्रेडेशन कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। यूटीएस सह पीआरएस काउंटर और एमसीओ कार्यालय को स्थानांतरित किया जा रहा है। मौजूदा पार्किंग क्षेत्र को भी नए स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। पार्सल और आरएमएस कार्यालयों को भी नए स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। मुख्य स्टेशन भवन में फ्रंट रिटेल क्षेत्रों और कार्यालयों आदि सहित पुरानी संरचनाओं को भी ध्वस्त किया जाएगा, ताकि योजनानुसार सिविल निर्माण कार्य शुरू करने के लिए साइट तैयार हो सके। एक ही समय में हवाई अड्डे जैसा अनुभव और आराम प्रदान करने के लिए स्टेशन को बड़े कवर्ड पार्किंग क्षेत्र, 24इंटू7 पावर बैकअप, पीने के पानी, वातानुकूलित लॉबी, कार्यालयों, दुकानों, हाई स्पीड एस्केलेटर, लिफ्ट, एयर कॉनकोर्स, होटल आदि जैसी अति-आधुनिक सुविधाओं के लिए डिजाइन किया जा रहा है। स्टेशन में 72 मीटर लंबा और 82 मीटर चौड़ा सेंट्रल एयर स्पेस कॉनकोर्स होगा। यह किसी भी दुर्घटना या भीड़भाड़ से बचने के लिए प्लेटफार्मों पर न्यूनतम भीड़भाड़ और लोडिंग सुनिश्चित करेगा। आगमन और प्रस्थान करने वाले यात्रियों के बीच पूरी तरह से अलग व्यवस्था होगी। योजनाबद्ध स्टेशन उपयोगकर्ता का आवागमन और अतिरिक्त नए फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से यात्रियों का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा। 9 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर प्रस्तावित प्रस्थान लॉबी तक पहुंचने के लिए मौजूदा जमीनी स्तर के लिए एक एलिवेटेड रोड प्रस्तावित किया गया है। साथ ही, जमीनी स्तर पर प्रस्तावित आगमन लॉबी तक पहुंचने के लिए एक सड़क प्रस्तावित की गई है। स्टेशन उपयोगकर्ताओं के लिए स्टेशन में पिक अप और ड्रॉप ऑफ पार्किंग की सुविधा होगी। कार, दोपहिया वाहन, रिक्शा, टैक्सी और बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। अलग से ग्रीन पोडियम होगा। स्टेशन का अपग्रेडेशन कार्य पूरा होने के बाद, स्टेशन वर्तमान में 36 हजार प्रति दिन से 70 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए तैयार होगा। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के सम्पूर्ण अपग्रेडिंग कार्य की अनुमानित लागत करीब 334.72 करोड़ रुपए होगी। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पूसी रेल के सबसे बड़े और सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक है, जो सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में कार्य करता है। न्यू जलपाईगुड़ी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भारत की मुख्य भूमि से जुड़ने वाले आधार के रूप में कार्य करता है। न्यू जलपाईगुड़ी उत्तर बंगाल के सबसे बड़े शहर (सिलीगुड़ी) का रेलवे स्टेशन है, जिसे लोकप्रिय रूप से पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के अपग्रेडेशन से उत्तर बंगाल के साथ-साथ सिक्किम में यात्रा, पर्यटन आदि सहित स्थानीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

# कार में तेल भरा कर भाग रहे तीन व्यक्ति गिरफ्तार



**रि-भोई ( हि.स. )।** रि-भोई जिला के खानापारा थाना क्षेत्र के दस माइल इलाके में स्थित एचपी पेट्रोल पंप से एक कार में एक महिला समेत तीन लोगों द्वारा पेट्रोल भरा कर भागने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार देर शाम एक महिला और दो पुरुष कार लेकर पेट्रोल पंप में पहुंचे। कार (एएस-01एजे-1610) की टंकी फुल करने को कहा। पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने जैसे ही टंकी को फुल कर दिया कार चालक समेत तीनों लोग कार लेकर मौके से फरार हो गए। बाद में पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने कार का पीछा किया और नौ माइल इलाके में पकड़कर पेट्रोल पंप तक ले आई। इस घटना की जानकारी खानापाड़ा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची खानापारा पुलिस ने 3,800 रुपए का पेट्रोल भराकर भागने के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पेट्रोल पंप प्रबंधक द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने बताया कि इस तरह की पहले भी तीन घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पहले तीनों को नहीं पकड़ा जा सका।

## मोरान में ताई आहोम युवा परिषद के केंद्रीय चुकाफा दिवस की तैयारी

**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** ताई आहोम युवा परिषद, असम की केंद्रीय समिति के आह्वान पर मोरान उपमंडल समिति और मोरान क्षेत्रीय समिति की पहल पर आगामी 1 और 2 दिसंबर को मोरान में 8वां वार्षिक केंद्रीय चुकाफा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मोरान के तिलईनगर ग्रामीण बाजार के प्रांगण में आयोजित चुकाफा दिवस की तैयारियां, उत्सव समिति ने लगभग पूरी कर ली हैं। दो दिनों के मुख्य कार्यक्रम में स्वर्गीय भीमकांत बुढ़ागोहाई और मौसम गोगोई की स्मृति में देहश्री प्रतियोगिता, संगोष्ठी, सांस्कृतिक जुलूस, चुकाफा बोर असम समन्वय पुरस्कार समारोह शामिल हैं। चुकाफा दिवस के अवसर पर 30 नवंबर से तीन दिवसीय आदिवासी व्यापार मेला और खाद्य मेला भी आयोजित किया जा रहा है। उत्सव समिति की तरफ से दोनों दिन रात में असम के कई लोकप्रिय गायकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है।

# ऑल-न्यू ग्रैंड चेरोकी का किया अनावरण



**गुवाहाटी।** अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना तथा असमिया फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री मेघरंजनी मेधी ने आज नगर के आरजी बरुवा रोड के सुंदरपुर स्थित महेश मोटर्स प्रा.लि. में ऑल-न्यू ग्रैंड चेरोकी का अनावरण किया। इस मौके पर महेश मोटर्स प्रा. लिमिटेड के निदेशक मोहित अग्रवाल, यमन अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान अभिनेत्री मेघरंजनी मेधी ने कहा कि जीप की नई ग्रैंड चेरोकी में सभी नवीनतम विशेषताएं और साथ ही स्टाइलिश लुक है। मुझे पूरा विश्वास है कि असम के लोग इस नई ग्रैंड चेरोकी को खरीदना पसंद करेंगे। इस अवसर पर निदेशक मोहित अग्रवाल ने कहा कि 3 दशक पहले जब जीप ब्रांड ने डेट्रायट में एक ऑटो शो में शीशे की खिड़की से ड्राइव करते हुए एसयूवी को लांच किया गया था, उस सुनहरे पल की पुन: याद ताजा करते हुए ऑल-न्यू ग्रैंड चेरोकी को पेश किया। उन्होंने कहा कि ऑल-न्यू ग्रैंड चेरोकी अपडेटेड तकनीक और कनेक्टिविटी सुविधाओं से लैस है। नई जीप एसयूवी 33 कनेक्टेड फीचर्स की पेशकश करेगी और सेगमेंट में पहली 10.25 इंच (26 सेमी) यात्री स्क्रीन प्रामाणिक जीप डीएनए के लिए है। क्वाड्रा-ट्रैक 4द्व4 सिस्टम और सेलेक-टेरेन'/ 110 से अधिक ऑन रोड और ऑफ-रोड क्षमता प्रदान करता है। एक्टिव ड्राइविंग असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस), 8 एयरबैग, 360 डिग्री सराउंड व्यू, ड्रूजी ड्राइवर डिटेक्शन, 3 पॉइंट सीटबेल्ट और सभी 5 यात्रियों के लिए 2 एल टर्बो पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित 8 स्पीड के साथ ऑक्यूपेंट डिटेक्शन सहित उन्नत सुरक्षा और सुरक्षा सुविधाएँ ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन 272 एचपी और 400 एनएम का टार्क डिलीवर करता है। ऑल-न्यू ग्रैंड चेरोकी नए वर्चुअल बॉल-जॉइंट फ्रंट और मल्टी-लिंक रियर सस्पेंशन के लिए बेहतर सवारी और हैंडलिंग प्रदान करता है। भारत में उपलब्ध नई जीप ग्रैंड चेरोकी के 4 अलग-अलग रंगों में उपलब्ध हैं। इनमें रॉकी माउंटेन, डायमंड ब्लैक क्रिस्टल, वेलवेट रेड और ब्राइट व्हाइट शामिल हैं, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 77.50 लाख रुपयों में ग्रैंड चेरोकी जीप डीलरशिप महेश मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड पर उपलब्ध है।

## 24 मवेशी समेत चार तस्कर गिरफ्तार

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के धूपधारा अठियाबाड़ी इलाके से धूपधारा पुलिस ने 24 मवेशियों को जब्त किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि असम-मेघालय सीमावर्ती इलाके के अठियाबाड़ी इलाके से अवैध तरीके से मेघालय की ओर ले जा रहे 24 पशुओं को जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया है कि सभी पशुओं को धूपधारा की ओर से मेघालय की ओर पैदल लेकर तस्कर जा रहे थे। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान धूपधारा पुलिस थाना प्रभारी उत्पल चंद के नेतृत्व में चलाया गया था। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि राज्य में सख्त पशु कानून लागू होने के बावजूद भी पशुओं की तस्करी जारी है।

**IDENTIFY AND RELOCATE**



Reference Panbazar PS MMR No. 494/2022, dtd-11/10/2022 and Memo No. DCP(Central)/Missing/2022/3188, dtd:13/10/2022, received from DCP(Central), Police Commissionarate, Ghty, Assam, stating that one girl Miss Puspa Kumari, age- 20 years, D/O- Biraj Kumar Sahani, Kamalalaya Building, Sukleswar Building, PS-Panbazar, Dist- Kamrup (M), Assam, who was reportedly missing from Panbazar on 10/10/2022 at night.

Any information of the above missing girl may be provided to the following telephone numbers :

1. CID office Control Room Guwahati, Assam = 0361-2529782
2. Office of the DCP(Central), Guwahati, Assam = 60269-00541

Superintendent of Police, CID, Assam, (Crime Against Women & Children), Ulubari, Guwahati.

-- Janasanyog /D/17093/ 22

# पृष्ठ एक का शेष

## तीन फ्लाईओवर, जीसी...

से समृद्ध शहर के सबसे व्यस्त हिस्से में सड़कों को चार लेन का बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण में कठिनाइयां हो सकती हैं। सिलचर में मिनी सचिवालय के विकास के लिए 135 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। डिमा हसाउ जिला के माहूर से लैजोंग होते हुए कछार के राजाबाजार तक कुल 130 किमी. सड़क निर्माण परियोजना शुरू की गई है। करीमगंज जल आपूर्ति परियोजना के निर्माण के लिए 55 करोड़ रुपए, हैलाकांदी जल आपूर्ति परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपए, बदरपुर जल आपूर्ति परियोजना के लिए 24 करोड़ रुपए और हैलाकांदी जल आपूर्ति परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। लखीपुर में 100 बेड का अस्पताल स्वीकृत किया गया है। कछार के धलाई और लखीपुर के बिन्नाकांदी में दो नए मॉडल डिग्री कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। दुग्ध प्रसंस्करण इकाई के निर्माण के लिए 81 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। सिलचर में जिला खेल संघ मैदान के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। हैलाकांदी और करीमगंज में पांच-पांच करोड़ रुपए की लागत से दो खेल स्टेडियम बनाए जाएंगे। बराक वैली इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए 15 करोड़ रुपए के अनुदान की घोषणा की गई है। असम विश्वविद्यालय के लिए 15 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 200 बेड के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के निर्माण के लिए 227 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। करीमगंज जिला के राताबाड़ी में एक मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए 650 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। पथारकांदी में कृषि महाविद्यालय के निर्माण के लिए 180 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। सिलचर जिला अस्पताल के जीर्णोद्धार के लिए 146 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। सिलचर में कछार हाई स्कूल, नरसिंग हाई स्कूल और उधारबंद में डीएन हाई स्कूल को नए भवनों के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। रंगिरखारी में रंगिरखाल के कार्य को 10 किमी और बढ़ाकर बंगलाघाट तक के कार्य के लिए 200 करोड़ का अनुमानित बजट निर्धारित किया गया है। हैलाकांदी जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु देखभाल इकाई की स्थापना के लिए 23 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। सिलचर सेंट्रल जेल को लखीपुर में 100 बीघा भूमि में स्थानांतरित किया जाएगा और सिलचर की वर्तमान जेल में 20 बीघा भूमि पर बॉटनिकल गार्डेन पार्क बनाया जाएगा। 4 मीट्रिक टन प्रति घंटे की न्यूनतम क्षमता के साथ चावल मिल बनाने के इच्छुक उद्यमियों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। डोलू में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सभी संबंधित प्राधिकरणों से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। हैलाकांदी में नए सर्किट हाउस को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने लाचित दिवस के आयोजन में सक्रिय भागीदारी के लिए बराक घाटी के लोगों का आभार व्यक्त किया।

## सीएम ने किया सिलचर...

बच्चों को शिक्षित करना चाहिए और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए चाय समुदाय के छात्रों के लिए निर्धारित कोटा का अच्छा उपयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य भर के चाय बागान क्षेत्रों में मुफ्त बिजली देने की योजना पर काम कर रही है। डॉ. शर्मा ने कहा कि हवाई अड्डे किसी क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि के अग्रदूत होते हैं। इसलिए, डोलू में प्रस्तावित हवाई अड्डा बराक घाटी क्षेत्र के अभूतपूर्व आर्थिक विकास की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि चूंकि कुंभीरग्राम में मौजूदा हवाई अड्डा एक रक्षा हवाई अड्डा है, इसलिए हवाई यातायात की बढ़ती मांगों के लिए हवाई अड्डे का विस्तार संभव नहीं है। इसलिए, डोलू में प्रस्तावित नया हवाई अड्डा ग्राहकों की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के अलावा लोगों की आर्थिक वृद्धि को सम-द्ध करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने इससे पहले सिलचर शहर के रंगीरखाल क्षेत्रों के दोनों किनारों पर सड़क चौड़ीकरण और भारी सुरक्षा दीवार वाली एक परियोजना की आधारशिला रखी। परियोजना को सीआईडीएफ के तहत 4,206 लाख रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ निष्पादित किया जाएगा और परियोजना की लंबाई लगभग 3.72 किमी होगी। प्रस्तावित अधोसंरचना कार्य कनकपुर बाजार से शुरू होकर श्यामानंद आश्रम, नेताजी स्कूल होते हुए सनतिल अस्पताल के समीप समाप्त होगा। एक बार परियोजना पूरी हो जाने के बाद यह मिट्टी के कटाव को कम करेगा और चैनल की जल वहन क्षमता को बढ़ाएगा जिससे शहरी बाढ़ को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। परिवहन मंत्री परिमल शुक्लबैद्य, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री अशोक सिंघल, वित्त मंत्री अजंता नेउग, मंत्री जल संसाधन पीयूष हजारिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री जयंत मल्ल बरुवा, ऊर्जा मंत्री नंदिता गार्लोसा, सांसद डॉ. राजदीप राय, विधायक दिपायन चक्रवर्ती एवं कौशिक राय तथा मेजबान अन्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

## पेट से निकले ...

यहां डॉक्टरों ने लक्षणों के आधार पर एक्सरे और एंडोस्कोपी की। उसके एब्डोमिनल स्कैन से पता चला कि उसके पेट में 1.2 किलोग्राम सिक्के हैं। इसके बाद उसका ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि व्यक्ति सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है और उसे सिक्के निगलने की आदत है। सिजोप्रेनिया के मरीज असामान्य रूप से सोचते हैं और आसामान्य महसूस करते हैं। इसलिए असामान्य व्यवहार करते हैं। मरीज ने कुल 187 सिक्के निगले थे। इसमें पांच रुपए के 56 सिक्के, दो रुपए के 51 सिक्के और एक रुपए के 80 सिक्के थे। दयमप्पा के बेटे के मुताबिक, पापा मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे लेकिन रोजमर्रा के काम भी करते रहे। उन्होंने कभी घर में इस बारे में नहीं बताया कि उन्होंने सिक्के निगले हैं। अचानक जब उन्हें पेट में दर्द हुआ तो हमें बताया। लेकिन तब भी पता नहीं चला कि उन्होंने सिक्के निगले हैं। हमें एब्डोमिनल स्कैन में पता चला कि उन्होंने 1.2 किलोग्राम सिक्के निगले हैं। उनका इलाज करने वाले सर्जन ईश्वर कुलबर्गी ने बताया कि यह एक चुनौती भरा केस था। ऑपरेशन करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मरीज का पेट गुब्बारे जैसा हो गया था। पेट में हर जगह सिक्के थे। ऑपरेशन थिएटर में हमने सीआर के जरिए सिक्कों को ढूंढा। मैंने देखा कि सिक्के कहां-कहां हैं। फिर सिक्कों को निकाला गया। इस प्रक्रिया में तीन डॉक्टर जुटे रहे।

## सीमा पर हुई छह...

अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को असम के वनकर्मियों द्वारा रोका गया जिसके बाद असम-मेघालय सीमा पर मुकरोह गांव में भड़की हिंसा में एक वनकर्मी सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। इनमें मेघालय के पांच नागरिक और असम वन सुरक्षा बल के कर्मचारी बिद्यासिंह लख्ते शामिल हैं।

## गुजरात विस चुनाव...

समाजवादी पार्टी ने भी 57 प्रत्याशियों टिकट दिया है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने सिर्फ 6 कैंडिडेट मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन जिलों में चार जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भावनगर ने रोड शो किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मांडवी और गांधीधाम में प्रचार किया। इन क्षेत्रों में भाजपा ने बीते 20 दिन में 160 से ज्यादा जनसभाएं, रैली और रोड शो किए हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में एक और पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। 182 सीटों के लिए हो रहे इस चुनाव में 1 दिसंबर को 89 सीटों पर और 5 दिसंबर को 93 सीटों पर वोटिंग होगी। नतीजे 8 दिसंबर को यानी हिमाचल विधानसभा चुनाव के साथ ही आएंगे। राज्य में इस बार 4.6 लाख लोग पहली बार वोट करेंगे। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को खत्म हो रहा है। अभी भाजपा की ओर से भूपेंद्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.आर.पाटिल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि राज्य में कोई बदलाव नहीं होगा। भाजपा के अलावा कांग्रेस और आप भी मैदान में हैं। हालांकि दोनों पार्टियों ने अब तक सीएम कैंडिडेट की घोषणा नहीं की है। बात कांग्रेस की करें तो पार्टी में भरत सोलंकी, अर्जुन मोढवाडिया, शक्तिसिंह गोहिल सीएम पद के लिए रेस में सबसे आगे हैं। आप में अभी तक गोपाल इटालिया ओर इशुदान गढवी सीएम के दावेदार हैं।

## अध्यात्म के बिना ...

आगे जाएगा और जो दुर्बल है वो मरेंगे ही। धर्म कहता है कि जो बलवान है उसे दुर्बलों की रक्षा करनी चाहिए। धर्म निकलता है अध्यात्म से। उन्होंने कहा कि हमारे व्यक्तिगत जीवन, हमारे पारिवारिक जीवन और हमारे राष्ट्रीय सामाजिक जीवन को शुद्ध बनाने वाला अध्यात्म ही है। संघ प्रमुख ने कहा कि यदि लोगों को मार्गदर्शन नहीं मिलता तो वे भटकते ही हैं। अपने राष्ट्र का सौभाग्य है कि अपने आचरण से लोगों का मार्गदर्शन करने वाले महापुरुषों की परंपरा अखंड रूप से चलती आई है। ब्रह्मलीन स्वामी शांतानंद सरस्वती उसी परंपरा से थे। भागवत ने कहा कि जीवन को मनुष्य जीवन बनाने के लिए व्यक्ति को आध्यात्मिक होना पड़ेगा। भौतिक और आध्यात्मिक जीवन को अलग अलग करके देखने की वृत्ति, हमारी वृत्ति नहीं है क्योंकि हम एकात्म और समग्र दृष्टि से सारी बातों को देखते हैं। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य रहे ब्रह्मलीन ब्रह्मानंद सरस्वती की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित आराधना महोत्सव आठ दिसंबर, 2022 तक चलेगा जिसमें श्रीनाथ पीठाधीश्वर स्वामी आचार्य जितेंद्र नाथ जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी, स्वामी आचार्य जितेंद्र नाथ जी महाराज और कई साधु संत शामिल हुए।

## जी-20 : भारत देगा ...

और इंधन की आपूर्ति को काफी प्रभावित किया है। बाली शिखर बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने यह मुद्दा उठाया था। भारत बतौर अध्यक्ष इस समस्या के समाधान पर काम करेगा। पहली बार 50 शहरों में जी-20 बैठक का आयोजनअधिकारियों ने बताया कि पूर्व के जी-20 बैठकों के मुकाबले भारत में होने वाला आयोजन बहुत ही अलग होगा। सबसे अहम बात तो यह है कि पहली बार 50 शहरों में इनका आयोजन होगा। इसके पहले चीन में जब जी-20 का आयोजन हुआ था कि तब 14 शहरों में और इंडोनेशिया में 25 शहरों में आयोजन किया गया था। इस बारे में पूछे जाने वाले जी-20 बैठक के प्रमुख समन्वयक हर्ष श्रृंगला ने बताया कि हमारी कोशिश है कि भारत का ब्रांड नाम और मजबूती से स्थापित हो और वैश्विक पर्यटन के मानचित्र पर भारत का आकर्षण बढ़े। यही वजह है कि आयोजन स्थलों के चुनाव से लेकर आमंत्रित मेहमानों को दिए जाने वाले भेंट व उपहारों तक पर भारत की सभ्यता व संस्कृति की विशेष छाप दिखाई देगा। दो सौ आयोजनों के अलावा भी कई तरह के सहायक आयोजन होंगे। जी-20 बैठकों को भारत के प्रमुख पर्व-त्योहारों से जोड़ा गया है। पोंगल, मकर-संक्राति, महाशिवरात्रि जैसे पर्वों से वैश्विक समुदाय को परिचित कराने का काम भी इन आयोजनों के जरिए होगा ताकि देश के अलग-अलग हिस्सों की परंपरा को सामने लाया जा सके। भारत में आयोजनों का सिलसिला एक दिसंबर, 2022 से ही शुरु हो जाएगा।

## मंदिर में ड्रग्स के ...

थाईलैंड में जिला पुलिस अधिकारी बूनलर्ट थिंटापथाई ने बताया कि फतेचबुन प्रांत के बुंग सैम फान जिले के एक मंदिर में मठाधीश यानी मुख्य पुजारी समेत सहित चार भिक्षुओं (पुजारी) का ड्रग्स (मेथमफेटामाइन) के लिए टेस्ट किया गया था जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अधिकारी ने कहा कि सभी को तत्काल प्रभाव से मंदिर से हटा दिया गया है साथ ही उन्हें ड्रग रिहैबिलिटेशन के लिए एक स्वास्थ्य क्लिनिक भेजा गया है। पुलिस के ऐक्शन से ग्रामीणों में चिंता जताते हुए कहा कि मंदिर अब भिक्षुओं से खाली है और वे अब पुण्य अर्जित नहीं कर पाएंगे। दरअसल, ग्रामीणों में ऐसी मान्यता है कि पुण्य कमाने या अच्छे कर्म के लिए भिक्षुओं को भोजन दान करना आवश्यक है। बूनलर्ट ने कहा कि ग्रामीणों को अपने धार्मिक दायित्वों का पालन करने की अनुमति देने के लिए अन्य भिक्षुओं को मंदिर में भेजा जाएगा।

## म्यामांर पर इंडोनेशियाई ...

करेंगे। इससे पहले, राजधानी दिल्ली में इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के कार्यक्रम में इंडोनेशियाई मंत्री मोहम्मद महफुद एमडी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि धर्म को शांति का स्त्रोत होना चाहिए ना कि कलह और संघर्ष या हिंसा का कारण। भारत और इंडोनेशिया में आपसी शांति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में उलेमा की भूमिका पर बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कई बार हमने ऐसे लोगों को देखा है जो अपने धर्म को पूर्ण सत्य के सिद्धांत के रूप में उपयोग करते हैं और आसानी से दूसरों को दोष देते हैं। हमें इससे बाहर जाना होगा और सुधार करना होगा। वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने इस चर्चा में बोलते हुए भारत व इंडोनेशिया के बीच पारस्परिक शांति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में उलेमा की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों देश (भारत और इंडोनेशिया) आतंकवाद और अलगाववाद के शिकार रहे हैं। हालांकि, हमने चुनौतियों पर काफी हद तक काबू पा लिया है, लेकिन सीमापार आतंकवाद और आईएसआईएस प्रयोजित आतंकवाद आज भी एक खतरा बना हुआ है। भारत और इंडोनिशिया के बीच संबंध पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों की बेहतरी के लिए हमारे आर्थिक और रक्षा संबंध भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। इस कारण भारत और इंडोनेशिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र में फल-फूल रहे लोकतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपने-अपने इतिहास, विविधता और साझा परंपराओं के साथ एशिया में शांति, क्षेत्रीय सहयोग और समृद्धि की संभावनाओं को बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। गौरतलब है कि एनएसए डोभाल ने इस साल मार्च में दूसरी भारत-इंडोनेशिया सुरक्षा वार्ता के लिए इंडोनेशिया का दौरा किया था। एनएसए ने तब मंत्री महफुद को भारत आने का न्योता दिया था। वहीं, आज मालदीव को 100 मिलियन अमरीकी डालर की वित्तीय सहायता दी गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर इस हैंडओवर कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उन्होंने इसकी जानकारी ट्वीट करके दी है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि मालदीव सरकार को 100 मिलियन अमरीकी डालर की वित्तीय सहायता के हैंडओवर समारोह में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद और मालदीव के वित्त मंत्री इब्राहिम अमीर शामिल हुए।

## सात करोड़ गुजरातियों ...

हर वर्ग – युवा, किसान, महिला, छोटा व्यापारी, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग सब त्रस्त हैं? भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि उन्होंने गुजरात के विकास में बीते 27 वर्षों में क्या किया है? खड़गे ने कहा कि बीते दिनों भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) ने चेतावनी दी है कि गुजरात कर्ज के कुचक्र में फंस रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने गुजरात की जनता को आर्थिक बोझ और सामाजिक द्वेष क सिवा कुछ नहीं दिया है। अब परिवर्तन का वक्त आ गया है। गुजरात की जनता भाजपा को जवाब देने वाली है। इस बार वहां कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है।

## एम्स सर्वर को ...

हालांकि सर्वर डाउन की समस्या दूर करने के लगातार प्रयास हो रहे हैं, लेकिन अभी तक इंजीनियर इस समस्या को ठीक नहीं कर पाए हैं। वहीं, एम्स ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि एम्स के सर्वर में तकनीकी खामी है जिसे दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए इंजीनियर लगातार काम कर रहे हैं। नष्ट हुए डेटा को पुन: प्राप्त करने के प्रयास किया जा रहा हैं और सर्वर की सफाई की जा रही है। सर्वर को सुचारू रूप से काम करने में अभी कुछ दिन और लगेंगे। एम्स का कहना है कि अस्पताल में ओपीडी, रोगियों की भर्ती, छुट्टी, जांच परीक्षण और प्रयोगशाला तथा आपातकालीन सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया भौतिक रुप से संपन्न की जा रही है। दिल्ली एम्स में दैनिक कामकाज से संबंधित सर्वर पिछले छह दिन से डाउन है। इस कारण से ऑनलाइन कामकाज नहीं हो पा रहा है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **पंचम अध्याय**

**( आनन्द )**

**ऐसा सुख वह कवन है, दुख जामें नहिं लेश।**
**सदा निरन्तर उमड़ता, शान्ति तरंग न देश॥ 13॥**

**शब्दार्थ :** (उमड़ता) बढ़कर बहना (तरंग) लहर, हिलोरा (लेश) संबंध, गंध।

**भाष्य :** ऐसा आनंद वह कौन है? जिसमें दु:ख का लेश नहीं है। वह सदैव उमड़ता रहता है और शांति प्राप्त होती है, उसमें किसी प्रकार का उद्वेग एवं आशांति नहीं रहती। एकरस शांति परमानंदस्वरूप परब्रह्म में है।

**कवन आनन्द अपूर्व है, भोगे जगत उदास।**
**सम्मराट् पद तुच्छ है, आश न भोग विलाश॥। 14॥**

**शब्दार्थ :** (उदास) वैराग्य (तुच्छ) छोटा, अल्प।

**भाष्य :** कौन अपूर्व आनंद है, जिसका उपभोग संसार से वीतराग हो कर हौता है? भोग-विलास की जिसमें किसी प्रकार की आशा या कामना नहीं रहती। वही त्यागी पुरुष उस परमानंद महान सुख को प्राप्त करता है। इस आनंद के उपभोग के सामने सम्राट का पद हीन अर्थात छोटा है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**



# रैगिंग रोकने में विफल डीयू मामले की जांच करेगी पुलिस : सीएम



**कछार (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्वशर्मा ने मंगलवार को कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर में आयोजित कैबिनेट की बैठक में हिस्सा लेने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय रैगिंग रोकने में विफल रहा है। डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के अधिकारियों के खिलाफ जांच की जाएगी। पीएनजीबी छात्रावास के अधीक्षक के खिलाफ भी जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में रैगिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने रैगिंग को रोकने की उपेक्षा की है। मुख्यमंत्री ने रैगिंग को लेकर कैबिनेट की बैठक में असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस इस पूरे मामले की जांच करेगी। कैबिनेट ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैगिंग की घटना डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में %घोर प्रशासनिक विफलता% है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग घटना पर पर्दा डालना चाहते हैं, वे सभी जांच के दायरे में आएंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने पुलिस को घटना की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, %%रैगिंग के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। फरार आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। जांच में लापरवाही बरतने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**ग्वालपाड़ा (हि.स.)।** ग्वालपाड़ा जिला के रंगजुली थाना अंतर्गत पटियापारा में भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया है कि पटियापारा में एनएच-17 पर चार पहिया इको स्पोर्ट्स कार (एएस-01बीएच-6207) और केटीएम बाइक (एएस-01ईबी-6185) की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रंगजुली अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को बेहतर इलाज के लिए गुवाहाटी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान दुधनै सदरपारा निवासी धनमोनी नाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

# तीन करोड़ रुपए से अधिक कीमत का गांजा समेत 4 तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी (हि.स.)।** गुवाहाटी के गोरचुक पुलिस की टीम ने भारी मात्रा में मणिपुरी गांजा समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गुवाहाटी के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने पार्थसारथी महंत ने बताया कि असम पुलिस की खुफिया विभाग से मिली जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान त्रिपुरा से देश के अन्य राज्यों तक जा रहे कंटेनरनुमा ट्रक (एनएल-01एए-3038) से 500 किग्रा उच्च क्षमता वाले मणिपुरी गांजा बरामद किया गया है। बरामद गांजा को त्रिपुरा से अन्य हिस्सों तक भेजा जा रहा था। जिसे बड़े ही चतुराई से ड्राइवर के ऊपरी हिस्से में चेंबर बनाकर ले जाया जा रहा था। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 3 से 3.5 करोड़ रूपये के आसपास आंकी गई है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चारों तस्करों की पहचान मनीष कुमार (वैशाली, बिहार), दीनबंधु कुमार (सलेमपुर, बिहार), संजय कुमार (मधुबनी, बिहार और नवीन कुमार (मोतिहारी, बिहार) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चला रही है। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार चारों तस्करों से सघन पूछताछ कर रही है।

# बाबोसा भगवान का मंगसर मेला संपन्न



**गुवाहाटी (नसं)।** बाबोसा भक्त मंडल गुवाहाटी के तत्वावधान में बाबोसा भगवान का मंगसर पंचमी के शुभ अवसर पर सांगानेरिया धर्मशाला में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। उक्त भजन संध्या में संतोष शर्मा, मनोज पंडित, मनोज गौड़ ने बाबोसा के भजनों की शृंखला प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण टीवी शो इंडोनेशिया गाट टैलेंट, इंडियाज गॉट टैलेंट एवं डांस इंडिया डांस में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरने वाली गायत्री प्रजापति एवं धनराज शाह ने धार्मिक भजनों की अमृत वर्षा की। उल्लेखनीय है कि विभिन्न अवसरों पर बाबोसा भक्त मंडल इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। बाबोसा भगवान का विश्वविख्यात उत्सव आगामी 27 से 28 नवंबर को दिल्ली में परम आराधिका मंजू बाईसा के सानिध्य में होने वाला है। इस आयोजन को लेकर बाबोसा भक्त मंडल, बाबोसा महिला परिवार एवं बाबोसा कमांडो फोर्स के सदस्य तैयारियों में लगे हुए हैं। आज सांगानेरिया धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया एवं बाबोसा महाराज की दरबार और ज्योत के दर्शन किए। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें 15 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# लायंस अर्पण व लायसं केयर का मधुमेह व उच्च रक्तचाप जांच शिविर संपन्न

**गुवाहाटी (विभास)।** लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी अर्पण ने काहिलीपाड़ा स्थित चार नंबर असम पुलिस बटालियन कैंप में उच्च रक्तचाप व मधुमेह जांच शिविर लगाया। जिसमें 200 से अधिक पुलिस जवानों के अलावा अन्य लोगों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। इस कार्य में मारवाड़ी हॉस्पिटल के डॉक्टर व नर्स की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। लायंस क्लब गुवाहाटी अर्पण की अध्यक्ष मंजू चौधरी, पूर्व अध्यक्ष बंदना बगड़िया, नीलम चौधरी, गौरी अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजिका जयश्री झुनझुनवाला ने उपस्थित रहकर इस शिविर में अपना सक्रिय सहयोग दिया। शिविर में सभी पुलिस के जवानों को जूस और बिस्कुट वितरित किया गया। लायंस क्लब गुवाहाटी केयर की ओर से निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया। क्लब की ओर से अपने प्रथम चरण में अपोलो डाइनेस्टिक के सहयोग से क्रिश्चियन बस्ती स्थित सेंट्रल मॉल परिसर में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया। जहां पर करीब 98 लोगों का रक्त के नमूने संग्रह कर मधुमेह जांच की गई। ज्ञात रहे यह शिविर का आयोजन वन डिस्ट्रिक्ट-वन एक्टिविटी के तहत किया गया। जिसमें क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल के अलावा बीएल मंजू सर्राफ, नरेंद्र मधु लोढ़ा, नवीन रश्मि बंसल, ऋषभ-अंतिमा लोढ़ा, सुमन सूद, संदीप भगत, पिंकी गोयल, पूनम अग्रवाल, अभिषेक सोनी आदि सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। शिविर को सुचारू रूप से आयोजित करने में सेंट्रल मॉल के कर्मचारियों और प्रबंधक समूह का भरपूर सहयोग रहा।




# भक्तामर दीप शांति आराधना आध्यात्मिक पुस्तक का विमोचन



**गुवाहाटी (नसं)।** फैंसी बाजार एमएस रोड स्थित महावीर स्थल में आयोजित गणिका आर्यिका शिरोमणि गुरु मां विंध्यश्री माता की पिच्छिका परिवर्तन समारोह के दौरान गुरु मां के सानिध्य में भक्तामर दीप शांति आराधना नामक आध्यात्मिक पुस्तक का विमोचन गुरु मां के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर पुस्तक पुण्यार्जक अजमेरा परिवार के टीकम चंद जैन, नीरज, रितु, नितेश, मोनिका, जया, श्रेया, निहार, वैभव एवं प्रज्ञा जैन अजमेरा के अलावा नीतू विनोद पांड्या ने पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर गुरु मां विंध्यश्री ने अपने उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि जैन धर्म में भक्तामर स्तोत्र को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। यदि कहा जाए कि जो स्थान मंत्रों में णमोकार मंत्र का है, तीर्थों में तीर्थराज सम्मेद शिखर का है, अनुयोगो में प्रथमानुयोग का है ठीक वही स्थान प्रभु की भक्ति में भक्तामर स्तोत्र का है। भक्तामर स्तोत्र की महिमा का बखान कर पाना या उसकी महिमा को लिखना सूर्य के सामने कृत्रिम रोशनी को दिखाने जैसा होगा। गुरुमां ने भक्तामर के बारे में बोलते हुए कहा कि जो भक्तामर के 48 काव्यों का रिद्धि सहित एवं 64 रिद्धि का उच्चारण संध्याकाल में देवाधिदेव जिनेंद्र भगवान के समक्ष 48 दीप प्रज्वलन कर करता है वह दुर्लभ से दुर्लभ परेशानियों से छुटकारा प्राप्त कर लेता है। जो भव्य जीव इस अनुपम स्तोत्र के माध्यम से प्रभु भक्ति करते हैं उनके जीवन में रोग ,शोक, आधि, व्याधि, संकट विपत्ति दूर से ही पलायन कर जाते हैं।मन में विशुद्ध प्रशस्त भाव का संचार होता है। ज्ञानवरणीय कर्म का क्षयोपशमन वृद्धिगत होता है।श्रमणी आर्यिका विद्वतश्री माताजी ने बताया कि भक्तामर स्तोत्र सातवीं शताब्दी में मानतुंग आचार्य द्वारा संस्कृत भाषा में वसंततिलका छंद में रचित पाठ है। इसमें कुल 48 काव्य है। एक काव्य में 4 पंक्तियां 56 अक्षर और 84 मात्राएं हैं। इस प्रकार 48 काव्यो में कुल 2688 अक्षर और 4056 मात्राएं हैं। भक्तामर स्त्रोत एक ऐसा स्तोत्र है जिसका प्रचार देश में ही नहीं अपितु सारे संसार में व्याप्त है। भक्तामर स्तोत्र के रिद्धि मंत्रो की महिमा वर्णन करने वाली अनेक पुस्तकें छपी होंगी लेकिन लिखने वालों की अपनी-अपनी भक्ति होती है। गुरुमां विंध्यश्री माता ने भक्तामर स्तोत्र में मानतुंग आचार्य की भक्ति को देखकर गणधर देवों द्वारा कथित रिद्धि मंत्रों का अर्थ पद्यानुवाद में भक्ति के माध्यम से अत्यंत सरल एवं सहज शब्दों में अपने भावों को संजोकर माला में गूंथने का प्रयास किया है। गौरतलब है कि टीकमचंद अजमेरा परिवार ने इस आध्यात्मिक पुस्तक को प्रकाशित करने में अहम भूमिका निभाई है।

## बत्तख चुराते रंगे हाथों गिरफ्तार

**मोरीगांव (हि.स.)।** बत्तख चुराते एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने मंगलवार तड़के रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपित नशे का आदी है और उसपर चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक आरोपित शुकुर अली को एक व्यक्ति के घर से बत्तख चुराते समय घर के मालिक ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया गया है कि शुकुर अली नशे का आदी है। नशा खरीदने के लिए पैसा नहीं होने पर आए दिन चोरी की घटनाओं को शुकुर अली अंजाम देता रहा था। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से शुकुर अली इलाके से बत्तख, बकरी, गाय, साइकिल आदि चुरा रहा था। इलाके में चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में भारी नाराजगी थी। उसे जब लोगों ने रंगे हाथों पकड़ा तो उसकी जमकर पिटाई कर दी और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।

# डॉ. मामोनी रॉयसम गोस्वामी की 11वीं पुण्यतिथि मिर्जा में मनाई गई



**रंगिया (निसं)।** ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता साहित्य साम्राज्ञी तथा दक्षिण कामरूप जिला की एक सपूत डॉ. इंदिरा गोस्वामी उर्फ डॉ. मामोनी रॉयसम गोस्वामी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आज दक्षिण कामरूप छात्र संस्था द्वारा एक दिवसीय व्यापक कार्यक्रमों के साथ मिर्जा स्थित मामोनी रायसम गोस्वामी चौक पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सुबह सफाई अभियान चलाया गया। तथा इसके पश्चात दक्षिण कामरूप छात्र संस्था के अध्यक्ष जीतुल कुमार की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे एक बैठक आयोजित की गई जिसका संचालन महासचिव बेदब्रत दास ने किया। तत्पश्चात, विभिन्न कार्यक्रम जैसे श्रद्धांजलि, सर्व-धार्मिक प्रार्थना, नाम प्रसंग आदि आयोजित किए गए तथा शाम 5 बजे 2,000 दीपक प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय के अध्यापक डॉ. गजेंद्र अधिकारी, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. मीरा रानी कलिता, पलाशबाड़ी साहित्य सभा के अध्यक्ष जुगल चंद्र वैश्य, सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और विद्यालय-महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लेते हुए मामोनी राइसम गोस्वामी को श्रद्धांजलि दी। बताया गया है कि अगले वर्ष से दक्षिण कामरूप छात्र संस्था की ओर से मामोनी रॉयसम गोस्वामी साहित्य पुरस्कार पेश किया जाएगा। वहीं दूसरी आज रंगिया आलोचोनी सभा द्वारा मामोनी रॉयसम गोस्वामी की पुण्यतिथि रंगिया साहित्य भवन प्रांगण में मनाई गई।

# राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के प्रशिक्षण केंद्र के प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित




**गुवाहाटी (हि.स.)।** राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के तहत विशेष प्रशिक्षण केंद्रों के प्रबंधन पर मंगलवार को कामरूप (मेट्रो) जिला की अतिरिक्त उपायुक्त कल्पना डेका की अध्यक्षता में कामरूप (मेट्रो) जिला के उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कामरूप (मेट्रो) जिला में विभिन्न स्थानों पर संचालित राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के तहत विशेष प्रशिक्षण केंद्रों के प्रभारी गैर-सरकारी संगठनों के पदाधिकारियों से केंद्रों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में वर्तमान में अध्ययन कर रहे विशेष प्रशिक्षण केंद्रों के सुचारू संचालन के लिए मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों के साप्ताहिक निरीक्षण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने गैर सरकारी संगठनों के प्रमुखों और परियोजना के अधिकारियों को यह देखने की जिम्मेदारी सौंपी कि प्रशिक्षण केंद्रों से बच्चों को कैसे लाभ हो रहा है। बैठक में विशेष प्रशिक्षण केंद्रों के छात्रों को चालू शैक्षणिक वर्ष के अंत में औपचारिक स्कूलों में प्रवेश देने के साथ ही वार्षिक मूल्यांकन परीक्षाओं के साथ-साथ नए शैक्षणिक वर्ष के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त रिमझिम कोंवर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी किशोरी बरुवा, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना की परियोजना निदेशक मौसमी महंत के साथ श्रम, शिक्षा जैसे विभागों के अधिकारी और संबंधित गैर सरकारी संगठनों के प्रमुख उपस्थित थे।

# कामरूप जिला साहित्य सभा के स्वर्ण जयंती समारोह का सफल समापन




**रंगिया (निसं)।** हाजो राजस्व चक्र के अंतर्गत हालोगांव के अभय चरण चौधुरी स्टेडियम के रघुनाथ चौधुरी क्षेत्र में दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ आयोजित कामरूप जिला साहित्य सभा का स्वर्ण जयंती सम्मेलन रविवार को सफलता के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम शनिवार को असम साहित्य सभा के ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ किया गया। इस मौके पर रविवार को आयोजित सांस्कृतिक शोभायात्रा का उद्घघाटन एमट्रोन के उप-प्रबंधक दिनमणि भंडार कायस्थ द्वारा किया गया । कार्यक्रम में जानेमाने कलाकार कृष्णमणि चुतीया और प्रांजना दत्ता भी उपस्थित रहे। वहीं दोपहर को कामरूप जिला साहित्य सभा के उपाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र नाथ तालुकदार द्वारा संचालित कार्यक्रम में असम साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. कुलधर सैकिया और उपाध्यक्ष मृणालिनी देवी ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत संध्या समय कामरूप जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष नृपेंद्र कुमार भगवती की अध्यक्षता में आयोजित खुली बैठक का उद्घघाटन स्वागत समिति के अध्यक्ष शंकर दास ने किया। हालोगाव शाखा साहित्य सभा के अध्यक्ष निरोद चौधुरी ने स्वागत भाषण दिया और कामरूप जिला साहित्य सभा के सचिव राजेन महंतो ने उद्देश्य की व्याख्या की। बैठक में असम लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. निरंजन कलिता, असम साहित्य सभा के कार्यकारी सदस्य प्रद्युत चौधुरी, पूर्व मंत्री नूरुल हुसैन और कामरूप जिला साहित्य सभा के उपाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र नाथ तालुकदार, लेखिका लखी साहा लाहन, कामरूप जिला साहित्य सभा का कोषाध्यक्ष रजनी सालै, पत्रिका सचिव कुमुद चंद्र कलिता, सहायक सचिव धर्मेश्वर दास और हरेन कलिता ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मधुस्मिता गोस्वामी ने किया इस कार्यक्रम के दौरान असम साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. कुलधर शैकिया और लेखक थानेश्वर मालाकार को कामरूप रत्न से सम्मान प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में हाजो के मणिकूट शतदल शाखा साहित्य सभा और अमीनगाव स्वर्ण शाखा साहित्य सभा को कामरूप जिला के श्रेष्ठ शाखा और रंगिया के रनदिया साहित्य सभा के सचिव हेमंत कलिता को कामरूप जिला साहित्य सभा का श्रेष्ठ संगठक की स्वीकृति दी गई। समारोह में कामरूप जिला साहित्य सभा के कामरूप लेखक कोष का दूसरा संस्करण, कामरूप की आभा कामरूपा रीता भट्टाचार्य की असम साहित्य सभा के सभापति होकोल, अशोक कुमार भातखोवा की स्मृतिर पोरोखोत चक्रधर चौधुरी की ज्ञानामृत, गिरीश सील की सरापात बुटोली, पद्मराम कलिता की प्रकृतिर अनन्या परमा प्रकृति, हिरणमोई बरुआ की लोपामुद्रा, देईजी सैकिया की हेपाहोर रंग, प्रदीप कलिता की चिंतार तरंग नामक कुल ग्यारह ग्रंथों सहित हालोगाव आंचलिक शतदल शाखा साहित्य सभा द्वारा प्रकाशित स्मृतिग्रंथ साहित्य सन्धान-हालोगाव दर्पण, रुणा लैला की उपन्यास कलंकिनी जिया, अमिय कुमार चौधुरी की सुरुयर न किरण शंकर दास की समसामयिक दस्तावेज बीरेंद्र कुमार चौधुरी की जिया भरलीर सेतु बाबुल कलिता की चोकुलो द्विजेन चंद्र चौधुरी की ज्ञान प्रवाह दाऊद आलम की शंकरोर कुहीपात और भास्वती कलिता की प्रबंध आलम नामक 19 ग्रंथों का विमोचन किया गया। वहीं सन्ध्या समय सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलन और रात्रि सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि कामरूप जिला साहित्य सभा के स्वर्ण जयंती समारोह हालोगाव में आयोजित करने और सभी की सहायता और सहयोगिता के लिए हालोगाव आंचलिक शतदल शाखा साहित्य सभा के सचिव रतन कलिता द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन की गई है।

# केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा- कोविड वैक्सीन के बुरे प्रभाव के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि सरकार जनहित में लोगों को कोविड टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित जरूर करती है, लेकिन वैक्सीन लगवाना कानूनी बाध्यता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि किसी पर वैक्सीन के बुरे प्रभाव के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं है। केंद्र सरकार का कहना है कि वैक्सीन के बारे में सारी जानकारी वैक्सीन निमार्ताओं और सरकार की ओर से पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध है। ऐसे में ये सवाल ही नहीं उठता कि वैक्सीन लगवाने के लिए अपनी सहमति देने वाले को पूरी जानकारी न हो। केंद्र सरकार ने कहा है कि मुआवजे के लिए याचिकाकर्ता सिविल कोर्ट जा सकते हैं। दो मई को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की कोविड टीकाकरण नीति को सही ठहराया था। कोर्ट ने कहा था कि यह वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित है, लेकिन किसी को टीका लगवाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि कोविड टीका न लगवाने वाले लोगों को सार्वजनिक सुविधाओं के इस्तेमाल से रोकने के आदेश राज्य सरकारों को हटा लेने चाहिए। 22 मार्च को तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सरकार ने कोरोना वैक्सीन को लेकर जारी किए गए उनके दिशा-निदेर्शों



का बचाव किया था। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार की ओर से एएजी अमित आनंद तिवारी ने कहा था कि सार्वजनिक स्थानों पर जाने के लिए कोरोना वैक्सीन अनिवार्य करने के पीछे बड़ा जनहित है ताकि कोरोना का संक्रमण आगे नहीं बढ़े। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के उस दिशा-निर्देश का हवाला दिया जिसमें राज्यों को सौ फीसदी कोरोना वैक्सीनेशन कराने को कहा गया था। तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि कोरोना का वैक्सीनेशन म्युटेशन रोकता है। बिना वैक्सीन लिए लोगों को संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है। महाराष्ट्र सरकार ने कहा था कि राज्य सरकार ने दुकानों, मॉल इत्यादि सार्वजनिक स्थानों में प्रवेश से पहले वैक्सीन लेना अनिवार्य किया है। राज्य सरकार की ओर से वकील राहुल चिटनिस ने कहा था कि याचिकाकर्ता का ये कहना सही नहीं है कि वैक्सीन अनिवार्य करना संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 21 का उल्लंघन है। वैक्सीनेशन याचिकाकर्ता के अधिकारों से भी जुड़ा हुआ है क्योंकि ये दूसरों के जीवन को भी प्रभावित करता है। मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के रुख का समर्थन करते हुए कहा कि अधिकारों का संतुलन जरूरी है। नौ अगस्त 2021 को कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के ट्रायल से संबंधित डाटा में पारदर्शिता लाने की मांग पर नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि हम कुछ मुद्दों पर सुनवाई कर रहे हैं। हम नोटिस जारी कर रहे हैं, लेकिन हम टीकाकरण को लेकर लोगों के मन में भ्रम पैदा नहीं करना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा था कि देश वैक्सीन की कमी से लड़ रहा है। टीकाकरण जारी रहे और हम इसे रोकना नहीं चाहते हैं। आपको वैक्सीन की सुरक्षा को लेकर कोई संशय नहीं होना चाहिए। इस याचिका से उन लोगों में भ्रम पैदा होगा जिन्होंने वैक्सीन लगवा रखी है। तब याचिकाकर्ता की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जाते तो वैक्सीन को लेकर विश्वास की कमी लोगों के बीच रहेगी। याचिका नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन के पूर्व सदस्य डॉ. जैकब पुलियेल ने दायर की थी। याचिका में मांग की गई थी कि कोरोना वैक्सीन के क्लीनिकल ट्रायल का डाटा सार्वजनिक किया जाए। कोरोना संक्रमण के बाद होने वाले गंभीर प्रभावों का डाटा सार्वजनिक किया जाए। जिन मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ी या जिनकी मौत हो गई उनके आंकड़ों का खुलासा होना चाहिए। कई देशों ने वैक्सीन के बाद के असर के आकलन होने तक वैक्सीन देना बंद कर दिया गया। यहां तक कि डेनमार्क जैसे देश ने एस्ट्रा जेनेका वैक्सीन पर प्रतिबंध लगा दिया। एस्ट्रा जेनेका वैक्सीन का नाम भारत में कोविशील्ड है।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक के सीमा विवाद पर केंद्रीय गृहमंत्री दें विशेष ध्यान दें: संजय राऊत

**मुंबई, (हि.स.)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राऊत ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को विशेष ध्यान देने की मांग की है। सांसद राऊत मंगलवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र-कर्नाटक के बीच की स्थिति मेघालय-असम जैसी नहीं है, लेकिन महाराष्ट्र-कर्नाटक विवाद के नाम पर दोनों राज्यों के बीच माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। संजय राऊत ने कहा कि हर जगह राजनीति ठीक नहीं है, जिस तरह कर्नाटक राज्य की कन्नड़ रक्षण वैदिके नामक संगठन ने महाराष्ट्र के गांवों में घुसकर अपना झंडा फहराया है, इससे माहौल खराब हो सकता है। दोनों राज्यों के बीच हालात खून खराबे तक जा सकते हैं। राऊत ने कहा कि संगठन का महाराष्ट्र के गांवों में अपना ध्वज फहराना कर्नाटक सरकार के सहयोग के बिना संभव नहीं है। संजय राऊत ने आरोप



लगाया कि राज्य सरकार में बैठे कुछ लोग कन्नड़ रक्षण बैदिका को समर्थन कर रहे हैं, इसी वजह से महाराष्ट्र के गांवों में कर्नाटक के झंडे फहराए जा रहे हैं, इस पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सिर्फ कुर्सी बचाए रखने के लिए मजबूर हैं और मूकदर्शक बने हुए हैं। इस मुद्दे पर वे मुखर होकर बोल रहे हैं तो उन्हें 4 साल पहले के भाषण को भडकाऊ बताते हुए बेलगांव कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया गया है। राऊत ने कहा कि बेलगांव ने उन पर हमला किए जाने और उनकी गिरफ्तारी की साजिश रची गई है। दरअसल, महाराष्ट्र -कर्नाटक सीमा विवाद को पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक रंग देने के प्रयास हो रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के कई गांवों पर दावा किया था, इसके बाद दोनों राज्य में बस सेवा तक स्थगित कर दी गई थी। इसी बीच कर्नाटक राज्य की कन्नड़ रक्षण वैदके ने सांगली जिले के जत तहसील के कुछ गांवों में आकर अपना झंडा भी फहराया है। इससे दोनों राज्यों में तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

# बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, 200 पंडितों ने किया स्वागत

**उज्जैन (ईएमएस)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का काफिला देवी अहिल्या के नगर इंदौर से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंच गया है। उज्जैन पहुंचने पर उनका स्वागत भारतीय और हिंदू संस्कृति के तौर तरीकों से किया गया। यात्रा सुबह 6 बजे इंदौर के सांवेर से शुरू हुई थी। राहुल गांधी मंगलवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन और पूजन करेंगे उसके बाद वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कन्याकुमारी से शुरू हुए आज 83 दिन पूरे हो जाएंगे। मध्यप्रदेश में यात्रा का



मंगलवार को सातवां दिन है। राहुल गांधी आज बाबा महाकाल की नगरी में हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी शाम 4:00 बजे महाकाल मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन करेंगे। इससे पहले राहुल दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र महावीर तपोभूमि भी पहुंचेंगे। शाम 4:45 बजे समाजिक न्याय परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। आज की यात्रा सुबह 6:00 सांवेर से शुरू हुई। ऐतिहासिक और धार्मिक अवंतिका नगरी उज्जैन में राहुल गांधी का परंपरागत भारतीय संस्कृति अनुसार स्वागत किया गया। कांग्रेस ने इसके लिए खास तैयारी की थी। करीब 200 पंडित-बटुक ने राहुल गांधी के पहुंचते ही स्वास्ति वाचन और मंत्र उच्चारण के साथ उनका स्वागत किया। साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के लिए प्रार्थना भी हुई। यात्रा के दौरान कहीं पारम्परिक नृत्य की झलक दिखी तो कहीं मलखम्ब करते पहलवान नजर आए।

# करोड़ गुजरातियों पर भाजपा ने लादा 4.5 लाख करोड़ का कर्ज : खड़गे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में गुजरात के लोगों पर कर्ज का बोझ बढ़ा है। खड़गे ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि गुजरात के सात करोड़ लोगों पर भाजपा ने 4.5 करोड़ का कर्ज लाद दिया है। इस लिए भाजपा को इधर-उधर की बात न करने के बजाय गुजरात के बुनियादी मुद्दों पर बात करनी चाहिए। खड़गे ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि क्यों गुजरात का हर वर्ग - युवा, किसान, महिला, छोटा व्यापारी, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग सब त्रस्त हैं? भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि उन्होंने गुजरात के विकास में बीते 27 वर्षों में क्या



किया है? खड़गे ने कहा कि बीते दिनों भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) ने चेतावनी दी है कि गुजरात कर्ज के कुचक्र में फंस रहा है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने गुजरात की जनता को आर्थिक बोझ और सामाजिक द्वेष क सिवा कुछ नहीं दिया है। अब परिवर्तन का वक्त आ गया है। गुजरात की जनता भाजपा को जवाब देने वाली है। इस बार वहां कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है।

# डेटा अब व्यापार का नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय: भारत

**-विदेशमंत्री जयशंकर ने सातवें वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दुनिया को किया आगाह**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** तीन दिवसीय सातवां वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन आज (मंगलवार) शुरू हो गया। इसके उद्घाटन सत्र में विदेशमंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि डेटा अब व्यापार का नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। भारत ने इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर काम शुरू कर दिया है। अमेरिका इसके लिए आगे आया है। इसमें तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला मूल तत्व हैं। इसपर विभिन्न साझेदारों जैसे आईपीईएफ और क्वाड से द्विपक्षीय चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आज भू-राजनीति के केंद्र में है। टेलीकॉम की डोमेन में भारत को विश्वसनीय की अवधारणा से देखा जाता है। दुनिया आने वाले दिनों में डिजिटल पक्ष पर भारत की विश्वसनीयता के बारे में सुनेगी। डेटा कहां जा




रहा है। यह अब व्यवसाय और अर्थशास्त्र का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। अब दुनिया में हर चीज को हथियार बनाया जा रहा है। दुनिया को अपना दृष्टिकोण बदलना होगा।

देशों को अपने हितों की रक्षा कहां करनी चाहिए, इस पर साफ-साफ सोचना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारत का विकास भारतीय प्रौद्योगिकी के विकास से गहराई से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन के इस सम्मेलन में प्रतिनिधि भौतिक और वर्चुअल दोनों रूप में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय और कानेर्गी इंडिया की मेजबानी में भू-प्रौद्योगिकी पर होने वाला यह भारत का वार्षिक प्रमुख सम्मेलन है। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, सरकार, सुरक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्टअप, डेटा, कानून, लोक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, अकादमिक और आर्थिक मुद्दों पर विश्व के प्रमुख बुद्धिजीवी विचार रखेंगे। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय 'प्रौद्योगिकी की भू-राजनीति' है। शिखर सम्मेलन में 100 से अधिक वक्ता विचार रखेंगे। अमेरिका, सिंगापुर, जापान, नाइजीरिया, ब्राजील, भूटान, यूरोपीय संघ और अन्य देशों के मंत्री और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।

# कश्मीर फाइल्स की आलोचना पर इजरायली राजदूत ने फिल्म निर्माता को खुला पत्र लिख लगाई फटकार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इजरायइली फिल्म निमार्ता नादव लैपिड के द कश्मीर फाइल्स को प्रोपेगेंडा बताने पर उनकी आलोचना करते हुए वहां के राजदूत ने एक खुला पत्र लिखा है। उन्होंने फिल्म निर्माता से आतिथ्य का मान नहीं रखने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अपने बयान पर उन्हें शर्म आनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस्लायली फिल्म निर्माता गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में जूरी के प्रमुख हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में सोमवार को फिल्म महोत्सव के दौरान द कश्मीर फाइल्स को प्रोपेगेंडा और वल्गर फिल्म कहा था। उनका कहना था कि कलात्मक और प्रतिस्पर्धी अनुभाग के लिए फिल्म अनुपयुक्त थी। ट्वीटर पर खुला पत्र लिखकर इजरायली राजदूत ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच की दोस्ती बहुत मजबूत उनके बयान से पहुंचे नुकसान के बावजूद हमारे रिश्तों में खटास नहीं आएगी। एक इंसान के रूप में उन्हें शर्म आती है और हम अपने मेजबानों से उस बुरे बर्ताव के लिए माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अतिथि को भगवान समान माना जाता है। ऐसे में जूरी के पैनल की अध्यक्षता करने के भारतीय निमंत्रण का उन्होंने दुरूपयोग किया है। स्वयं भारतीय मंत्री के साथ मंच साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे देशों के बीच समानता है क्योंकि हम एक समान दुश्मन से लड़ते हैं और एक खराब पड़ोस में रहते हैं। इजरायली राजदूत ने कहा कि आप इजराइल वापस चले जाएंगे और खुद को बोल्ड बतायेंगे। लेकिन हम इजराइल के प्रतिनिधि यहीं रहने वाले हैं। आपके इस बहादुरी भरे बयान के बाद लोग हमें कड़े संदेश भेज रहे हैं। राजदूत ने कहा कि पत्र उन्होंने जानबूझकर हिब्रू में नहीं लिखा है क्योंकि वे चाहते हैं कि हमारे भारतीय भाई-बहन इसे समझ सकें। उन्होंने कहा कि वे कोई फिल्म विशेषज्ञ नहीं हैं लेकिन उन्हें पता है कि ऐतिहासिक घटनाओं का ठीक से अध्ययन किए बिना बयान नहीं देना चाहिए। फिल्म से जुड़ा घटनाक्रम एक खुले घाव की तरह है। इसके पीड़ित कई लोग आज भी इसकी कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मुद्दा संवेदनशील है और इस तरह के बयान की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। वाइनेट को दिए आपके साक्षात्कार से कश्मीर फाइल्स की आपकी आलोचना और इजरायल की राजनीति में जो कुछ हो रहा है, उसके प्रति आपकी नापसंदगी के बीच आप जो संबंध बनाते हैं, वह काफी स्पष्ट था। वहीं इजरायल के महावाणिज्यिक दूत राजदूत कोब्बी शोशानी ने कहा कि राजदूत ने अपने बयान में बहुत स्पष्ट कर दिया है। हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि यह नादव लैपिड की निजी राय है। हम इसे स्वीकार नहीं करते, यह आधिकारिक राय नहीं है। उन्हें लगता है कि हमारा मकसद रिश्तों को वर्तमान से अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने फिल्म देखी तो उनकी आंखों से आंसू आ गए। इस फिल्म को देखना आसान नहीं था। उन्हें लगता है कि इजरायल ने भी इसे देखा है। यहूदी होने के नाते वह भी इस तरह के भयानक घटनाक्रम के पीड़ित हैं और उन्हें लगता है कि हमें दूसरों की पीड़ा को साझा करना चाहिए।

# कोलकाता में 17 को होगी पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक, केंद्रीय गृहमंत्री शाह होंगे शामिल

**-बैठक के दौरान ममता बनर्जी अलग से कर सकती हैं अमित शाह से मुलाकात**

**-बैठक में बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा व सिक्किम के मुख्यमंत्री होंगे शामिल**

**कोलकाता, (हि.स.)।** राज्य सचिवालय नवान्न में पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक आगामी 17 दिसंबर को होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ओडिशा के नवीन पटनायक और सिक्किम के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान ममता बनर्जी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अगल से मुलाकात हो सकती है। केन्द्रीय गृह मंत्री इस पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उपाध्यक्ष हैं। अगर नीतीश कुमार इस बैठक में शामिल होते हैं



तो ऐसा पहली बार होगा, जब भाजपा का साथ छोड़ने के बाद वह केन्द्रीय गृह मंत्री के साथ एक मंच पर होंगे। पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शाह से अलग से मुलाकात भी हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया है कि इस बैठक के बाद अमित शाह भी अपनी पार्टी के पदाधिकारियों और नेताओं के साथ अलग से बैठक कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव के बाद अमित शाह का यह दूसरा बंगाल दौरा होगा। इसके पहले नवंबर महीने में ही राज्य सचिवालय में समीक्षा बैठक होनी थी लेकिन अमित शाह की व्यस्तता की वजह से इसे टाल दिया गया था।

# जेल में योग ध्यान व कड़ी डाइट फॉलो करते हैं नवजोत सिंह सिद्धू, 6 माह में 34 किलो वजन घटाया

**चंडीगढ़ (ईएमएस)।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के एक सहयोगी ने दावा किया है कि पिछले छह माह में कड़े डाइट कंट्रोल और दो घंटे योग और व्यायाम के कारण पटियाला सेंट्रल जेल में बंद रहने के दौरान उनका 34 किलो वजन कम हो गया है। 1980 और 1990 के दशक के दिग्गज क्रिकेटर 6 फीट 2 इंच लंबे सिद्धू का वजन अब 99 किलोग्राम है। सिद्धू इस समय 1988 के रोड रेज मामले में एक साल की सजा काट रहे हैं। सिद्धू के सहयोगी और पूर्व विधायक नवतेज सिंह चीमा के मुताबिक सिद्धू कम से कम चार घंटे ध्यान दो घंटे योग और व्यायाम करते हैं दो से चार घंटे पढ़ते हैं और केवल चार घंटे सोते हैं। चीमा ने शुक्रवार को 45 मिनट तक पटियाला जेल में सिद्धू से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ह्यजब सिद्धू अपनी सजा पूरी करके बाहर आएंगे तो आप उन्हें देखकर हैरान रह जाएंगे। वह बिल्कुल वैसे ही दिखते हैं जैसा



वह एक क्रिकेटर के रूप में अपने सुनहरे दिनों में दिखा करते थे। उन्होंने 34 किलो वजन कम किया है और वह और कम करेंगे। अब उनका वजन 99 किलो है। वह 6 फीट 2 इंच लंबे हैं इसलिए वह अपने मौजूदा वजन में काफी खूबसूरत दिखने लगे हैं। वह शांत दिखते हैं क्योंकि वह इतना समय ध्यान में बिताते हैं। पूर्व विधायक चीमा ने कहा कि वह वास्तव में अच्छा महसूस कर रहे हैं। सिद्धू ने मुझे बताया कि उनका लिवर जो पहले चिंता का विषय था अब काफी बेहतर तरीके से काम रहा है। सिद्धू नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर और एम्बोलिज्म से पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने उन्हें नारियल पानी कैमोमाइल चाय बादाम का दूध और रोजमैरी चाय सहित विशेष आहार की सलाह दी है। वह चीनी और गेहूं से दूर हैं और दिन में केवल दो बार खाते हैं। वह शाम 6 बजे के बाद कुछ भी नहीं खाते। उन्हें लिपिकीय कार्य के लिए मुंशी के रूप में नियुक्त किया गया है। चीमा ने कहा कि वह दिन के कुछ घंटे क्लर्क के रूप में अपना काम करते हैं। जेल अधिकारी उन्हें कुछ कागजी कार्रवाई भेजते हैं। वह इसे हर दिन करते हैं। वह अपने बैरक से ही ऐसा करते हैं।

जेल मैनुअल के मुताबिक कैदियों को अकुशल अर्ध-कुशल और कुशल के रूप में बांटा गया है। अकुशल और अर्धकुशल कैदियों को क्रमशः 40 रुपये और 50 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं। कुशल कैदियों को प्रतिदिन 60 रुपये मिलते हैं। सितंबर तक सिद्धू के साथ पंजाबी गायक दलेर मेहंदी थे जिन्हें बैरक नंबर 10 में रखा गया था। बाद में वह रिहा कर दिए गए थे। चीमा ने कहा कि ह्यअब सिद्धू अन्य कैदियों के साथ बातचीत करने में भी समय बिताते हैं। कुछ लोग उनसे मिलने आते हैं क्योंकि वह एक सेलिब्रिटी हैं।

# डीसीडब्ल्यू के समन के बाद राजस्व विभाग ने दिल्ली में तेजाब की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए कमर कसी

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग को राजधानी में तेजाब की खुली बिक्री पर रोक लगाने में विफल रहने के संबंध में समन जारी किया था। डीसीडब्ल्यू ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि डीसीडब्ल्यू ने इंगित किया था कि अधिकांश एसडीएम सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन कर रहे थे और निरीक्षण नहीं कर रहे थे और न ही एसिड की खुली बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ जुमार्ना लगा रहे थे। उदाहरण के लिए, रिपोर्ट से पता चला कि 2017 के बाद से शाहदरा और उत्तरी जिले के एसडीएम द्वारा कोई निरीक्षण नहीं किया गया। इसके अलावा, पूर्व, उत्तर, नई दिल्ली, उत्तर पूर्व और शाहदरा जिले जैसे कई एसडीएम ने 2017 से उनके जिलों में अनियमित एसिड बिक्री पर एक भी जुमार्ना नहीं लगाया है। इसके अलावा, राजस्व विभाग द्वारा 2017 से एकत्र की गई 36.5 लाख रुपये की जुमार्ना राशि का उपयोग एसिड अटैक पीड़िताओं के पुनर्वास के लिए नहीं किया जा रहा था, जो कि अनिवार्य था। स्वाति मालीवाल के सम्मन के जवाब में राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डीसीडब्ल्यू के समक्ष उपस्थित हुए और राजधानी में एसिड की खुली बिक्री को रोकने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यह निर्णय लिया गया कि अब से दिल्ली में एसिड की अवैध बिक्री की निगरानी के लिए मंडल आयुक्त द्वारा हर महीने के दूसरे सप्ताह में सभी एसडीएम, दिल्ली महिला आयोग और दिल्ली पुलिस के प्रतिनिधियों के साथ मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, डीसीडब्ल्यू को सूचित किया गया था कि अब से सभी एसडीएम अगले महीने के पहले सप्ताह तक मंडल आयुक्त को छापे की तस्वीरों के साथ मासिक डेटा प्रस्तुत करेंगे।

# श्रद्धा हत्याकांड: आफताब पर हमले के दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने श्रद्धा हत्याकांड के आरोपित आफताब पर हमले के दो आरोपितों को आज सुबह न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 28 नवंबर को आफतब के फॉरेंसिक लैब से निकलते समय कुछ लोगों ने दिल्ली पुलिस की वैन पर तलवारों से हमला कर दिया था। पुलिस ने दो हमलावरों को मौके पर पकड़ लिया था। दिल्ली पुलिस ने 28 नवंबर की रात को मजिस्ट्रेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश करने का आग्रह किया था। दोनों को आज सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जज के सामने पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों हमलावरों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। आफताब पर हमला तब हुआ जब उसे फोरेंसिक लैब में पॉलिग्राफ टेस्ट के लिए ले जाया गया था। आफताब पर हमला




करनेवालों के खिलाफ प्रशांत विहार थाने में सरकारी काम में बाधा पहुंचने, हमला करने, दंगा फैलाने, हमले में घातक हथियार का इस्तेमाल करने और गैरकानूनी जमावड़ा करने की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

# ममता को करना था वस्त्र वितरण लेकिन समय पर नहीं ला सके अधिकारी, नाराज मुख्यमंत्री मंच पर बैठीं

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को दक्षिण 24 परगना दौरे पर पहुंची हैं। यहां जरूरतमंदों के बीच में कंबल और अन्य शीत वस्त्र वितरित करना था लेकिन जब बनर्जी ने मंच से वितरण का ऐलान किया उसके बाद भी शीत वस्त्र नहीं पहुंचे थे। इसे लेकर उन्होंने तीखी नाराजगी जताई तथा डीएम और बीडीओ के साथ साथ एसपी को फटकार लगाई। इससे बाद वह मंच पर ही गुस्सा होकर बैठ गईं। हिंगलगंज में प्रशासनिक बैठक से पहले मुख्यमंत्री का वस्त्र वितरण का कार्यक्रम था लेकिन समय पर कपड़े नहीं मिलने से वह बेहद नाराज हुईं। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए साफ कर दिया कि जब तक वस्त्र वितरण के लिए नहीं मिल जाता तब तक वह सभा नहीं शुरू करेंगी। इधर हिंगलगंज की जनसभा से पहले शमशेरनगर में भी उनकी एक जनसभा थी। वहां बनबीबी मंदिर में उन्होंने पूजा पाठ की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रकृति की पूजा की जिसके बाद हिंगलगंज पहुंची। नाराजगी के बाद वहां एकत्रित भीड़ की ओर हाथ हिलाते हुए ममता ने कहा कि आप लोग भी बैठिए मैं भी मंच पर बैठती हूं। जब तक वितरण के लिए शीत वस्त्र नहीं आ जाते हैं तब तक मैं यहीं बैठी रहूंगी। मुख्यमंत्री ने डीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने आपको 15 हजार वस्त्र वितरण के लिए फंड दिए थे लेकिन वे अभी तक क्यों नहीं पहुंचे। दरअसल कार्यक्रम की शुरूआत में ही उन्होंने अधिकारियों से वितरण के लिए शीत वस्त्र मांगे लेकिन एक अधिकारी ने दूसरे से और दूसरे ने तीसरे से इस बारे में पूछना शुरू कर दिया जिससे सीएम बेहद नाराज हो गईं।

# धान की नई बालियों से सजा मां अन्नपूर्णा का दरबार, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**-17 दिनी महाव्रत की पूणार्हुति, मंदिर के परिक्रमा पथ पर श्रद्धालु लगा रहे फेरे**




**वाराणसी, (हि.स.)।** जगत कल्याण के लिए देवों के देव महादेव को भी अन्नदान देने वाली अन्न-धन की अधिष्ठात्री देवी मां अन्नपूर्णा का दरबार मंगलवार को नई धान की बालियों से सजाया गया। मातारानी की धान की बालियों से सजी झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इसी के साथ 17 दिनी अन्नपूर्णा महाव्रत की पूणार्हुति भी हो गई। 17 दिनों तक माता रानी का व्रत रखने वाली महिलाओं ने तरह-तरह के फूलों को अर्पित कर सुख-समृद्धि के साथ पति और पुत्रों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद हाथ में बांधे गए 17 गांठ के धागे को खोला। धान की बालियों का प्रसाद बुधवार को किसानों में वितरित किया जाएगा। इसके पहले भोर में महंत शंकर पुरी ने माता के विग्रह को पंचामृत स्नान कराया । फिर नूतन वस्त्र धारण करा कर जगत जननी का श्रृंगार किया गया। फिर सविधि पूजन-अर्चन आरती कर माता रानी का पट भक्तों के लिए खोल दिया गया। फिर मध्यान भोग आरती में धान की बालियों से मां का श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही दर्शन पूजन का क्रम शुरू हो गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की ऐसी भीड़ रही कि परिक्रमा पथ पर पांव रखने तक की जगह नहीं बची। किसी ने 21 तो किसी ने 51 फेरी तो किसी ने 101 फेरी लगाई। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहेगा। काशी में मान्यता है कि देवी को धान की बाली चढ़ाने और प्रसाद स्वरूप उसे बीज में मिलाने से खेतों में समृद्धि होती है। इसी विश्वास के साथ किसान कई क्विंटल धान की बाली दरबार में चढ़ाते हैं। किसान धान की बालियां मां को इसलिए अर्पित करते हैं कि उनके घर में धन-धान्य की वृद्धि हो। इसी धान की बालियों का प्रसाद वह सहेज कर अगले साल के लिए रखते हैं। किसानों के चढ़ाये गये धान की बालियों और फूलों और लतर से गर्भगृह से लेकर मंदिर परिसर को सजाया गया था।

# वंशवादी राजनीति के आरोपों पर सपा का भाजपा पर पलटवार


**-भाजपा नेताओं के सक्रिय राजनीति में शामिल बेटों के लिखे नाम**

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं के समाजवादी पार्टी (सपा) पर वंशावादी राजनीति का आरोप लगाए जाने के बाद सपा ने पलटवार किया है। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन भाजपा नेताओं के बेटों व परिवारीजनों की तस्वीर साझा की है जो सक्रिय राजनीति में हैं। तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि सवाल उठाने वाले इन चेहरों को भी देख लें। अखिलेश यादव ने मंगलवार को ट्वीट कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता बीएस येदियुरप्पा व उनके बेटे बी वाई राघवेंद्र, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया व उनके बेटे दुष्यंत सिंह, मेनका गांधी व उनके बेटे वरुण गांधी, विजय राजे सिंधिया व वसुंधरा राजे सिंधिया, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह व उनके बेटे अभिषेक सिंह समेत अन्य नेताओं की फोटो साझा कर भाजपा को घेरा है।




# काशी तमिल संगमम में भाग लेने के लिए तमिलनाडु का पांचवा दल बनारस पहुंचा

**-कैंट स्टेशन पर डमरू की ध्वनि और पुष्प वर्षा के बीच भव्य स्वागत**



**वाराणसी, (हि.स.)।** एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम में भाग लेने के लिए तमिलनाडु से पांचवा दल भी बनारस पहुंच चुका है। दल में व्यापारी शामिल हैं। सोमवार देर रात 216 सदस्यों का दल जैसे ही कैंट स्टेशन पर ट्रेन से उतरा, भाजपा नेताओं के साथ कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव और प्रशासनिक अफसरों ने मेहमान दल की गर्मजोशी से अगवानी की। रेड कार्पेट पर डमरू की ध्वनि और पुष्प वर्षा के बीच भव्य स्वागत से मेहमान भाव विभोर हो गये। दल को एसी बस से होटल पहुंचाया गया। मंगलवार पूर्वान्ह में दल को बाबा विश्वनाथ के दर्शन कराने क उपरांत उन्हें काशी विश्वनाथ धाम का भ्रमण कराया गया। मां अन्नपूर्णा रसोई में भोजन कराया गया। उसके उपरांत आसपास के मार्केट में भ्रमण करते हुए सभी को बनारस के प्रमुख मंदिरों और धरोहरों को दिखाया गया। शाम को संत र-विदास घाट से क्रूज से मेहमानों को बनारस के घाटों का दर्शन कराते हुए मां गंगा के भव्य आरती में सम्मिलित किया जाएगा। जहां पर वह मां गंगा की आरती देखेंगे। बुधवार शाम यह दल संगमम के सांस्कृतिक आयोजन में भी हिस्सा लेगा। इसके बाद तीसरे दिन गुरुवार को प्रयागराज त्रिवेणी संगम और अयोध्या स्थित रामलला का दर्शन करने जाएंगे। वहां से लौटकर फिर काशी आएंगे और यहीं से ट्रेन से वापस तमिलनाडु के लिए रवाना होंगे।

# नए आलू की आमद मंडी में बढ़ी, 100 रुपये प्रति कुंतल गिरे भाव



**फरुर्खाबाद, (हि.स.)।** आलू मंडी सातनपुर में नए आलू की आमद तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार को यहां 4000 पैकेट नया आलू बिक्री के लिए आया। शुरूआती दौर में आमद बढ़ने से आज आलू के भाव 11 सौ रुपये प्रति कुंटल रहे। नए आलू के भाव दिन-प्रतिदिन गिरने से अब पुराना आलू माटी के मोल पहुंच गया है। मौजूदा समय में 10 से 15 प्रतिशत आलू शीतगृहों (कोल्ड स्टोरेज) में भंडारित है। आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष रिंकू वर्मा ने बताया कि आज 4000 पैकेट आलू बिक्री के लिए आया। आलू के भाव आमद बढ़ने की वजह से 100 रुपये प्रति पैकेट कम हो गया। कल 750 रुपये प्रति पैकेट बिका था। आज 650 रुपये प्रति पैकेट आलू बिका है। नए आलू के दाम दिन प्रतिदिन कम हो रहे हैं। आलू आढ़ती अरविंद राजपूत का कहना है कि इस वर्ष आलू की क्वालिटी बेहतर आ रही है। गत वर्ष फटा हुआ आलू आ रहा था। नए आलू की आमद दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शीतगृह एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय उर्फ सन्नू गंगवार का कहना है कि नए आलू के भाव रोज गिर रहे हैं। जिससे पुराने आलू का भाव माटी के मोल पहुंच गया है। उनका कहना है कि मौजूदा समय में 10 से 15 फीसदी आलू जिले के 85 शीतगृहों में भंडारित है। नए आलू की आमद मंडी और बाजार में होने से अब पुराने आलू की बिक्री काफी कम हो गई है। उनका कहना है कि गत वर्ष जिले भर में 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू बोया गया था। जिसमें 12 लाख मैट्रिक टन आलू पैदा हुआ। किसानों ने छह हजार मैट्रिक टन आलू को खेतों में ही बेच दिया और छह हजार मैट्रिक टन आलू जिले के 85 शीतगृहों में भंडारित कर दिया। शीत गृह एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय गंगवार उर्फ सन्नू गंगवार का कहना है कि शीतगृह में भंडारित आलू की निकासी बराबर हो रही है। यह अलग बात है कि पुराने आलू के दाम गिर गए हैं।

# प्रयागराज, गाजियाबाद और आगरा में तैनात किए गए पुलिस आयुक्त

**- यूपी सरकार ने 16 आईपीएस का किया स्थानांतरण**

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद, प्रयागराज एवं आगरा में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद शनिवार देर रात को इन जिलों में पुलिस आयुक्तों की तैनाती कर दी गई। राज्य सरकार के शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली पर मुहर लगाने और शनिवार को शासनादेश जारी होने के बाद आयुक्तों की तैनाती को लेकर चचाओं का बाजार गर्म हो गया था। राज्य सरकार ने शनिवार देर रात 16 आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। शासनादेश के मुताबिक लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह को गौतमबुद्धनगर का पुलिस आयुक्त बनाया गया है। अजय मिश्रा गाजियाबाद के नए पुलिस आयुक्त बनाए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक कारागार प्रशासन डॉ. प्रीतिन्दर सिंह को आगरा का पुलिस आयुक्त बनाया गया है। बरेली के आईजी रमित शर्मा को प्रयागराज के पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है। प्रतीक्षारत एडीजी अशोक मुथा जैन को वाराणसी का पुलिस आयुक्त बनाया गया है, जबकि ए.सतीश को बतौर एडीजी डीजीपी मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसी तरह तरुण गाबा को सचिव गृह विभाग से आईजी लखनऊ रेंज, डॉ.राकेश सिंह को आईजी प्रयागराज रेंज से आईजी बरेली रेंज, चंद्र प्रकाश द्वितीय को आ-ईजी एसएसएफ लखनऊ से आ-ईजी प्रयागराज रेंज, मुनिराज जी को एसएसपी गाजियाबाद से हट-ाकर अयोध्या जिले का नया एसएसपी बनाया है। प्रशांत वर्मा को एसएसपी अयोध्या से एसपी बहराइच, केशव कुमार चौधरी को एसपी बहराइच से अपर पुलिस आयुक्त/पुलिस उपायुक्त आगरा, शैलेश पांडेय को एसएसपी प्रयागराज से एसएसपी मथुरा, अभिषेक यादव को एसएसपी मथुरा से एसपी अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ और प्रभाकर को एसएसपी आगरा के पद से हटाकर सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर भेजा गया है।

# उर्वरकों की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**लखनऊ, (हि.स.)।** उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए अपर मुख्य सचिव डाक्टर देवेश चतुर्वेदी ने सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिक दामों पर बिक्री, जमाखोरी, कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि रबी की फसलों की बुआई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे फास्फेटिक उ-र्वरकों की मांग कृषकों में तीव्र हुई है। इस कारण किसानों को संस्तुत मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि फास्फेटिक उर्वरकों की बिक्री कृषकों को निर्धारित मूल्य पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराई जाय। किसी उर्वरक विक्रेता के अधिक मूल्य पर बिक्री करते पाये जाने पर उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही देवेश चतुर्वेदी ने निर्देशित किया है कि कहीं भी उर्वरक का अनावश्यक भंडारण पर सख्ती बरता जाए, जिससे कृषकों को कोई परेशानी न हो और वे आसानी से डीएपी ले सकें। इस-ाके साथ ही किसानों को जागरूक करने के लिए भी कहा गया है कि सभी डीएपी में मानक के अनुरूप सभी तत्व पाये जाते हैं। इस कारण किसी भी डीएपी को लेने में उन्हें नुकसान नहीं होगा।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बनीं काजल यादव



**रांची, (हि.स.)।** राज्य सरकार ने झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन किया है। इस संबंध में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जमशेदपुर के सोनारी की रहने वाली काजल यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। विभाग ने आयोग में छह सदस्य भी मनोनीत किये हैं। इनमें चाईबासा निवासी विकास दोदराजका, रांची के लालपुर वर्धमान कंपाउंड निवासी उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, धनबाद निवासी सुनील कुमार वर्मा, हजारीबाग निवासी रुचि, चतरा निवासी मिनहाज उल हक और धनबाद निवासी डॉक्टर आभा वीरेंद्र अकिंचन शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन लंबित था। राज्य सरकार ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम की धारा 18 और झा-रखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली के नियम 7 के तहत आयोग का गठन किया है।

# समाजवादी पार्टी की परिवार की अवधारणा हुई संकुचित : राकेश त्रिपाठी

**- अखिलेश यादव के वंशवाद के ट्वीट पर भाजपा प्रवक्ता र-ाकेश त्रिपाठी का पलटवार**



**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वंश-ावाद के ट्वीट पर पलटवार किया है। राकेश त्रिपाठी ने ट्वीट किया कि समाजवादी पार्टी की परिवार की अवधारणा अब संकुचित हो गयी है। सपा के परिवार का मतलब एमबीबीएस यानी मियां-बीवी-बच्चों सहित, सीमित हो गयी है। अब परिवार में भाई-भतीजे और चाचा शामिल नहीं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने लिखा कि जो अखिलेश यादव आजमगढ़ में भाई धर्मेंद्र के लिए प्रचार करने नहीं गये मैनपुरी में पत्नी डिंपल यादव के लिए गांव-गांव गली-गली जाकर प्रचार कर रहे हैं। शिवपाल यादव चुनावी चाचा बन गये हैं, चुनाव में चाचा की मनुहार और चुनाव बाद चाचा स्वतंत्र हो जायेंगे। र-ाकेश त्रिपाठी ने लिखा है कि सपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर केवल सैफई कुनबे का व्यक्ति ही बैठ सकता है और मुख्यमंत्री के बारे में तो सोचना भी नहीं वह तो कुनबे में भी एमबीबीएस के लिए ही एलाट है।

# रांची में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**रांची, (हि.स.)।** जिले के मांडर थाना क्षेत्र के रांची-डाल्टनगंज मार्ग एनएच 75 पर तिग्गा फ्यूल पास कंदरी गांव के चिल्हटोली के पास ट्रैक्टर से बाराती गाड़ी की भीषण टक्कर हो गयी। घटना सोमवार देर रात की है। इसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया गया कि सभी चान्हो थाना क्षेत्र के सोंस पतरातू गांव से बोलेरो गाड़ी से रामगढ़ जिला गोला चितरपुर गांव शादी सम्मारोह में शामिल होने के लिये बारात जा रहे थे। इसी दौरान तिग्गा फ्यूल के पास वन वे सड़क पर सामने से आ रही ट्रैक्टर के ट्रॉली से बाराती गाड़ी की भीषण टक्कर हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे, जहां ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को उपचार के लिये रेफरल अस्पताल मांडर लेकर गये। चिकित्सकों ने जांच के बाद चान्हो थाना के सोस पतरातू गांव निवासी अनंत महतो (50) और राशन डीलर विजय कुमार गुप्ता (35) को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल विजय महतो भाजपा चान्हो मंडल अध्यक्ष और बाराती गाड़ी चालक सूरज उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया। दोनों का इलाज रिम्स में चल रहा है।

# झारखंड सरकार ने नये डीजीपी के लिए यूपीएससी को भेजा नाम

**-11 फरवरी, 2023 को समाप्त होगा डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल**

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड सरकार ने नये डीजीपी के लिए सात अफसरों का पैनल ई-मेल के जरिये यूपीएससी को भेज दिया है। इनमें 1988 बैच के एसएन प्रधान, 1989 बैच के अजय भटनागर, इन्हीं के बैचमेट अजय कुमार सिंह, 1990 बैच के अनिल पाल्टा, अनुराग गुप्ता, 1992 बैच के प्रशांत सिंह व इनके बैचमेट आरके मल्लिक का नाम शामिल हैं। वर्तमान में प्रशांत सिंह और आरके मल्लिक एडीजी रैंक के अफसर हैं। उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी, 2023 को वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनके बाद वरिष्ठ होने के नाते डीजी रैंक में प्रशांत सिंह का प्रमोशन हो जायेगा। पहले से राज्य में अनिल पाल्टा, अनुराग गुप्ता और अजय कुमार सिंह डीजी रैंक में हैं जबकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये एसएन प्रधान वर्तमान में डीजी एनडीआ-रएफ हैं। वहीं, अजय भटनागर भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर हैं।

# समस्तीपुर में आभूषण दुकान में लूटपाट, बदमाशों ने एक को मारी गोली




**पटना, (हि.स.)।** समस्तीपुर जिले के ताजपुर में मंगलवार को आभूषण दुकान में लूट के बाद गोली बारी करते हुए भाग रहे अपराधियों में से चार को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पिटाई कर दी। अपराधियों की गोलीबारी में एक स्थानीय व्यक्ति को गोली लग गई। उसकी हालत नाजुक है। समस्तीपुर के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नीम चौक बाजार स्थित सोनी फैंसी ज्वेलर्स में दुकान खुलते ही दो बाइक पर सवार 6 अपराधियों ने धावा बोलकर तीन बैग में आभूषण लूटकर भर लिए। उनके भागने के दौरान स्थानीय लोगों ने सभी को घेर लिया। भीड़ से घिरा देख अपराधी गोली चलाते हुए भागने लगे। इसमें एक स्थानीय व्यक्ति अशरफ अली को गोली लग गई। इससे भीड़ बेकाबू हो गई और पकड़े गए चारों अपराधियों की जमकर धुनाई कर दी। साथ ही उनकी दोनों बाइक में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक लुटे गए तीन बैग में दो को स्थानीय लोगों ने बरामद कर लिया लेकिन एक बैग दो अपराधी लेकर भागने में सफल रहे। जख्मी स्थानीय व्यक्ति और चारों अपराधियों को पुलिस ने समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। ताजपुर बाजार में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

# हर घर शराब पहुंचाने वाले नीतीश गंगा जल पहुंचाकर प्रायश्चित करना चाहते हैं : गिरिराज



**पटना/बक्सर, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने एक दिवसीय बक्सर प्रवास के दौरान सीएम नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में चूहों को भी शराबी बनाने वाले और हर घर में शराब पहुंचाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब हर घर गंगा जल पहुंचाकर प्रायश्चित करना चाहते है लेकिन वह प्रायश्चित नहीं कर पाएंगे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने देश की बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज चीन में जहां एक मिनट में 10 बच्चे जन्म लेते है, वहीं भारत में 31 बच्चे प्रति मिनट जन्म ले रहे हैं। इसके कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का ग्रोथ तेजी से नहीं हो रहा है। 2025 में यदि बिहार में भाजपा की सरकार बनी तो सबसे पहले जनसंख्या नियंत्रण कानून लाएगी। जो सभी जाति धर्म के लोगों पर लागू होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि यह भारत जोड़ो यात्रा नहीं है, बल्कि टुक-ड़े-टुकड़े गैंग जोड़ो यात्रा है। 2024 में कांग्रेस पूरे भारत में 24 सीट भी नहीं ला पाएगी। गुजरात चुनाव में कांग्रेस को पता चल जाएगा कि उनकी भारत जोड़ो यात्रा कितनी सफल है। गुजरात चुनाव में विपक्ष चारों खाने चित हो जाएगा।

# सरकारी अस्पतालों में लोगों को उपचार कराने के लिए बगहा एसडीएम ने जागरूकता छेड़ा

**बगहा, (हि.स.)।** बगहा अनुमंडल क्षेत्र स्थित सरकारी अस्पतालों में लोगों को स्वास्थ लाभ प्राप्त करने के लिए जन जागरूकता चलाने का अह्वान बगहा अनुमंडल पदाधिकारी डा. अनुपमा कुमारी ने किया है। वो सोमवार के देर शाम मीडिया को अपने सभागार में बुलाकर उक्त सन्दर्भ में बतायी हैं। उन्होंने मीडिया को सम्बोधन दौरान कही हैं कि पिछले दिनों भैरोगंज की स्वास्थ विभाग के छापेमारी दौरान यह बात उभरकर आयी है कि ग्रामीण महिलाओं को झोला छाप डाक्टर बहला फुसलाकर गर्भाशय को अपव्यय बतलाकर आप्रेशन कर शरीर से बाहर निकाल दे रहें हैं, जबकि महिलाओं के शरीर में गर्भाशय का रहना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल बगहा या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार के द्वारा चिकित्सा उपलब्ध है। लोगों को अपने इलाज के लिए इन अस्पतालों में जाकर अपनी डिमांड रखने की जरूरत है। इस दौरान कोई चिकित्सक मरीज को रेफर कर रहा है, या चिकित्सा करने से इन्कार कर रहा है, तो लोगों को चिकित्सक से पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही अन्यत्र जाय। उल्लेखनीय है कि बगहा अनुमंडल क्षेत्र में आये दिन फर्जी क्लिनिकों में भोले भाले महिला मरीजों के गर्भाशय में थोड़ी बहुत समस्या की शिकायत रहने पर झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीज को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी बता कर पैसे की लालच में मानवता को ताक पर रख 30 से 35 वर्ष के कम उम्र में गर्भाशय की ऑपरेशन कर गर्भाशय निकाल दिया जा रहा है, ऐसे में मरीजों को जीवनभर कमर, पैर, सिर में दर्द की शिकायत झेलने की संभावना बनी रहती है, जबकि आधुनिक मेडिकल रिसर्च में गर्भाशय जैसे कोई भी समस्याओं का 90 प्रतिशत इलाज दवा से किया जा सकता है। सिर्फ 10 प्रतिशत मरीजों का ही जटिल होता है, जिसका ऑपरेशन से उनका इलाज किया जाता है। दूसरी तरफ मरीजों के इलाज के लिए बिहार के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है। नये डॉक्टरों की शिकायत है कि प्रतिवर्ष नियमित रूप से डॉक्टरों की बहाली नहीं हो रही है। दूसरी ओर, आइएमए का मानना है कि नियुक्ति की जटिल प्रक्रिया से आजिज होकर युवा डॉक्टर प्राइवेट सेक्टर की ओर चले जा रहे हैं। राज्य के सरकारी अस्पतालों में स्थायी चिकित्सकों के कुल 12895 पद स्वीकृत हैं। स्थायी चिकित्सकों के कुल पदों में 6330 पदों पर ही चिकित्सक कार्यरत हैं, अब भी 50 प्रतिशत स्थायी चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। इसी प्रकार से सरकारी अस्पतालों में सं-विदा वाले 4751 पद स्वीकृत हैं, जिस पर 3030 पदों पर चिकित्सक कार्यरत हैं।

## संपादकीय

# कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं

**एक** ओर कांग्रेस राहुल गांधी को अपना चेहरा बनाकर कथित तौर पर भारत जोड़ने के लिए यात्रा निकाल रही है, वहीं दूसरी ओर पार्टी बिखरती दिख रही है। राजस्थान में दो बड़े नेता अब खुलकर एक-दूसरे के विरुद्ध मैदान में उतर आए हैं। वहीं, मध्यप्रदेश में जिस समय राहुल गांधी की यात्रा गुजर रही है, उसी समय सिख समुदाय के चेहरे और कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी नरेन्द्र सलूजा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। राजनीति के विशेषज्ञ ठीक ही कह रहे हैं कि राहुल गांधी को पहले कांग्रेस को जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। राजस्थान में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए सीधे तौर पर शीर्ष नेतृत्व की कमजोरी माना जाना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अध्यक्ष के चुनाव के दौरान नेतृत्व की कमजोरी को करीब से देख/समझ लिया, इसलिए वे पहली बार सचिन पायलट के खिलाफ कठोर भाषा में सार्वजनिक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने सचिन पायलट को सीधे तौर पर गद्दार कर दिया है और कहा है कि वे कभी भी पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे। आलाकमान के आदेश को ईश्वर का आदेश माननेवाले अशोक गहलोत जब इस भाषा में सचिन पर हमला कर रहे हैं, तब स्पष्टतौर पर समझ आ रहा है कि उन्होंने सोनिया और राहुल गांधी के निर्देशों को किनारे कर दिया है। वे अब ऐसी स्थितियां निर्मित कर रहे हैं कि राजस्थान में कांग्रेस यानी अशोक गहलोत। बहरहाल, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस समय सचिन पायलट पर आक्रामक हमला किया है, वह समय कांग्रेस के लिए परेशानी पैदा करनेवाला है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश के बाद राजस्थान में ही प्रवेश करनेवाली है। ऐसे में वहाँ दो गुटों का इस तरह एक-दूसरे के आमने-सामने आने से अच्छा संदेश नहीं जाएगा। भाजपा ही नहीं अपितु सामान्य लोग भी उपहास बनाएंगे कि भारत जोड़ने चले राहुल गांधी अपनी ही पार्टी को नहीं जोड़ पा रहे हैं। जो एक नेता को नहीं संभाल पा रहे, वे भारत क्या जोड़ेंगे? गहलोत के इस हमले के बाद भले ही पायलट ने हमेशा की तरह चुप्पी साध रखी है लेकिन अब तो उनके मन में भी तूफान उठ रहा होगा। क्योंकि लगातार इस तरह के हमले झेलने के कारण से उनकी छवि पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आलाकमान से हर बार आश्वासन मिलने के बाद भी यदि उनके पक्ष में परिस्थितियां बदलने की जगह और अधिक अपमानजनक हो रही हैं। पायलट गुट की ओर से आलाकमान को अब चेतावनी दी जाने लगी है। गुर्जर नेता विजय सिंह बैंसला ने तो यहाँ तक कह दिया कि यदि सचिन पायलट को जल्द मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया तो राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का विरोध होगा। अब आलाकमान के सामने विकट संकट आन पड़ा है। यदि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया, तो गहलोत गुट सरकार बनने ही नहीं देगा। गहलोत साफ कह चुके हैं कि वे किसी भी कीमत पर पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे। 'किसी भी कीमत पर नहीं' यह बात जोर से कहकर गहलोत ने एकदम स्पष्ट शब्दों में आलाकमान को अपनी मंशा बता दी है। यहाँ संकट यह भी है कि समूची कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को 'सफल' बनाने में समर्पित है, तब यक्ष प्रश्न है कि राजस्थान के रेगिस्तान में आए तूफान को कौन संभालेगा? बिना प्रभावशाली नेताओं के दखल के यह तू-तू-मैं-मैं शांत होने से रही।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अध्यक्ष के चुनाव के दौरान नेतृत्व की कमजोरी को करीब से देख/समझ लिया, इसलिए वे पहली बार सचिन पायलट के खिलाफ कठोर भाषा में सार्वजनिक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने सचिन पायलट को सीधे तौर पर गद्दार कर दिया है और कहा है कि वे कभी भी पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे। आलाकमान के आदेश को ईश्वर का आदेश माननेवाले अशोक गहलोत जब इस भाषा में सचिन पर हमला कर रहे हैं, तब स्पष्टतौर पर समझ आ रहा है कि उन्होंने सोनिया और राहुल गांधी के निर्देशों को किनारे कर दिया है। वे अब ऐसी स्थितियां निर्मित कर रहे हैं कि राजस्थान में कांग्रेस यानी अशोक गहलोत। बहरहाल, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस समय सचिन पायलट पर आक्रामक हमला किया है, वह समय कांग्रेस के लिए परेशानी पैदा करनेवाला है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश के बाद राजस्थान में ही प्रवेश करनेवाली है। ऐसे में वहाँ दो गुटों का इस तरह एक-दूसरे के आमने-सामने आने से अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

## अमृत कलश

# संस्कार की आवश्यकता

**संस्कार** की आवश्यकता इसलिये है कि हमारे जीवन में एक ललक है। जिसको कहते हैं जीने की इच्छा, जानने की इच्छा, सुखी होने की इच्छा, स्वतंत्र होने की इच्छा, सर्जन करने की इच्छा, सौन्दर्य के अन्दर डूब जाने की इच्छा। इन सारी इच्छाओं को यदि हम पूरा करना चाहते हैं तो हम को संस्कार की प्रक्रियाओं को अपनाना पड़ेगा। हम संस्कृतिकरण की प्रक्रिया को न केवल मानव समुदाय के ऊपर लागू करते हैं, परन्तु हम से जुड़ी हुई जितनी भी वस्तुएँ हैं जितने भी प्राणी हैं, उनका भी संस्कार करते हैं। यह ध्यातव्य है कि यदि हम बाह्य संस्कार की प्रक्रिया को गलत ढंग से करते हैं तो हमारे अन्दर की संस्कार प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है। इसलिये शास्त्र कहते हैं, जो कुछ भी हम बाहर का कार्य करते हैं वह इस प्रकार, ऐसा होना चाहिये कि जिससे हमारे अन्तःकरण में एक संस्कार आये एक सूक्ष्मता आये, अन्तःकरण के अन्दर समरसता आये। यह प्रक्रिया हमें शास्त्रकारों ने बतायी उसको जीवन की कला कहा। यह प्रक्रिया अपनाते जाते हैं तो शनैः-शनैः मन में उस पूर्णता को प्राप्त करने की योग्यता आ जाती है- *विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः। रसवर्ज रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते।* (गीता 2/59) कोई व्यक्ति है। वह विषयों को छोड़ देता है तो विषय तो छूट जाते हैं। परन्तु अन्तःकरण में विषयों के प्रति एक रस पड़ा रहता है। जब तक परम आत्मा का साक्षात्कार नहीं होता तब तक वह उससे छूटता नहीं है। पर चार वर्ण, चार आश्रम और चार पुरुषार्थ के पीछे जो दर्शन है, उसमें जबरदस्ती करके किसी के अन्तःकरण को दबाने की कोशिश की या उसके सहज स्वभाव को खत्म करने का प्रयास किया तो उसके अन्दर शुद्धि नहीं आयेगी। स्वभाव जिस तरह प्रकट होता है उसको प्रकट होने देना क्योंकि आत्मा के अन्दर किसी प्रकार के संस्कार नहीं हैं। **-स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती**

## बोध कथा

# सच न बोलने का अंजाम

एक गाँव में युधिष्ठिर कुम्हार रहता था। उसे शराब पीने की बुरी लत थी। एक दिन नशे में लड़खड़ाकर वह एक टूटे बर्तन पर गिर पड़ा। बर्तन का तीखा कोना उसके माथे में जा घुसा और खून बहने लगा। कुछ समय बाद घाव तो भर गया लेकिन माथे पर एक बड़ा निशान पड़ गया। कुछ समय बाद इलाके में अकाल पड़ गया। कुम्हार का काम भी ठप पड़ गया। अतः वह रोजगार की तलाश में दूसरे देश की ओर चल दिया। वहाँ पहुंचकर उसने किसी प्रकार वहां के राजा के पास नौकरी पा ली। एक बार जब राजा ने उसके माथे पर पड़ा निशान देखा तो उसने सोचा कि वह बहुत बहादुर होगा। शायद शत्रु सेना के किसी सिपाही के साथ युद्ध करते समय इसके माथे पर घाव लगा होगा। अतः राजा ने उसे अपने चुने हुए सेनापतियों के साथ नियुक्त कर दिया। एक बार जब पड़ोसी देश के साथ युद्ध के आसार बनने लगे तो राजा ने अपने सेनापतियों का उत्साह बढ़ाने के लिये उन्हें सम्मानित किया। कुछ समय बाद उसने कुम्हार को अपनी सेना का सर्वोच्च सेनापति बनाने का निर्णय लिया। उसने कुम्हार से पूछा, 'वीर युवक ! तुम्हारा नाम क्या है ? तुम्हारे माथे पर यह निशान कैसे पड़ा ? उस युद्ध का क्या नाम है, जिसमें तुमने भाग लिया था ?' 'महाराज !' कुम्हार बोला, 'पेशे से मैं कुम्हार हूं। एक बार मैं शराब पीकर टूटे हुए कांच पर गिर पड़ा था। कांच मेरे माथे में घुस गया था और निशान उसी घाव का है, जो कांच घुसने से बना था।' यह सुनकर राजा आग बबूला हो उठा। उसने उस कुम्हार को सेना तथा देश से बाहर निकालने का आदेश दे दिया। राजा के पैर पकड़कर कुम्हार बहुत गिड़गिड़ाया। अनेक दलीलें दीं कि वह उसे अपनी सेना में बना रहने दे। सेना में रहकर युद्ध के समय उसे जौहर दिखाने का मौका दे, लेकिन राजा ने उसकी एक न सुनी और उसे देश से बाहर कर दिया। अब कुम्हार बिचारा सोच रहा था कि समय पर सच न बोलने का अंजाम ऐसा भी हो सकता है ?

## संविधान के संस्थापकों ने राज्य के नीति निदेशक तत्त्व के माध्यम से इसको लागू करने की ज़िम्मेदारी बाद की सरकारों को हस्तांतरित कर दी थी

# कब तक धर्म विशेष के कानून से शोषण होगाकब तक धर्म विशेष के कानून से शोषण होगा

ललित गर्ग



बाल विवाह एवं यौन शोषण दोनों ही अपराध है। जाहिर है कि बच्चे चाहे जिस भी धर्म के हों, उनके खिलाफ होने वाले अपराधों को समान नजर से देखना और बरतना एक स्वाभाविक कानूनी प्रक्रिया है। नाबालिग बच्चों को उनके खिलाफ यौन अपराधों और शोषण से सुरक्षा देने के लिए पाक्सो कानून बनाया गया। लेकिन भारत में मुस्लिमों के लिए शरीयत कानून को भी मान्यता मिली हुई है जिसके कारण बच्चों पर हो रहे अपराधों पर दोयम दर्जा अपनाया जाता है, इसको लेकर कई बार सामुदायिक परंपराओं के लिहाज से भी इस प्रावधान की प्रासंगिकता को कसौटी पर रखने की कोशिश की जाती है।

**आजादी** के अमृत महोत्सव मना चुके भारत देश के सभी धर्मों के नागरिकों के लिये एक समान धर्मनिरपेक्ष कानून होना चाहिये। संविधान के संस्थापकों ने राज्य के नीति निदेशक तत्त्व के माध्यम से इसको लागू करने की ज़िम्मेदारी बाद की सरकारों को हस्तांतरित कर दी थी। लेकिन पूर्व सरकारों ने वोट बैंक के चलते समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने दिया, अब भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार इस बड़ी विसंगति को दूर करने के लिये तत्पर हुई है, जिसके लागू होने से देश सशक्त होगा। विडम्बना है कि मुस्लिम समुदाय को उनके शरीयत कानून से अनेक ऐसे अधिकार मिले हुए हैं, जो मानवता के विपरीत है, मानव मूल्यों एवं भारत संविधान का हनन है। यह कानून एक मुस्लिम पुरुष को अपनी मौजूदा पत्नियों की सहमति के बिना चार विवाह करने की अनुमति देता है, वही बाल-विवाह एवं यौन शोषण को जायज मानता है। जबकि देश में बाल विवाह कानूनन अपराध है। केरल हाईकोर्ट ने एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समान कानून संहिता को लागू किया है। लड़की की शादी 18 साल बाद और लड़के की शादी 21 साल के बाद ही की जा सकती है। यदि इस उम्र सीमा से नीचे के लड़के या लड़की की शादी की जाती है, तो शादी अवैध घोषित मानी जाती है। इतना ही नहीं बाल विवाह कराने वालों को जेल भी हो सकती है। इसी तरह यौन शोषण का मामला है। बाल विवाह एवं यौन शोषण दोनों ही अपराध है। जाहिर है कि बच्चे चाहे जिस भी धर्म के हों, उनके खिलाफ होने वाले अपराधों को समान नजर से देखना और बरतना एक स्वाभाविक कानूनी प्रक्रिया है। नाबालिग बच्चों को उनके खिलाफ यौन अपराधों और शोषण से सुरक्षा देने के लिए पाक्सो कानून बनाया गया। लेकिन भारत में मुस्लिमों के लिए शरीयत कानून को भी मान्यता मिली हुई है जिसके कारण बच्चों पर हो रहे अपराधों पर दोयम दर्जा अपनाया जाता है, इसको लेकर कई बार सामुदायिक परंपराओं के लिहाज से भी इस प्रावधान की प्रासंगिकता को कसौटी पर रखने की कोशिश की जाती है। केरल उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के बाद इसी द्वंद्व एवं दोहरे नजरिये पर स्पष्ट राय दी है, जिसमें किसी धर्म के तहत बनाए गए अलग नियम के मुकाबले पाक्सो कानून को न्याय का आधार बनाया गया है। यह एक अनूठी पहल है जिसमें पाक्सो कानून को धर्म नहीं, इंसान को एक ही नजर से देखने का उपक्रम है। यही इंसाफ का तकाजा है और उसकी बुनियाद है। केरल हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम कानून के तहत नाबालिगों की शादी पॉक्सो एक्ट से बाहर नहीं हो सकती है। यदि दूल्हा या दुल्हन नाबालिग है और मुस्लिम कानून के तहत उनकी शादी भले ही वैध हो, लेकिन पॉक्सो एक्ट उनपर भी लागू होगा। निश्चित ही मुस्लिम धर्म की मान्यता का हवाला देते हुए अब तक हो रहे बाल विवाह एवं बच्चों के यौन शोषण पर नियंत्रण स्थापित करने की दृष्टि से एक समानता एवं अपराध मुक्ति का परिवेश निर्मित होगा। यानी आज आवश्यकता इस बात की है कि मुस्लिम समुदाय में बाल-विवाह एवं वैवाहिक संबंध को पुनः परिभाषित किया जाए और अधिकारों और कर्तव्यों का पारदर्शी तरीके से परिमार्जन, परिवर्तन एवं संशोधित किया जाए। मुस्लिम समाज में तलाक, बहु-विवाह, बाल विवाह की पूर्ण उन्मुक्ति अन्य समुदायों के पतियों को इस्लाम में परिवर्तित करके अपनी पत्नियों को छोड़ने, अनेक पत्नियां रखने, बाल-यौन-शोषण और उनकी जुड़ी कानूनी कार्यवाही से बचने में सक्षम बनाती है। मूल्यहीनता के जिस भंवर में मुस्लिम समाज धंसता जा रहा है उसे समय रहते उससे निकाला जाए, क्योंकि इससे प्रभुत्व, प्रभाव, धार्मिक आग्रहों और वर्चस्व की लड़ाई में कुंठित मानसिकता ही हावी होती है। भले ही अब बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों और शोषण के संदर्भ में पाक्सो कानून और किसी धर्म के विशेष नियमों के बीच की स्थिति को लेकर नई बहस खड़ी हो, कानून की समानता को लागू किया ही जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय ने एक साहसिक कदम उठाते हुए न्याय की तुला में सबकी समानता की बात को उजागर किया है। कोर्ट ने बाल विवाह को मानवाधिकारों का भी उल्लंघन बताया। क्योंकि बाल विवाह के कारण बच्चा सही से विकसित नहीं हो पाता है। यह सभ्य समाज के लिए एक बुराई है। मुस्लिम कानून के जरिये बाल-अपराध को खुली छूट का फायदा यह समुदाय उठाता रहा है। लेकिन पॉक्सो एक्ट को परिभाषित करते हुए कोर्ट ने कहा कि ये कानून शादी की आड़ में बच्चों के साथ शारीरिक संबंध बनाने से रोकता है। जैसा कि अक्सर कहा जाता है, एक कानून लोगों की इच्छा की अभिव्यक्ति या प्रतिबिंब है। नया भारत निर्मित करने की बात हो रही है, ऐसे में एक धर्म-विशेष के अलग कानून होने की स्थितियों पर पुनर्विचार अपेक्षित है। क्यों मुस्लिम कानून के हिसाब से नाबालिग की शादी वैध मानी जाये? भले ही इस सवाल को केरल की हाईकोर्ट ने पूरी तरह से स्पष्ट करते हुए कहा पॉक्सो एक्ट एक विशेष कानून है, यह विशेष रूप से बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। एक बच्चे के खिलाफ हर प्रकार के यौन शोषण को अपराध माना जाता है। नाबालिग विवाह को भी इससे बाहर नहीं रखा गया है। यह उजला सच है कि पाक्सो कानून के प्रभावी होने के बावजूद हिन्दू हो या मुसलमान एवं अन्य धर्मों को मानने वाले समुदायों में बाल विवाह के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इसलिए सभी पक्षों को इस मसले पर सोच-समझ कर एक ठोस निष्कर्ष तक पहुंचने की जरूरत है, जिसमें नाबालिगों को अपराध से सुरक्षित किया जा सके। बाल-विवाह एवं उनका यौन शोषण पर लगाम और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना आज हर तरह से आवश्यक है। भारत समाज में बच्चों के खिलाफ हो रहे अत्याचार एवं हिंसा के लिये न जाने कितने लोग जिम्मेदार है। समय रहते जागना, जगे रहना और दूसरों को जगाने का सिलसिला बन जाना चाहिए। किसी भी धर्म के हो, यदि हम बच्चों बच्चों के साथ खड़े नहीं होंगे, तो दरअसल अपने हिस्से की संवेदनाओं, जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों को घटा देंगे, अपने मासूम बच्चों को कमजोर कर देंगे। घरों में कैद बच्चियां जो परिवार, समाज रचेंगी, वह भी कमजोर ही होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव को केवल आंकड़े नहीं गिनाने चाहिए, बल्कि एक धर्म-विशेष के बच्चों के हो रहे शोषण एवं अत्याचार के लिये दुनिया में सार्थक मुहिम का सूत्रपात करना चाहिए। दुनिया की तमाम सरकारों से बच्चों के हाल पूछना चाहिए, उनके हो रहे बाल-विवाहों एवं यौन शोषण को रोकने क उपाय सुझाये जाने चाहिए। निर्विवाद रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन है, धर्म-विशेष का होने से उसे आरक्षण नहीं मिल सकता। समाज में प्रचलित परंपराओं और रीतियों में अगर कभी कोई खास पहलू किसी पक्ष के लिए अन्याय का वाहक होता है, तो उसके निवारण के लिए व्यवस्थागत इंतजाम किए जाने ही चाहिए।

# बैंकों की बदहाली व निजीकरण का खतरा



अगस्त 2022 के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बुलेटिन में प्रकाशित एक शोधपत्र ने चेताया है कि हमें सोच-समझकर कदम रखना चाहिए। इस पर आज खुले दिमाग से विचार करने की ज़रूरत है। यह शोध क्या कहता है? इसका मुख्य केंद्र है कि हमें किन-किन मापदंडों पर निजी एवं सरकारी बैंकों की तुलना करनी चाहिए? एक मापदंड बैंक की आय और मुनाफा है। इसमें निजी बैंक बेहतर प्रदर्शन करते हैं। सरकारी बैंकों में कुछ की स्थिति मज़बूत है और कुछ की कमज़ोर। शोधकर्ताओं का कहना है कि हमें अन्य मापदंड भी देखने चाहिए। फाइनेंसियल इन्क्लूशन यानी बैंक की सेवाओं की पहुंच, एक महत्त्वपूर्ण लक्ष्य है। वर्तमान दौर में बैंक की शाखाओं की गांव और कस्बों तक पहुंच, ग्रामीण क्षेत्र में अधिक एटीएम खोलना, गांव में बैंक मित्र यानी बिजनेस करेस्पॉन्डेंट द्वारा लोगों की सहायता करना, इन मापदंडों पर सरकारी बैंक बहुत आगे हैं। सरकारी बैंक की लगभग 50 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

**आजकल** यह धारणा बनती जा रही है कि सरकारी बैंकों का सुधार निजीकरण से ही हो सकता है। अगस्त 2022 के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बुलेटिन में प्रकाशित एक शोधपत्र ने चेताया है कि हमें सोच-समझकर कदम रखना चाहिए। इस पर आज खुले दिमाग से विचार करने की ज़रूरत है। यह शोध क्या कहता है? इसका मुख्य केंद्र है कि हमें किन-किन मापदंडों पर निजी एवं सरकारी बैंकों की तुलना करनी चाहिए? एक मापदंड बैंक की आय और मुनाफा है। इसमें निजी बैंक बेहतर प्रदर्शन करते हैं। सरकारी बैंकों में कुछ की स्थिति मज़बूत है और कुछ की कमज़ोर। शोधकर्ताओं का कहना है कि हमें अन्य मापदंड भी देखने चाहिए। फाइनेंसियल इन्क्लूशन यानी बैंक की सेवाओं की पहुंच, एक महत्त्वपूर्ण लक्ष्य है। वर्तमान दौर में बैंक की शाखाओं की गांव और कस्बों तक पहुंच, ग्रामीण क्षेत्र में अधिक एटीएम खोलना, गांव में बैंक मित्र यानी बिजनेस करेस्पॉन्डेंट द्वारा लोगों की सहायता करना, इन मापदंडों पर सरकारी बैंक बहुत आगे हैं। सरकारी बैंक की लगभग 50 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। निजी बैंक की शाखाएं गांव में बहुत कम हैं, करीब 34 प्रतिशत। सरकारी बैंकों के 21 प्रतिशत एटीएम ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जबकि निजी बैंकों के केवल 8.5 प्रतिशत। सरकारी बैंक के 40 हज़ार से अधिक बैंक मित्र हैं और निजी बैंक के केवल 11 हज़ार। इसका असर दिखता है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 45 करोड़ लोगों को लाभ पहुंचा। इसमें से सरकारी बैंकों का योगदान 44.7 करोड़ था और निजी बैंक का मात्र 1.3 करोड़। बैंकों का एक लक्ष्य है, खाता खोलना और ग्राहकों को लेन-देन की सुविधा देना। दूसरा लक्ष्य है लोगों को कम ब्याज पर कज़र् उपलब्ध करवाना। बैंक राष्ट्रीयकरण के बाद लक्ष्य रखा गया था कि लोगों की साहूकारों के ऊंचे ब्याज पर निर्भरता खत्म कर बैंक या सरकारी सोसाइटी द्वारा सस्ता ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र और खेती के लिए यह एक बड़ी चुनौती थी। एनएसएस (नेशनल सेंपल सर्वे) की वर्तमान रपट (2019) बताती है कि आज ग्रामीण क्षेत्र में बैंकों एवं औपचारिक स्रोतों से 66 प्रतिशत ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, पचास वर्ष पहले यह केवल 22 प्रतिशत था। इसके बावजूद आज भी ग्रामीण लोगों द्वारा लिए जाने वाले कज़र् का एक चौथाई हिस्सा साहूकारों से आता है। हमें बैंक के स्रोतों को और आगे बढना है, पर निजीकरण के रास्ते हम पीछे जाने का मार्ग खोल रहे हैं। प्राइवेट बैंक सामाजिक लक्ष्य को मुनाफे के लिहाज से दरकिनार ही करेंगे। आज ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों द्वारा कुल ऋण का 83 प्रतिशत सरकारी बैंकों से आता है। आरबीआई की इस रपट में कहा गया है कि यह मिथक है कि सरकारी बैंक के कर्मचारी कम काम करते हैं। इन मापदंडों को सामने रखकर देखें तो उनकी उपलब्धि निजी बैंक से कम नहीं है। इस शोध ने यह भी इंगित किया है कि मंदी के दौर में सरकारी बैंकों की भूमिका अधिक कारगर रहती है। आय के साथ सामाजिक मापदंड के लिहाज से भी कई सरकारी बैंक मज़बूत हैं, फिर कुछ सरकारी बैंकों की स्थिति खराब क्यों है? इसकी वजह है सरकारी बैंकों का एनपीए (नॉन परफोर्मिंग एसेट्स) यानी डूबा हुआ कज़र्। एनपीए की समस्या सरकारी एवं प्राइवेट, दोनों बैंकों में होती है, पर सरकारी बैंक में कहीं अधिक है। प्राइवेट बैंक में इसका नुकसान बैंक को झेलना पड़ता है और अंत में उसे आरबीआई या तो बंद करने का आदेश देता है या अधिग्रहण करके किसी दूसरे बैंक को सौंप देता है। सरकारी बैंकों में यह समस्या लम्बे समय तक बनी रहती है, पर अंत में सरकार को पैसे लगाकर बैंकों को उबारना पड़ता है। सरकारी बैंकों की यह परिस्थिति बार-बार देखी गई है। इसलिए निजीकरण के पक्षधर कहते हैं कि इन बैंकों को जीवित रखना पब्लिक के पैसों की बरबादी है, पर क्या सुधार का रास्ता निजीकरण ही हो सकता है? इसकी परतें खोलकर देखनी चाहिए। एक सीमा से ज्यादा एनपीए के दो मुख्य कारण हैं: एक, कज़र् देने और वसूलने में ढील, लापरवाही या राजनीतिक दवाब। दूसरा, धोखाधड़ी और सांठगांठ। यह सरकारी और निजी, दोनों तरह के बैंकों में पाया जाता है, पर सरकारी बैंकों में यह समस्या कहीं अधिक है। सरकारी बैंकों में सुधार हेतु 2014 में नायक समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट आरबीआई को पेश की गई थी। इसमें कहा गया था कि सरकारी बैंक के बोर्ड बहुत कमज़ोर हैं। उनकी निगरानी और मार्गदर्शन-शक्ति प्रभावशाली नहीं है। सरकारी व्यवस्था में कई काबिल लोग हैं, परंतु बोर्ड की सिलेक्शन व्यवस्था कमज़ोर है, इसलिए प्रोफेशनल रूप से इन्हें नहीं चुना जाता। इससे उनकी कार्यशैली प्रभावित होती है और वे एनपीए पर ज़रूरी आंतरिक नियंत्रण और निगरानी नहीं रख पाते। योग्य लोगों की कमी नहीं है, पर व्यवस्था बनाने में कमी है। समिति ने कई सुझाव रखे थे। उन पर पर सघन विचार शुरू हुआ था और 2015 में आरबीआई ने निगरानी के ठोस कदम भी उठाए थे, परंतु इसके बाद उसे ठंडे बस्ते में डालकर हम निजीकरण की तरफ बढ़ गए। दूरगामी व्यवस्था में हमें सरकारी एवं प्राइवेट दोनों बैंक चाहिए, पर मजबूती के साथ। दोनों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। प्राइवेट बैंकों की ताकत टेक्नोलॉजी अपनाने में है और सरकारी बैंकों की ताकत सामाजिक न्याय प्राप्त करने में। दोनों व्यवस्थाएं प्रोफेशनल ढंग से चल सकती हैं और एक-दूसरे से सीख सकती हैं। बैंकिंग व्यवस्था हमारी अर्थव्यवस्था की नींव है, पर इस क्षेत्र की कुछ बातें हैं जिसके लिए इस पर अलग ढंग से नियंत्रण करने की ज़रूरत होती है। मसलन, हर बैंक में एनपीए होते हैं और उसका बैंक की बैलेंस शीट में उल्लेख किया जाता है, किंतु पूरा खुलासा नहीं किया जाता। इसका कारण है कि बैंकों पर गलत अफवाह फैलने और उसके डूबने का खतरा होता है। हाल के उदाहरण से समझ सकते हैं। यस बैंक के संकट के समय यह अफवाह फैलने लगी कि सरकार प्राइवेट बैंक को डूबने देगी और केवल सरकारी बैंक में ही हमारे पैसे सुरक्षित हैं। यदि आरबीआई ने उचित कदम नहीं लिए होते तो बिना किसी कारण कई अन्य प्राइवेट बैंक डूब जाते। बैंकिंग तंत्र एक सिस्टम की तरह चलता है और इस कारण एक बैंक पर खतरा पूरी व्यवस्था को डुबा सकता है, यानी स्वस्थ बैंक भी सुरक्षित नहीं रह सकते। इतिहास से सबक लेते हुए सभी देशों में सेंट्रल बैंक बने।

## नागरिक बोध

# आप और कांग्रेस में गुजरात मे होगा घमासान


**गुजरात** मे चुनाव सिर पर है। राजनीतिक दलों का प्रचार प्रसार परवान चढ़ा है। शांत और शांतिप्रिय राज्य में चुनाव की गर्माहट आ गई है। यहां आप और कांग्रेस का सीधा संघर्ष होगा। क्योंकि आप सेंघमारी कर कांग्रेस के वोट काटने पर उतारू है। आप का 2017 में गुजरात मे खाता भी नही खुला था। दोनों दल अपने जीत के दावे कर रहे है। भाजपा अपने मकसद में सफल हो गई है। जनता को अपने पाले में लाने के लिए नित नई रणनीति बनाई गई है। आप कांग्रेस का घोषणा पत्र लोकलुभावन है तो भाजपा ने लोकलुभावन घोषणापत्र दे कर एक बार दोनों दलों से अच्छा घोषणा पत्र दिया है। भाजपा ने गौरव यात्रा का सिलसिला चलाया तो अब कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा का चुनावी ड्रामा किया है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने इस बार भारत भ्रमण से लोगो से जुड़ने का काम किया है और भारत जोड़ो यात्रा में प्रियंका वाड्रा ने भी शिरकत की है। केजरीवाल की बढ़ती शामिलगिरी से कांग्रेस सकते में है। बार बार चुनाव प्रचार में आकर लोगो को संबोधित करते केजरीवाल ने मतदाताओं को लपेटे में लेने की योजना चलाई गई है। वो टॉय टॉय फीस हो रही है।दोनों दलों द्वारा गुजरात मे घर घर सन्देश जा रहा है, वह आपसी कलह और बिखराव का है। गुजरात मे कांग्रेस का शासनकाल जनता ने देखा है और आम आदमी पार्टी नई नवेली पार्टी है।इस पर भरोसा नही किया जा सकता है। इस तरह की जनश्रुति है। आमआदमी पार्टी को गुजरात मे गुजराती जानते तक नही है।शहरो में प्रचार तो हो रहा है, लेकिन गांवो में आप को जानते तक नही है। गुजरात मे कांग्रेस आप शायद मिल जाए तो भी अतिश्योक्ति नही होगी। गुजरात चुनाव में कांग्रेस, आप और भाजपा में भी अंदर घमासान हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल राजनीति के चाणक्य है और उनको 25 वर्ष का अनुभव है। उनका कोई सानी नही है। भूपेंद्र पटेल के लिए मोदी ने कहा था कि भूपेंद्र पटेल अच्छे नेता है।वे अनुभवी और कार्यकुशलता में परिपूर्ण है। गुजरात मे सभी दलों के नेताओ ने पार्टी को अलविदा किया है। ये नेता टिकिट से कम स्वीकारना नही चाहते थे। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने पार्टी को छोड़कर भाजपा अथवा आप का दामन थामा है। टिकट के लिए भाजपा में भगदड़ नही मची हो परंतु उसके लिए वह आसान नही था कि कांग्रेस, भाजपा और आप के त्रिकोणात्मक संघर्ष के बाद कौन सफ़ल होगा।यह परिणाम के बाद ही मालूम पड़ेगा। लेकिन इस बार संघर्ष बड़ा है। भाजपा विकास के नाम पर वोट मांग रही है। उसमें मोदी के नाम का भी उपयोग किया है। कांग्रेस के पास ठोस मुद्दा नही है तो आप ही खाली हाथ जनता के बीच मे है। जबकि केजरीवाल पानी, बिजली की रेवड़ी पर जुगाड़ करने निकले है। जिसके लिए जनता तैयार नही है। दिल्ली में भाजपा की सरकार है और गुजरात मे भी भाजपा है। इससे जनता को फायदा जरुर होगा। गुटबाजी खत्म कर चुनावो पर असर नही पड़ने की जवाबदेही उठाई गई है। भाजपा में घोषणा पत्र और प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा फिर से सता में आने के लिए बैचेन है और इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने वाली है। भाजपा, कांग्रेस और आप ने जनसभाएं, स्वागत सभाएं की है। जिसमे भाजपा की जनसभाएं बहुत हुई है। भाजपा की तरफ से आधा दर्जन केंद्रीय मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री योगी और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सरमा नेताओ ने सभा की है।

## देश दुनीया से

# श्रद्धा की निर्मम हत्या से मानवता शर्मसार

**उसे** क्या मालूम था कि जिस प्रेमी के लिए वह अपने मां-बाप को छोडक़र उसके साथ पिछले तीन साल से रह रही है, वही एक दिन उसकी निर्मम हत्या करके उसके परिजनों को उम्र भर आंसू बहाने के लिए छोड़ देगा। मुंबई के मलाड गांव की श्रद्धा (28) नामक मृतक लडक़ी के प्रेमी आफताब के लिए आफत उस समय बन गई जब वह मृतक लडक़ी के शव के 35 टुकड़े करके रोजाना छत्रपुर जंगल में जाकर फैंकने लगा। सच कहें तो इस वारदात से इंसानियत तार-तार होकर रह गई। कातिल आफताब ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा की जिस तरह निर्मम हत्या करके उसके शव की बेकद्री की, ऐसा कोई जानवर भी नहीं कर सकता है। राजधानी दिल्ली में घटित हुई इस दुखद घटना की वजह से पूरा देश सदमे में है। आरोपी युवक को तुरंत फांसी पर लटकाए जाने की मांग उठ रही है जिसने समाज की आपसी एकता को तोडऩे की कोशिश की है। श्रद्धा और आफताब की दोस्ती सोशल मीडिया से शुरू होकर लिव इन रिलेशनशिप में बदल गई। वे दोनों मुंबई में एक मल्टी नेशनल कंपनी काल सेंटर में काम करते थे। श्रद्धा आफताब को अपना जीवन साथी बनाने के सपने संजो चुकी थी, मगर आफताब के मतलबीपन को भांप नहीं पाई थी। वह उससे शादी किए जाने की मांग पर अड़ी रही। लडक़ी के परिजनों को उनका यह रिश्ता कतई पसंद नहीं था। नासमझ लडक़ी श्रद्धा ने अपने प्रेमी आफताब की वजह से अपने परिजनों से किनारा कर लिया था। पहले वे दोनों मुंबई में कार्यरत रहे और फिर दिल्ली में शिफ्ट हो चुके थे। आफताब अपनी प्रेमिका श्रद्धा से पीछा छुड़ाने के लिए हर दिन योजनाएं भी बना रहा था, मगर वह सफल नहीं हो पाया। उक्त प्रेमी जोड़ा हिमाचल प्रदेश की वादियों में भी घूमकर वापस गया। वासना का भूखा भेडिय़ा आफताब मानों अपनी प्रेमिका श्रद्धा से ऊब चुका था और उसने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। आफताब ने श्रद्धा की निर्मम हत्या मई महीने के मध्य में की। मृतक लडक़ी के पिता ने बेटी की गुमशुदगी की पुलिस रिपोर्ट मुंबई में सितंबर महीने में दर्ज करवाई थी। बात अगर हत्या तक सीमित रहती तो बात कोई अलग थी। आफताब ने पुलिस से बचने के लिए श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए थे। शव के उक्त टुकड़े उसने एक फ्रिज के अंदर रखे ताकि किसी को भनक न लग सके। मीडिया सुर्खियों के अनुसार कातिल आफताब रोजाना देर रात को दिल्ली के महरौली जंगल में श्रद्धा के शव के दो टुकड़ों को फैंक कर आता था। मानवता के दुश्मन आफताब ने सोचा था कि उसके द्वारा ऐसा किए जाने पर किसी को उसके इस जघन्य अपराध की भनक नहीं लगेगी। वह उसी कमरे में अपना जीवनयापन करता रहा जहां फ्रिज में श्रद्धा की लाश के टुकड़े रखे हुए थे। अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कानून के शिकंजे से नहीं बच सकता है। आफताब के साथ भी ठीक वैसे ही हुआ। पुलिस ने छह महीने बाद इस हत्याकांड के आरोपी को दबोचा है। मृतक लडक़ी श्रद्धा आफताब के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बावजूद अपने मां-बाप के संपर्क में नहीं थी। मगर अपने एक दोस्त को सोशल मीडिया के जरिए वह अपनी आपबीती सुना चुकी थी। श्रद्धा का दोस्त भी उसे आफताब से समय रहते शादी किए जाने की सलाह देता था। श्रद्धा हत्याकांड की गुत्थी उस समय सार्वजनिक हुई जब उसके दोस्त को सोशल मीडिया पर काफी दिनों से कोई जवाब नहीं मिला। श्रद्धा द्वारा सोशल मीडिया में अक्सर अपनी फोटो पोस्ट किए जाने से उसके परिजनों के दिल को एक तसल्ली रहती थी।काफी महीनों से श्रद्धा का सोशल मीडिया से नदारद रहने पर उसके परिजनों को शक हुआ। वहीं इस बीच श्रद्धा के दोस्त ने उसके परिजनों को पूरी कहानी बताई तो मामला पुलिस को सौंपा गया। दिल्ली पुलिस ने जब आफताब से कड़ी पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल किया। अपने परिजनों की खुशियां तार-तार करने वाली लडक़ी ने अपने प्रेमी को अपना जीवन साथी चुनकर भी आखिर धोखा खाया। कातिल आफताब किस तरह का हैवान हो सकता है, गौर करने वाली बात है। अगर वह श्रद्धा से शादी करने का इच्छुक नहीं था तो फिर लिव इन रिलेशनशिप में क्यों रहता रहा? हत्या के बाद शव की बेकद्री किए जाने से उसके संस्कारों का पता चलता है।

श्रद्धा आफताब को अपना जीवन साथी बनाने के सपने संजो चुकी थी, मगर आफताब के मतलबीपन को भांप नहीं पाई थी। वह उससे शादी किए जाने की मांग पर अड़ी रही। लडक़ी के परिजनों को उनका यह रिश्ता कतई पसंद नहीं था। नासमझ लडक़ी श्रद्धा ने अपने प्रेमी आफताब की वजह से अपने परिजनों से किनारा कर लिया था। पहले वे दोनों मुंबई में कार्यरत रहे और फिर दिल्ली में शिफ्ट हो चुके थे। आफताब अपनी प्रेमिका श्रद्धा से पीछा छुड़ाने के लिए हर दिन योजनाएं भी बना रहा था, मगर वह सफल नहीं हो पाया। उक्त प्रेमी जोड़ा हिमाचल प्रदेश की वादियों में भी घूमकर वापस गया।



# पाक में कट्टरपंथियों की शर्मनाक हरकत, अहमदी समुदाय की कई कब्रों के साथ की बेअदबी

**लाहौर ।**
पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाला दुर्व्यवहार एक बार फिर दुनिया के सामने उजागर हुआ है। इस बार अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय की कई कब्रों के साथ मजहबी कट्टरपंथियों ने इस्लामी प्रतीकों का इस्तेमाल करने के लिए कथित तौर पर बेअदबी की है। जमात अहमदिया पंजाब के प्रवक्ता आमिर महमूद के मुताबिक ज्ञात लोगों ने लाहौर से करीब 100 किलोमीटर दूर हाफिजाबाद जिले के प्रेम कोट कब्रिस्तान में कब्रों के पत्थरों को अपवित्र किया गया। समुदाय के कब्रिस्तान में कई कब्रों के मकबरे पर इस्लामी आयतें खोदी गई हैं। उन्होंने कहा कि कब्रों को नुकसान पहुंचाने वालों ने आपत्तिजनक शब्द भी लिखे, जो परिवारों के लिए बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में रह रहे अहमदी अपनी मौत के बाद भी चैन से नहीं हैं। अहमदी अपनी कब्रों में सुरक्षित नहीं हैं। महमूद ने अल्पसंख्यक समुदाय की कब्रों को अपवित्र करने में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की। पहले भी पंजाब के अन्य अहमदी कब्रिस्तानों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन एक भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया और न ही उस पर मुकदमा चलाया गया। इस साल अगस्त में, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अहमदी समुदाय की 16 कब्रों को कथित रूप से लाहौर से लगभग 150 किलोमीटर दूर फैसलाबाद जिले के चक 203 आरबी मनावाला में एक कब्रिस्तान में धार्मिक चरमपंथियों द्वारा कब्रों पर इस्लामी प्रतीकों का उपयोग करने के लिए अपवित्र किया गया था। अल्पसंख्यक, विशेष रूप से अहमदी, पाकिस्तान में बहुत कमजोर हैं और उन्हें अक्सर धार्मिक चरमपंथियों द्वारा निशाना बनाया जाता है। पूर्व सैन्य तानाशाह जनरल जिया-उल हक ने अहमदियों के लिए खुद को मुसलमान कहना या इस्लाम के रूप में अपने विश्वास का उल्लेख करना एक दंडनीय अपराध बना दिया। 1974 में पाकिस्तान की संसद ने अहमदी समुदाय को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया था। एक दशक बाद, उन्हें खुद को मुसलमान कहने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन पर उपदेश देने और तीर्थ यात्रा के लिए सऊदी अरब जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बदला मंकीपॉक्स का नाम, किया एमपॉक्स




**जिनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सोमवार को कहा है कि मंकीपॉक्स बीमारी को अब एमपॉक्स के नाम से जाना जाएगा। वैश्विक विशेषज्ञों के साथ सिलसिलेवार विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, एक साल तक दोनों नामों को इस्तेमाल में लाया जाता रहेगा। उसके बाद मंकीपॉक्स नाम को इस्तेमाल करने पर पूर्ण विराम लगा दिया जाएगा। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि दोनों नामों के इस्तेमाल के जरिए वैश्विक महामारी के प्रकोप के दौरान नाम बदलने से उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर करने में मदद मिलेगी। एमपॉक्स एक दुर्लभ वायरल बीमारी है। इसका संक्रमण मध्य व पश्चिमी अफ्रीका के वर्षा वन वाले इलाकों में सामने आए हैं। बता दें, मई 2022 की शुरुआत से मंकीपॉक्स के मामले कई देशों में सामने आए हैं। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार देश में लगभग 30,000 केस दर्ज किए हैं। अमेरिका में मंकीपॉक्स वायरस के अधिकांश केस पश्चिमी या मध्य अफ्रीकी देशों की बजाए यूरोप व उत्तर अमेरिका की यात्रा करने वालों में मिले हैं। अफ्रीकी देशों में यह वायरस स्थानीय स्तर पर फैल रहा है। अब तक सामने आए अधिकांश मामले प्राथमिक यौन स्वास्थ्य केंद्रों के जरिए सामने आए हैं। इनमें यौन रोगों से जुड़े केस शामिल हैं। ये सिर्फ पुरुषों के समलैंगिक सेक्स से जुड़े नहीं हैं। पिछले माह डब्ल्यूएचओ ने कहा था कि मंकीपॉक्स लगातार अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के अधीन बना हुआ है। यह आपात जनस्वास्थ्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता के दायरे में आता है हालांकि, कई देशों में फैलने के बाद मंकीपॉक्स के खतरे को लेकर टीकाकरण के बाद वैश्विक स्थिति में कुछ सुधार आया है। डब्ल्यूएचओ ने क्षेत्रवार स्थिति का आकलन किया था। इसमें अमेरिका को उच्च जोखिम वाला, यूरोप को मध्यम जोखिम वाला, अफ्रीका, पूर्वी भूमध्यसागरीय और दक्षिण-पूर्व एशिया को मध्यम और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र को कम जोखिम वाला बताया था।

### जापान में जन्मदर और नीचे, सरकार ने माना चिंताजनक, कहा- युवाओं को संतानों के लिए करेंगे प्रोत्साहित



**टोक्यो।** जापान में बच्चों की जन्मदर पिछले साल के रिकॉर्ड से और नीचे पहुंच गई है। सरकारी प्रवक्ता ने हालात को चिंताजनक करार दिया है। चीफ कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मत्सुनो ने वादा किया है कि सरकार युवाओं को विवाह करने व ज्यादा संतानों को जन्म देने के लिए प्रोत्साहित करने के कदम उठाएगी। जापान में इस साल जनवरी से सितंबर तक केवल 5,99,636 बच्चों ने जन्म लिया। यह पिछले साल के मुकाबले 4.9 फीसदी कम है। इससे आशंका है कि पूरे साल 2022 में जन्म लेने वाले बच्चों की तादाद पिछले साल के 8,11,000 से भी नीचे पहुंच सकती है। जापान दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन यहां जीवन-यापन की कीमतें काफी ज्यादा हैं और वेतन बढ़ने की रफ्तार खासी सुस्त। रूढ़िवादी सरकार समाज को बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए समावेशी बनाने में पिछड़ गई है। सरकार की ओर से लोगों को संतानें पैदा करने के लिए अब तक दिए गए प्रोत्साहनों का प्रभाव सीमित रहा है।

### अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन यात्री भेजेगा चीन, शेनझोऊ-15 अंतरिक्ष यान करेगा लॉन्च



**बीजिंग।** चीन अंतरिक्ष जगत में खुद का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को वह शेनझोऊ-15 अंतरिक्ष यान लॉन्च करेगा, जो अंतरिक्ष स्टेशन के आखिरी चरण को पूर्ण करने में मदद करेगा। इसमें तीन अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे। एजेंसी ने कहा कि अंतरिक्ष यान में फी जुनलॉन्ग, देंग किंगमिंग और झांग लू सवार होकर अंतरिक्ष स्टेशन तक जाएंगे। बता दें कि हाल ही में चीन का अंतिम लैब मॉड्यूल 'मेंगशन' उसके निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा था। यह अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच अंतरिक्ष में अपनी मौजूदगी बनाए रखने के चीन के एक दशक से भी ज्यादा पुराने प्रयासों का हिस्सा है। मेंगशन को दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान पर वेनचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से भेजा गया था।

# जन प्रदर्शनों ने शी जिनपिंग को झुकाया जीरो कोविड नीति बदलने के संकेत



**बीजिंग ।**
चीन के कई शहरों में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद अब संकेत हैं कि कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार अपनी कोविड-19 नियंत्रण नीति में बड़े बदलाव की घोषणा करने वाली है। नई नीति में संक्रमण के रोकथाम से ज्यादा जोर संक्रमित मरीजों के इलाज पर दिया जाएगा। एक विशेष रिपोर्ट में बताया है कि बहुचर्चित जीरो कोविड में बदलाव के बारे में महीने भर से विचार किया जा रहा था। पिछले 11 नवंबर को कोविड नियंत्रण के नए 20 सूत्रीय उपाय घोषित किए गए थे। लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने उसके मुताबिक अपने तौर-तरीके नहीं बदले। उसका नतीजा अनेक शहरों में हुए प्रदर्शनों के रूप में सामने आया है। इसके बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार के लिए जीरो कोविड नीति में ठोस बदलाव प्राथमिकता बन गया है। खबर के मुताबिक जनवरी की शुरुआत से कोविड नियंत्रण की नीति में और ढील दी जाएगी। उस समय सरकार एलान करेगी कि महामारी खत्म हो गई है और अब कोविड सिर्फ आम संक्रामक बीमारी के रूप में मौजूद है। इसके साथ ही स्थानीय और राज्यों के उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी, जिन्होंने 20 सूत्रीय नए उपायों को लागू करने में कोताही दिखाई थी। वैसे कुछ सूत्रों ने कहा है कि बीते दिनों में नए संक्रमण के मामलों में तेज उछाल भी एक कारण रहा, जिससे अधिकारियों ने 20 सूत्री उपायों के मुताबिक ढिलाई नहीं बरती। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक लॉकडाउन और खास इलाकों में सबकी कोविड जांच करने की नीति के खिलाफ स्थानीय स्तरों पर प्रदर्शन बीते कई दिनों से जारी थे। लेकिन शिनजियांग प्रांत की राजधानी उरुमची में बहुमंजिली इमारत में आग लगने की घटना (जिस में 10 लोगों की जान गई) के बाद इन प्रदर्शनों ने व्यापक रूप ले लिया। खास कर बीजिंग स्थित सिंगहुआ यूनिवर्सिटी जैसे खास संस्थान में विरोध प्रदर्शन होने की घटना ने कम्युनिस्ट पार्टी नेतृत्व को चिंतित किया है। पश्चिमी मीडिया की रिपोर्टों में इन प्रदर्शनों को 1989 में बीजिंग पर तियानानमेन चौराहे छात्रों के लगे जमावड़े के बाद का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन बताया गया है। विश्लेषकों के मुताबिक अभी खड़ी हुई इस समस्या का असल कारण बीते दो वर्ष में कोविड पर काबू पाने में चीन की नाकामी है। इसके लिए चीन में बनी कोविड वैक्सीन की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। बताया जाता है कि ये वैक्सीन शुरुआती कोविड-19 वायरस से बचाव में तो सक्षम साबित हुए, लेकिन बाद में इसके जो स्ट्रेन और वैरिएंट आए, उनसे बचाव में ये अप्रभावी रहे।

### चीन में चल रहे विरोध प्रदर्शन को अमेरिका का समर्थन, कहा- सबको शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने का अधिकार

**वाशिंगटन ।** चीन में लॉकडाउन के विरोध में चल रहे प्रदर्शन को अमेरिका का साथ मिला है। अमेरिका ने इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि चीन की 'शून्य कोविड नीति' काम नहीं करने वाली है। हम समझते हैं कि चीन के लिए शून्य कोविड रणनीति के जरिए इस वायरस को नियंत्रित करना पाना बहुत मुश्किल होगा। हम दुनिया के किसी भी देश में चल रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन का समर्थन करते हैं। अमेरिका ने कहा है कि चीन के कई हिस्सों में 'शून्य कोविड नीति' के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। इस नीति के तहत चीन एक बार किसी इमारत या इलाके में कोरोना वायरस का मामला मिलने के बाद, उसे पूरी तरह से सील कर देता है जिस वजह से लोगों को असुविधा होती है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद समन्वयक फॉर स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशंस जॉन किर्बी ने एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। किर्बी ने कहा कि अमेरिका ने फिलहाल चीन को किसी तरह की मदद की पेशकश नहीं की है। उन्होंने कहा कि हम दुनिया भर में कोविड टीकों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता हैं। हमें चीन द्वारा हमारे टीकों को प्राप्त करने के लिए कोई अनुरोध या कोई दिलचस्पी नहीं मिली है। किर्बी ने कहा दुनिया भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के लिए हमारा संदेश समान और सुसंगत है। लोगों को इकट्ठा होने और शांतिपूर्ण ढंग से नीतियों या कानूनों का विरोध करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन समस्या का हल करता है।

# आईएसआई के पूर्व प्रमुख जनरल फैज हामिद समय से पहले लेंगे रिटायरमेंट, सेना प्रमुख नहीं चुने जाने से नाराज




**इस्लामाबाद ।**
आईएसआई के पूर्व प्रमुख और पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों में से एक, लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद ने मंगलवार को अपनी सेवानिवृति को लेकर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे समय से पहले रिटायरमेंट ले लेंगे। हामिद के इस फैसले के पीछे उनकी नाराजगी बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त नहीं होने की वजह से उन्होंने यह फैसला लिया है।

### जनरल हामिद ने अपना इस्तीफा भेजा, स्वीकृति का इंतजार: रिपोर्ट

बताया कि बहावलपुर कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट-जनरल हामिद ने देश के सेना प्रमुख के रूप में नहीं चुने जाने के बाद जल्दी सेवानिवृत्ति लेने का फैसला किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनरल हामिद ने अपना इस्तीफा आलाकमान को भेज दिया है। सेना प्रमुख जनरल मुनीर के मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद होने वाली नई पोस्टिंग से पहले अधिकारियों ने उनका इस्तीफा पहले ही स्वीकार कर लिया है।

### ले. जनरल आसिम मुनीर बनाए गए पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख


शहबाज शरीफ सरकार ने 24 नवंबर को ले. जनरल आसिम मुनीर को पाकिस्तान के नए आर्मी चीफ के रूप में नियुक्त किया था। मुनीर जनरल कमर जावेद वाजवा की जगह लेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। यह नए सेना प्रमुख की नियुक्ति की प्रक्रिया के सोमवार को उस समय शुरू हुई जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संभावित उम्मीदवारों के लिए देश के रक्षा मंत्रालय को एक पत्र लिखा था। लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को पाकिस्तान में एक उत्कृष्ट अधिकारी माना जाता है। लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर ने मंगला में ऑफिसर्स ट्रेनिंग स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से सैन्य सेवा में प्रवेश किया और उन्हें फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट में नियुक्त किया गया। वह जनरल बाजवा के तब से करीबी सहयोगी रहे हैं, जब से उन्होंने निवर्तमान सेना प्रमुख, जो उस समय कमांडर एक्स कोर थे।

# सुरक्षाबलों ने टीटीपी कमांडर समेत 11 आतंकवादी किए ढेर, टीटीपी ने खत्म किया युद्धविराम



**पेशावर ।**
पाकिस्तान में सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने टीटीपी का एक कमांडर और दस आतंकवादी मार गिराए। सूत्र ने बताया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे अशांत लक्की मरवत में मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों की गोलीबारी में टीटीपी कमांडर टीपू और दस अन्य मारे गए। सूत्र ने कहा कि दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में सुरक्षा बल भी घायल हुए हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अफगान सीमा से आने वाले टीटीपी के लड़ाकों और सुरक्षाबलों का आमना-सामना हो गया, जिसके परिणामस्वरूप गोलीबारी हुई। आतंकवादी पूरी तरह से अमेरिकी नाइट विजन डिवाइस (एनवीडी) उपकरण और भारी हथियारों से लैस थे। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने जून में सरकार के साथ हुए अनिश्चितकालीन संघर्ष विराम को सोमवार को वापस ले लिया और अपने उग्रवादियों को देश भर में हमले करने का आदेश दिया।

# हिंद महासागर मंच की बैठक में मालदीव के भाग नहीं लेने पर भड़का चीन, बयान जारी कर जताया अफसोस



**माले ।**
चीन-हिंद महासागर क्षेत्र विकास सहयोग मंच की 21 नवंबर को हुई बैठक में मालदीव के शामिल नहीं होने से चीन खफा हो गया है। माले स्थित चीनी दूतावास ने बाकायदा बयान जारी अफसोस जताया है। चीन की मेजबानी में हुई इस बैठक में मालदीव के अलावा ऑस्ट्रेलिया ने भी शिरकत नहीं की। मालदीव का इसमें शामिल नहीं होना इसलिए भी अहम है कि वह चीन का बड़ा कर्जदार होने के बाद भी उसके दबाव में नहीं आया और इस बैठक में शामिल नहीं हुआ।

माले स्थित चीनी दूतावास ने बयान में कहा कि यदि मालदीव इसमें शामिल होता तो उसे जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंताओं को दूर करने और ब्लू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद मिलती। ब्लू या नीली अर्थव्यवस्था से आशय समुद्री संसाधनों के आधार पर ऐसी आर्थिक गतिविधियां करना, जिनसे पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे है। मालदीव के सरकारी अधिकारियों को बैठक में निमंत्रण दिया गया था। अफसोस की बात है कि मालदीव सरकार के अधिकारियों ने इसमें भाग नहीं लिया। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने 21 नवंबर हुई चीन-हिंद महासागर क्षेत्र विकास सहयोग मंच की बैठक में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। मालदीव ने बयान जारी कर कहा था कि विदेश मंत्रालय स्पष्ट करना चाहता है कि मालदीव सरकार ने विकास सहयोग मंच की बैठक में भाग नहीं लिया और 15 नवंबर को ही चीन (पीआरसी) को अपने फैसले से अवगत करा दिया था। श्रीलंका, पाकिस्तान और मालदीव चीन के सबसे बड़े कर्जदारों में से हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, चीना का पाकिस्तान पर 77.3 अरब डॉलर का बाहरी कर्ज बकाया है। मालदीवा का कुल कर्ज उसकी राष्ट्रीय आय (जीएनआई) का 31 फीसदी है। मालदीव के अलावा ऑस्ट्रेलिया ने भी चीन की मेजबानी में हुई बैठक में भाग नहीं लिया था। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओफारेल ट्वीट कर यह जानकारी दी थी।

# अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी क्यों मार रहे हैं इमरान खान

**इस्लामाबाद ।**
क्या पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान अब खुद अपने पांव पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं अपनी ही पार्टी की दो प्रांतीय सरकारों को गिराने और सभी प्रांतीय असेंबलियों से पीटीआई सदस्यों से इस्तीफा दिलवाने के उनके फैसले के बाद सियासी हलकों में ये सवाल उठा है। विश्लेषकों के मुताबिक इन दोनों प्रांतों की सरकारें पीटीआई की ताकत का एक बड़ा जरिया रही हैं। उनकी वजह से पंजाब और खैबर पख्तूनवा प्रांत पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए अपेक्षाकृत एक सुरक्षित जगह बने रहे हैं।



पीटीआई के नेतृत्व ने सोमवार को पंजाब और खैबर पख्तूनवा की असेंबलियों के भंग कराने के फैसले को मंजूरी दे दी। इसका एलान पार्टी के नेता फव्वाद चौधरी ने किया। इमरान खान ने जल्द आम चुनाव की अपनी मांग पर जोर डालने के लिए फैसला किया है कि उनकी पार्टी सभी असेंबलियों से अलग हो जाएगी। बीते शनिवार को पीटीआई के लॉन्ग मार्च को खत्म करने का एलान करने के साथ ही उन्होंने कहा था- 'हमने भ्रष्ट सिस्टम से खुद को अलग करने और सभी असेंबलियों से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है।

फव्वाद चौधरी ने बताया कि पार्टी नेतृत्व के फैसले के मुताबिक पंजाब असेंबली की बैठक इस शुक्रवार और खैबर पख्तूनवा असेंबली की बैठक शनिवार को होगी। उसमें सदन को भंग करने के प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इस बीच सोमवार को सिंध प्रांत में प्रांतीय असेंबली के पीटीआई के सभी 26 सदस्यों ने अपना इस्तीफा विधायक दल नेता खुर्रम शेर जमां सौंप दिया। खुर्रम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे जल्द ही इन इस्तीफों को मंजूरी के लिए असेंबली के सामने रख देंगे।

पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री परवेज इलाही ने रविवार को कहा था कि उनकी सरकार इमरान खान के निर्देश का पालन करेगी। सोमवार को असेंबलियों को भंग कराने के निर्णय पर पीटीआई नेतृत्व की मुहर के बाद खैबर पख्तूनवा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने कहा कि वे मंगलवार को इलाही से मुलाकात कर असेंबलियों को भंग कराने की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श करेंगे।

पीटीआई पंजाब और खैबर पख्तूनवा के अलावा कथित आजाद कश्मीर और गिलगिट-बालटिस्तान में भी सत्ता में है। बाकी दो क्षेत्रों के बारे पार्टी ने क्या फैसला किया है, इस बारे में अभी सूचना नहीं मिली है। पीटीआई समर्थकों ने असेंबलियों से इस्तीफे के फैसले को इमरान खान का 'मास्टर स्ट्रोक' बताया है। लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि इससे जल्द चुनाव का रास्ता साफ होने की संभावना नहीं है। उलटे पीटीआई के हाथ से सत्ता के केंद्र निकल जाएंगे, जिनसे उसे ताकत मिलती थी। शहबाज शरीफ सरकार कह चुकी है कि समय से पहले आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। नेशनल असेंबली का कार्यकाल अगले वर्ष अक्तूबर तक है। मीडिया टिप्पणियों में कहा गया है कि लॉन्ग मार्च के जरिए सरकार को तुरंत चुनाव के लिए मजबूर कराने के अपने इरादे को कामयाब ना होता देख इमरान खान ने ये नया दांव चला है। शनिवार को खान ने कहा था कि अगर लाखों लोग इस्लामाबाद पहुंच जाते, तो पाकिस्तान में श्रीलंका जैसी हालत बन जाती। अगर दंगे भड़कते, तो फिर हालात किसी के हाथ में नहीं रहते। खान ने कहा था- 'मैंने देश में अफरातफरी मचाने वाले कदम से बचने की कोशिश की है।' लेकिन आलोचकों ने कहा है कि नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद बदले हालात के कारण इमरान खान ने अपना चेहरा बचाने का बहाना ढूंढा है।

# गहलोत-पायलट के संकट मोचक ने बदला खेमा

## एक-दूसरे के खिलाफ भी हुए मुखर



**जयपुर ( हि.स. )।** राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी ज्यादा दिन तक नहीं रहती, इसकी एक बानगी इन दिनों राजस्थान कांग्रेस में भी है। यहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत-सचिन पायलट के कट्टर समर्थक रहे नेताओं ने अब सियासी फायदे के लिए खेमे बदल लिए तो निष्ठा दिखाने के लिए एक-दूसरे कैंप के खिलाफ बयानवीर भी बने हुए हैं। इनमें कई प्रमुख नेता तो ऐसे हैं, जो पहले कभी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के करीब हुआ करते थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बाद कट्टर समर्थक माने जाने वाले पूर्व मंत्री और बायतु से कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी, खिलाड़ी लाल बैरवा, मंत्री राजेंद्र गुढ़ा, वाजिब अली, दिव्या मदेरणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी माने जाते थे लेकिन गहलोत सरकार में मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद सीएम गहलोत से नाराजगी के चलते इन नेताओं ने पाला बदलते हुए पायलट कैंप का दामन थाम लिया और अब खुलकर सचिन पायलट कैंप के साथ खड़े हैं। हरीश चौधरी और दिव्या मदेरणा हालांकि किसी कैंप में होने का दावा नहीं करते लेकिन खिलाड़ी बैरवा, राजेंद्र गुढ़ा और वाजिब अली खुलकर गहलोत सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं तो वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधने से भी नहीं चूकते हैं। हाल ही में चल रहे सियासी घटनाक्रम के दौरान भी पायलट कैंप की तरफ से राजेंद्र गुढ़ा और खिलाड़ी बैरवा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। जबकि, साल 2020 में सचिन पायलट कैंप के बगावत के चलते गहलोत सरकार पर आए सियासी संकट के दौरान राजेंद्र गुढ़ा, खिलाड़ी बैरवा, हरीश चौधरी और दिव्या मदेरणा गहलोत सरकार के साथ खड़े रहे। साथ ही, सरकार बचाने के लिए 35 दिनों तक बाड़ेबंदी में भी रहे थे। कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा भी लगातार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सरकार पर सवाल खड़े करते रहेंगे। सचिन पायलट के कट्टर समर्थक माने जाने वाले कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, रमेश मीणा और विश्वेंद्र सिंह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विश्वस्त माने जाते हैं।

## पाक ने ड्रोन से भेजी हेरोइन की खेप बीएसएफ ने पकड़ी

**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। ड्रोन के साथ तीन किलो से अधिक हेरोइन बंधी हुई थी। बीएसएफ की तरफ से महिला कमांडो ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन के बाद बीएसएफ ने महिला कमांडो को सम्मानित करने का ऐलान किया है। बीएसएफ के अनुसार अमृतसर के रमदास सेक्टर के अंतर्गत आने वाले बीओपी दरिया मूसा गांव चाहढ़पुर में ड्रोन की मूवमेंट देखी गई। उस समय बीएसएफ की महिला कांस्टेबल प्रीति और भाग्यश्री गश्त पर थीं। दोनों ने तकरीबन 25 राउंड फायर किए। ड्रोन बंद होने के बाद बीएसएफ ने पूरे इलाके में सर्च किया तो मंगलवार तड़के खेतों में एक हेक्साकॉप्टर चाइना मेड ड्रोन बरामद मिला। इस ड्रोन के साथ हेरोइन बंधी हुई थी। बीएसएफ के आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो हेरोइन के तीन पैकेट्स बरामद हुए। तीनों पैकेट्स में 3.110 किग्रा हेरोइन की खेप बरामद कर ली गई है। जिसकी कीमत करीब 21 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने हरियाणा में ई-टिकटिंग प्रणाली का किया शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र ( हि. स. )।** सूचना प्रौद्योगिकी के युग में प्रदेशवासियों को निर्बाध और सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए एक कदम और आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार ने हरियाणा रोडवेज की बसों में ई-टिकटिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को इस प्रणाली का शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ ही राष्ट्रपति को पहली टिकट के रूप में नेशनल ई-मोबिलिटी कार्ड की प्रति कृति भेंट की गई। भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ओपन लूप टिकटिंग प्रणाली लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। प्रारंभिक चरण में 6 रोडवेज डिपो चंडीगढ़, करनाल, फरीदाबाद, सोनीपत, भिवानी और सिरसा में ई-टिकटिंग प्रणाली लागू होगी। इसी तरह हरियाणा रोडवेज के शेष 18 डिपो में जनवरी 2023 के अंत तक इस परियोजना को पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा। इस परियोजना के मुख्य उद्देश्य राजस्व लीकेज को बंद करना है। साथ ही ओपन लूप टिकटिंग के उपयोग को बढ़ावा देना, जिसे बाद में पूरे भारत में यात्रा के अन्य तरीकों के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, छूट पाने वालों की पहचान, फर्जी पास को खत्म करना, रियायत पाने वाले यात्रियों के लिए कागजी बचत, कॉमन मोबिलिटी कार्ड के उपयोग के माध्यम से यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना, यात्रियों की संख्या के अनुरूप रूट राशनलाइजेशन तथा बसों, सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि करना शामिल है।

## गुरदासपुर में अकाली नेता की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़( हि.स )।** पंजाब के गुरदासपुर में टारगेट कीलिंग का मामला सामने आया है। सोमवार को देर रात अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों ने अकाली नेता अजीत पाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। अकाली नेता अजीत पाल सिंह देर रात अपने दोस्त अमृत पाल सिंह के साथ एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने गाड़ी रोकी। इतने में ही एक कार से आए अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों ने तकरीबन तीन राउंड फायर किए। अमृतपाल तुरंत अजीत पाल को साथ लेकर अमृतसर अस्पताल ले गया, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह एक टारगेट किलिंग का मामला है। अकाली नेता अजीतपाल की कार का नकाबपोश पहले से ही पीछा कर रहे थे। मौका पाकर उन्होंने घटना को अंजाम दे दिया।

## अकाली दल ने गन कल्चर पर कैबिनेट मंत्री गगन को घेरा

**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब में गन कल्चर को लेकर छिड़े विवाद के बीच अकाली दल ने कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान को हथियारों वाली फोटो के मुद्दे पर घेर लिया है। पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि एक मंत्री और आम आदमी के लिए दो अलग कानून नहीं हो सकते, इसीलिए कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान के खिलाफ बंदूक संस्कृति को बढ़ावा देने के मामले में केस दर्ज किया जाना चाहिए। अकाली नेता ने कहा कि भले ही पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने सोशल मीडिया अकाउंट से बंदूक संस्कृति को बढ़ावा देने वाली सभी तस्वीरों को हटाने के लिए 72 घंटे की समय सीमा दी थी, लेकिन कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन इस चेतावनी पर ध्यान देने में नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट संकेत दिए जाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि *खास आदमी* के लिए कानून अलग नहीं है। सरदार बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि कानून और व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के बजाय बंदूक संस्कृति जैसे अभियान शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा मजीठिया हलके में 2015 में दस साल की उम्र में एक युवक को बंदूक के साथ फोटो खिंचवाने के लिए केस दर्ज किया गया था। अकाली नेता ने कहा कि एक तरफ आप की सरकार कथित गन कल्चर के खिलाफ कदम उठा रही है, साथ ही यह लोगों को बंदूक लाइसेंस जारी करने के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाटियों को 20 हजार से 30 हजार तक का चंदा देने पर मजबूर कर रही है।

# वेयर हाउस जम्मू में संस्कृत बाजार का शुभारंभ



**जम्मू।** अनाज मंडी वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू में संस्कृतविपणि (संस्कृत बाजार) का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री प्रदेश भाजपा उपप्रधान शाम लाल शर्मा,चूड़ामणि संस्कृत संस्थान के मुख्य न्यासी शक्ति पाठक,एग्रीकल्चर डायरेक्टर जम्मू केके शर्मा, भाजपा नेता मुनीश शर्मा आदि गणमान्य नागरिकों ने किया। वेयर हाउस में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा संस्कृत बाजार लगाया गया। वेयर हाउस में सामान की सूची संस्कृत में रखी गई और सामान की बिक्री संस्कृत हुई तथा बिल बुक भी संस्कृत में बनाई गई और ग्राहकों को बिल संस्कृत में ही दिए गए। इस अवसर पर अनाज मंडी वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू के प्रधान दीपक गुप्ता ने कहा कि कि यह कार्यक्रम देववाणी संस्कृत के विद्वान स्वर्गीय डॉ उत्तमचन्द शास्त्री पाठक जन्मशताब्दी समारोह के अंतर्गत वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू,चूड़ामणि संस्कृत संस्थान बसहोली जम्मू-कश्मीर, श्रीकैलख ज्योतिष एवं वैदिक संस्थान ट्रस्ट जम्मू-कश्मीर, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरणबीर परिसर जम्मू-कश्मीर और शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (स्कास्ट) जम्मू के संयुक्त तत्वावधान से हुआ। शाम लाल शर्मा ने कहा कि संस्कृत का विकास करने वाली और संस्कृत से सुसंस्कृत होने वाली संस्कृति आज के युग में भी विश्व शांति और सामजिक विकास का जागरण करती है। इतिहास साक्षी है कि प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक भारत ने कभी किसी अन्य देश की भूमि पर आक्रमण नहीं किया। ऐसे आयोजनों से संस्कृत प्रेमियों का मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय डा. उत्तम चंद शास्त्री पाठक जी एवं उनके परिवार का भारत में संस्कृत भाषा के संवर्धन व विकास में अमूल्य योगदान रहा है। शक्ति पाठक ने कहा कि इस अवसर पर उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत है, जो हमारी संस्कृति की रक्षा कर रही है। इसलिए उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि संस्कृत जन-जन तक पहुंचे ताकि भारत की गौरवशाली संस्कृति का और अधिक प्रसार हो सके। श्री कैलख ज्योतिष एवं वैदिक संस्थान ट्रस्ट के प्रधान महंत रोहित शास्त्री ने कहा कि संस्कृत भाषा की लिपि देवनागरी लिपि है। इस भाषा को ऋषि मुनियों ने मन्त्रों की रचना कि लिए चुना क्योंकि इस भाषा के शब्दों का उच्चारण मस्तिष्क में उचित स्पन्दन उत्पन्न करने के लिए अति प्रभावशाली था। इसी भाषा में वेद प्रगट हुए तथा उपनिष्दों, रामायण, महाभारत और पुराणों की रचना की गयी। मानव इतिहास में संस्कृत का साहित्य सब से अधिक समृद्ध और सम्पन्न है।

## हरियाणा एक इंच जमीन भी पंजाब को नहीं देगा : चौटाला

**भिवानी ( हि.स. )।** भिवानी पहुंचे जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने दीपेंद्र हुड्डा को प्रदेश में चुने गए पार्षदों व सरपंचों को लेकर खुली चुनौती दी। वहीं चंडीगढ़ को लेकर साफ किया कि हरियाणा एक इंच जमीन भी पंजाब को नहीं देगा। उन्होंने कहा कि एमएसपी को लेकर कानून बनता है तो पूरे देश के किसानों को फ़ायदा होगा। वे जेजेपी की 9 दिसंबर को अपने पांचवें स्थापना दिवस पर भिवानी में रैली के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक में कही। सबसे पहले दिग्विजय चौटाला ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के दावे पर खुली चुनौती दी। दिग्विजय ने दावा किया कि हरियाणा में जिला परिषद व पंचायत समिति के पार्षद व सरपंच सबसे ज्यादा जेजेपी के बने हैं।

## शिव सैनिकों ने रणबीर नहर को लेकर प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ किया प्रदर्शन



**जम्मू।** जम्मू की शान एवं प्रदेश का सबसे बड़ा सिंचाई नेटवर्क रणबीर नहर आज प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो अपना अस्तित्व खोती जा रही है। एक समय था जब इसके पानी से लोग अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन आज इस पानी में नहाना भी संभव नहीं, यह कहना है शिवसेना जम्मू-कश्मीर प्रमुख मनीश साहनी का। शिवसेना जम्मू-कश्मीर ईकाई के नेताओं ने पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के नेतृत्व में आज जम्मू की तहसील आर पुरा के मीरा साहिब में रणबीर नहर की साफ सफाई और बेहतर रखरखाव तथा इसके विस्तारीकरण की मांग करते हुए प्रदर्शन किया और नहर से कचरा को बाहर निकाला। साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि धन की अनुपलब्धता, प्रशासनिक उदासीनता से 117 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रणबीर नहर जो कि राज्य का सबसे बड़ा सिंचाई नेटवर्क के साथ बासमती की खेती करने वालों सहित हजारों किसानों की जीवन रेखा है, पिछले कुछ सालों से अपना अस्तित्व खोती नजर आ रही है। इस नहर की ही देन है कि जम्मू के दोमाना, मढ़, आरएसपुरा, मीरां साहिब, बिश्नाह, अरनिया आदि इलाकों के सैकड़ों गांवों में बड़े पैमाने पर खेती शुरू हो सकी, जिसने किसानों को संपन्न व आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। आज हालत यह है कि प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो रही नहर में गंदगी के ढ़ेर जमा है।

## केसीडब्ल्यूटी ने नशीली दवाओं के खतरों को कम करने पर एसएसपी की सराहना की



**जम्मू।** कोटली कॉलोनी वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष चंदन दत्ता ने आज एसएसपी उधमपुर से मुलाकात की और उन्हें प्रभावी पुलिसिंग और प्रबंधन के लिए बधाई दी। दत्ता ने अपराध और नशीली दवाओं के खतरे को काफी हद तक नियंत्रित करने के लिए जिला उधमपुर पुलिस की भूमिका की सराहना की। साथ ही समाज के सभी वर्गों के लोगों ने राजमार्ग सड़क प्रबंधन और गोवंश तस्करी को नियंत्रित करने के लिए प्रशंसा की है जो जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में प्रतिबंधित है। दत्ता ने उन्हें कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करने और उस क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और सुरक्षित महसूस करने के लिए रामनगर सब डिवीजन के दूर दराज के लाटी कम सुंदर क्षेत्र में एक छोटी पुलिस चौकी बनाने के अपने फैसले के बारे में जागरूक किया। हमने उनके लोगों के अनुकूल दृष्टिकोण और लोगों तक आसान पहुंच के कारण उनके सक्षम शासन के तहत प्रगतिशील पुलिसिंग देखी है। डॉ विनोद ने केसीडब्ल्यूटी के काम की सराहना की और समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्ग के लिए और मानव जाति की सेवा करने के लिए अपनी टीम का वास्तविक समर्थन सुनिश्चित किया। एसएसपी उधमपुर ने उधमपुर क्षेत्र के प्रमुख और नागरिक समाज के सदस्यों को पुलिस के साथ पूरी तरह से सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।

# मेगा जॉब फेयर-पहले दिन 7 हजार 972 युवाओं ने दिया साक्षात्कार

**बीकानेर ( हि.स. )।** कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग का मेगा जॉब फेयर मंगलवार को राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के मैदान में प्रारंभ हुआ। पहले दिन 7 हजार 972 युवा उपस्थित हुए। सायं 5 बजे तक इनमें से 1 हजार 70 का चयन किया गया। जॉब फेयर के लिए अब तक 30 हजार 816 युवाओं ने पंजीकरण करवा लिया है। दो दिवसीय जॉब फेयर का समापन बुधवार को होगा। इस अवसर पर प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होंगे। मुख्यमंत्री पचास युवाओं को ऑफर लेटर सौपेंगे। इस दौरान विभिन्न कंपनियों के साथ एमओयू भी किए जाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जॉब फेयर के तहत लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन करेंगे। पहले दिन जॉब फेयर के प्रति युवाओं में बेहद उत्साह देखने को मिला। अनेक युवाओं ने क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करवाए, वहीं मेला स्थल पर रजिस्ट्रेशन के लिए दस काउंटर लगाए गए।

No. DMCH/24127/2022

**NOTICE**

**Due to unavoidable circumstances, the date of opening of following tenders is hereby deferred to 06/12/2022 from 12:00 Noon onwards-**

1. Printing and Supplv of Formats, Banners for Dhubri Medical College & Hospital on rate contract basis.
2. Contract for Parking Stand at DMC&H.
3. Supply of Laboratory items for the Department of Anatomy.
4. Hiring of vehicle for Dhubri Medical College & Hospital.
5. Supply of Article & Stationary items for Dhubri Medical College & Hospital

**-- Janasanyog /C/ 15016 /22**

Principal cum Chief Superintendent
Dhubri Medical College & Hospital
Dhubri-Assam

# राजस्थान में बाल गोपाल योजना एवं नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना का शुभारंभ




**जयपुर ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना एवं मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म वितरित की। इस मौके पर गहलोत ने कहा कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा एक समान यूनिफॉर्म पहनने से विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और समाज में समानता का संदेश जाएगा और विद्यार्थियों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस दिशा में दोनों ही योजनाएं महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। सरकार द्वारा बच्चों को स्वस्थ और शिक्षित बनाने के साथ समुचित विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब शिक्षक और अभिभावक सुनिश्चित करें कि यूनिफॉर्म जल्द सिलवाएं और विद्यार्थी विद्यालय में नियमित यूनिफॉर्म पहनकर आएं। योजनाओं के संचालन तथा क्रियान्वयन में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शिक्षक सुनिश्चित करें कि इन योजनाओं से एक भी विद्यार्थी वंचित नहीं रहे। गहलोत ने कहा कि हमारा ध्येय राजस्थान में साक्षरता दर 90 प्रतिशत से अधिक करने के लिए होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कई नवाचार किए जा रहे हैं, जो कि देश में क्रांतिकारी कदम हैं। *नो बैग* डे में एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, उड़ान योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों और युवाओं को तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। शिक्षा के साथ नौकरियां देने में भी प्रदेश अग्रणी रहा है। अभी तक 1.35 लाख नौकरियां दी गई हैं। करीब 1.25 लाख प्रक्रियाधीन हैं और एक लाख की बजट में घोषणा की गई है। गत तीन वर्षों में 211 महाविद्यालय और कई विश्वविद्यालय शुरू हुए हैं। देश के बढ़े शिक्षण संस्थान भी प्रदेश में स्थापित हो चुके हैं। राजकीय विद्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों को दक्षता आधारित रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। गहलोत ने समारोह में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना तथा नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम के तृतीय फेज के मोबाइल एप, दक्षता आधारित डिजिटल रिपोर्ट कार्ड तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में बाल वाटिका की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ के पोस्टर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत राज्य में मिड-डे मील कार्यक्रम से लाभान्वित राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, मदरसों एवं विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पाउडर मिल्क से तैयार दूध मंगलवार और शुक्रवार को उपलब्ध कराया जाएगा।

AIRTSC(LBP)80/2010/137

SHORT TENDER NOTICE

Sealed quotations affixing Court Fee Stamp worth of Rs. 8.25 (Non Refundable) are invited from Indian Publishers/Distributors for Supply of reference Books for the Office of the undersigned and will be received up to 3 PM of 15th, December/2022 and the quotation will be opened of the same day at 3 pm. The Director reserve the right to accept or reject the quotations without assigning any reasons and is not bound to accept the lowest quoted rates. The list of book can be seen in our website www.airtsc-opac.b2h2.co.in. The quotationers may also collect the list of books from the office of the undersigned during office hours.

Terms & Conditions:

1. Incomplete quotations will not be accepted
2. The publisher/Distributor must be registered under GST.
3. PAN Number must be quoted and photocopy of PAN must be furnished with the quotation.
4. No Request for additional amount other than the rate of quoted will be entertained.
5. Rate should be quoted inclusive of taxes.
6. The L 1 quotationer has to deposit security money @5% of the accepted rates at the time of receiving the formal supply order.
7. The book must be delivered within 10 days from the date of issue of supply order.
8. Taxes will be deducted at source as per existing rules, if applicable.
9. Income tax return for the last three consecutive years may be furnished.
10. Bank A/C details with attested copies.

Sd/-
Director,
Assam Institute of Research for Tribals and Scheduled Castes, Khanapara, Jawaharnagar, Ghy-22

*-- Janasanyog /C/ 14971/22*




# महंगाई से 'आम आदमी' को मिलेगी राहत, लागत घटने से कीमतें घटा सकती हैं कंपनियां

**नई दिल्ली।**

दुनियाभर में मंदी की आशंका के बीच बीते कई महीनों से लोग महंगाई की मार झेलने को मजबूर हैं। इस दौरान आम आदमी के घर का बजट बिगड़ गया। हालांकि अब इस स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है। ग्रॉसरी और रोजाना की जरूरी चीजों व कपड़ों की कीमतों में आने वाली तिमाहियों में नरमी की उम्मीद है।

जानकारों के मुताबिक इसका कारण इन चीजों की उत्पादन लागत में आई कमी है। उपभोक्ता वस्तुओं के बाजार से जुड़े जानकार मानते हैं कि बिक्री बढ़ने और लागत घटने का परिणाम प्रोडक्ट्स की कीमतों में नरमी के रूप में सामने आ सकता है। अगर ऐसा होता है तो आम आदमी के लिए यह एक राहत भरी खबर होगी।

फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनियों का मानना है कि आने वाली दो तिमाही में उनकी घट सकती है, ऐसे में वे अपने उत्पादों की कीमत घटाने पर विचार कर सकते हैं। हिंदुस्तान युनिलीवर, ब्रिटैया, मेरीको और इमामी जैसी कंपनियों ने पिछली तिमाही में जो नतीजे पेश किए हैं, उससे संकेत मिलते हैं कि अगली दो तिमाहियों में उनकी लागत घट सकती है। अगर लागत कम होती है तो जाहिर तौर कंपनियां अपने उत्पादों की कीमतों को कम करने पर विचार करेंगी। कुछ कंपनियां लागत घटने के बाद वर्तमान मूल्य पर ही ग्राहकों को बड़े पैकेट (सामग्री के वजन व आकार में वृद्धि) का तोहफा भी दे सकते हैं।

### पिछले कुछ समय के दौरान इन चीजों की कीमतों में मिली है राहत

पिछले कुछ समय में कॉटन की कीमतों में 30 फीसदी की कमजोरी आई है। इससे कपड़ा बनाने वाली कंपनियों को राहत मिली है। बीते एक महीने के दौरान खाद्य तेल की कीमतों में भी 12 फीसदी तक की कटौती हुई है। अगर बात पिछले 15 दिन की करें तो राइस ब्रान ऑयल की कीमत 12 फीसदी, सनफ्लावर ऑयल की कीमत पांच फीसदी और मूंगफली तेल की कीमत 7 फीसदी तक कम हुई है। पिछले हफ्ते ब्रेंट ऑयल की कीमत 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। त्योहारों के बाद सब्जियों की कीमतों में भी राहत मिली है। आलू और प्याज जैसी जरूरी चीजों की कीमतें 50 प्रतिशत तक घटे हैं। महाराष्ट्र के लासलगांव में नवंबर के पहले हफ्ते में प्याज की कीमत 30 किलो थी पर अब यह प्रति किलो 13 से 14 रुपये के भाव पर बिक रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एसबीआई रिसर्च ने दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया




**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर अवधि के लिए आंकड़े जारी किए जा सकते हैं। हालांकि उससे पहले एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में जुलाई-सितंबर तिमाही की जीडीपी को औसत से 0.30 प्रतिशत कम करते हुए उसे 5.8 प्रतिशत कर दिया है। एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष की अगुवाई वाली टीम का कहना है कि दूसरी तिमाही में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र को छोड़कर बाकी कंपनियों के ऑपरेटिंग प्रॉफिट में 14 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले वर्ष इसी तिमाही में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों के राजस्व में वृद्धि दिखी है पर उनके लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत की गिरावट आई है। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र को छोड़कर अन्य लिस्टेड कंपनियों के मार्जिन पर दबाव दिखा है। रिपोर्ट के अनुसार दूसरी तिमाही में कंपनियों का उत्पादन लागत बढ़ने से ऑपरेटिंग मार्जिन घटकर 10.9 फीसदी रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 17.7 प्रतिश्त था। रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में जीडीपी अपने औसत अनुमान 6.1 प्रतिशत से घटकर 5.8 प्रतिशत रह सकती है। साथ ही, रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में ओवरऑल जीडीपी 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के पिछले अनुमान से 0.20 प्रतिशत कम है। बता दें कि एसबीआई रिसर्ज ने ये अनुमान 41 अग्रणी संकेतकों के समूह पर आधारित समग्र सूचकांक पर आधारित है।

### तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम



**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। कंपनियों ने दिल्ली और चेन्नई में तेल के दामों में बदलाव किया है। सरकार ने कुछ महीने पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। देश में तेल के दाम लगभग पिछले चार महीने से ज्यादा समय से स्थिर हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये व डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

### करोड़पतियों के देश छोड़ने का सिलसिला जारी, चीन और रूस के बाद है भारत का नंबर

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में अमीरों के देश छोड़ने की रफ्तार में जो कमी आई थी, वह एक बार फिर तेज हो गई है। हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स जिनकी संपत्ति एक मिलियन डॉलर या उससे अधिक है देश छोड़ने में फिर रुचि दिखा रहे हैं। वर्ष 2022 में रूस, चीन और भारत सब से ज्यादा अमीर गंवाने वाले टॉप 3 देश हैं। इन्हीं देशों के करोड़पतियों ने सबसे अधिक पलायन किया है। इस अवधि में जहां चीन से 15,000 करोड़पतियों ने पलायन किया है, वहीं रूस से 10,000 करोड़पतियों ने पलायन किया। भारत से इस वर्ष अब तक 8000 करोड़पति पलायन कर चुके हैं। ग्लोबल कंसल्टेंट हेनली एंड पार्टनर्स की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। एक तरह जहां दुनिया के शीर्ष अमीरों की लिस्ट में भारतीय उद्योगपतियों का इजाफा हो रहा है, वहीं बड़ी संख्या में भारतीय रईसों का देश से मोहभंग भी हो रहा है। बिजनेस इनसाइडर में छपी हेनले और पार्टनर की रिपोर्ट के अनुसार भारत समेत कई देशों के करोड़पति अपना देश छोड़कर दूसरे मुल्कों में बसने को प्राथिमकता दे रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि देश में स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग बेहतर होने के बाद देश छोड़ने वाले ये अमीर दोबारा अपने देश लौट सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार रूस, चीन और भारत के अलावे हांगकांग एसएआर, यूक्रेन, ब्राजील, मैक्सिको, ब्रिटेन, साऊदी अरब और इंडोनेशिया जैसे देशों से भी करोड़पतियों ने पलायन किया है। इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार रूस के साथ जंग का दंश झेल रहे देश यूक्रेन से वर्ष 2022 के अंत तक 42 प्रतिशत लोग पलायन कर सकते हैं। हेनले एंड पार्टनर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में अब तक दुनिया के तमाम देशों से लगभग 88,000 हाई नेट वर्थ वाले लोगों ने दूसरे देशों में बसने को चुना है। भारत-रूस और चीन के अलावा हांगकांग से 3000 लोग, यूक्रेन से 2800 करोड़पतियों ने देश छोड़ दिया है। ब्रिटेन के 1500 लोगों ने देश छोड़ा है, यह लिस्ट में सातवें नंबर पर है।

# सितंबर तिमाही में 6 फीसदी से ज्यादा रहेगी भारत की जीडीपी की वृद्धि दर, निर्यात पर असर

**बंगलूरू।**

पिछली तिमाही में दहाई अंकों में बढ़ने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार 2022-23 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर अवधि में 6प्रतिशत से ज्यादा रह सकती है। हालांकि, निर्यात और निवेश कमजोर रहने की आशंका है, जिसका असर भविष्य में आर्थिक गतिविधियों पर पड़ेगा।

43 अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए रॉयटर्स के सर्वे में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था सामान्य स्थिति में लौटेगी और इस दौरान जीडीपी की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रह सकती है। हालांकि, यह अनुमान आरबीआई के 6.3प्रतिशत के मुकाबले थोड़ा कम है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 13.5प्रतिशत रही थी।

सरकार दूसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े 30 नवंबर को जारी कर सकती है। डॉयचे बैंक में भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य अर्थशास्त्री कौशिक दास ने कहा, पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर असाधारण रूप से अनुकूल रही थी। इससे जुलाई-सितंबर अवधि से वास्तविक वृद्धि दर सामान्य हो जाएगी और इसका सही अनुमान लगाना भी आसान हो जाएगा।

हालांकि, कारोबारी सर्वेक्षण उन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में कमजोर आर्थिक गतिविधियों का संकेत दे रहे हैं, जहां केंद्रीय बैंक उच्च ब्याज दरों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। इन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत में कारोबारी धारणा अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है।



### सेवा क्षेत्र में सुधार का दिखेगा असर

एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री (भारत) साक्षी गुप्ता ने कहा, सेवा क्षेत्र में निरंतर सुधार से जीडीपी के क्रमिक रूप से बढ़ने की उम्मीद है। खनन व विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट आ सकती है। कमजोर वैश्विक मांग में निर्यात पर असर पड़ सकता है।

### अर्थव्यवस्था में सुस्ती देश के लिए अच्छा

भारत की आर्थिक वृद्धि दर कुछ वर्षों के लिए धीमी पड़ कर 6प्रतिशत रह सकती है। इससे महंगाई को आरबीआई के लक्ष्य पर वापस ले जाने के साथ बजट और चालू खाता घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, गोल्डमैन सॉक्स के शांतनु सेनगुप्ता ने कहा, भारत के लिए वृद्धि दर की रफ्तार सुस्त होना अच्छा साबित होगी। उम्मीद जताई कि जीडीपी में वृद्धि की रफ्तार चालू वित्त वर्ष के 7.1प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 6प्रतिशत रह सकती है। भारत का दुनिया में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि दर रहने का खिताब छिन सकता है क्योंकि कर्ज की लागत से मांग पर असर पड़ सकता है।

### दूसरी तिमाही में 5.8 फीसदी रह सकती है वृद्धि दर : एसबीआई

विनिर्माण गतिविधियों में कमजोरी और मार्जिन के बढ़ते दबाव को देखते हुए एसबीआई ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 5.8 फीसदी कर दिया है। यह औसत अनुमान से 0.30प्रतिशत कम है। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा, इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की पूरी अवधि में वृद्धि दर 6.8 फीसदी रह सकती है जो आरबीआई के पिछले अनुमान से 0.20 फीसदी कम है।

### एसएंडपी ने वृद्धि दर में की कटौती

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 7 फीसदी कर दिया। सितंबर में इसके 2022-23 में 7.3प्रतिशत और 2023-24 में 6.5प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। एजेंसी ने महंगाई के मोर्चे पर कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान खुदरा महंगाई औसतन 6.8 फीसदी रह सकती है।

# अमेरिका और पश्चिमी देश रूसी तेल पर लगाएंगे प्राइस कैप, जल्द हो सकती है घोषणा




**नई दिल्ली।**

फरवरी 2022 से जारी रूस और युक्रेन जंग के दौरान पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच रूस भारत को सस्ती दरों पर पेट्रोलियम पदार्थ उपलब करा रहा है। अब भारत पर तेल बेच रहे रूस पर नकेल कसने की मंशा से अमेरिका और उसके सहयोगी देश तेल की कीमतों 65 डॉलर से 70 डॉलर प्रति बैरल का कैप लगाने की योजना बना रहे हैं।

सस्ते दामों पर भारत को तेल बेच रहे रूस पर नकेल कसने के लिए जी-7 समूह और यूरोपीय यूनियन जल्द की प्राइस कैप का एलान कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसका असर भारत के रूस से तेल खरीदने पर पड़ सकता है। रूस के तेल पर प्राइस कैप लगाने की मंजूरी के लिए यूरोपीय यूनियन में शामिल सभी देशों के राजदूतों ने बुधवार को बैठक की और इसमें प्राइस कैप लेवल का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव को जैसे ही मंजूरी मिलेगी, प्राइस कैप की घोषणा हो सकती है। अगर रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने की घोषणा होती है अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस बीच एमोरी फंड मैनेजमेंट इंक के सीईओ टेत्सु एमोरी ने कहा है कि चीन में शून्य कोरोना नीति के तहत जारी लॉकडाउन और उसके कारण महौल बिगड़ने से मांग से जुड़ी चिंता बढ़ी है। उधर चार दिसंबर को ओपीईसी देशों की बैठक होने वाली है। टेत्सु एमोरी ने कहा कि जब तक ओपीईसी देश उत्पादन कोटा में और कटौती पर सहमत नहीं होते हैं या अमेरिका अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को फिर से बढ़ाने का कदम नहीं उठाता है तब तक तेल की कीमतों में नरमी रह सकती है। अक्टूबर 2022 में ओपीईसी देशों ने 2023 तक अपने उत्पादन लक्ष्य में 2 मिलियन बैरल प्रति दिन कटौती करने का फैसला लिया था। यूक्रेन युद्ध के बाद से ही भारत रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहा है। भारत को रूस से तेल की खरीदारी पर छूट मिल रही है। अमेरिका व पश्चिमी देशों के विरोध के बावजूद भारत और रूस के बीच तेल की लेन-देन जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अगर रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाया जाता है तो उससे भारत भी प्रभावित होगा।

# गो फर्स्ट को मिले ईसीएलजीएस के 400 करोड़, 16 नए पीएंडडब्ल्यू इंजन भी जल्द मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।**

**चुनौतियों का सामना कर रही विमानन कंपनी गो फर्स्ट को एक सरकारी योजना के तहत अतिरिक्त 400 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके साथ ही उम्मीद है कि आने वाले हफ्ते में कंपनी को 16 नए पीएंडडब्ल्यू इंजन मिल जाएंगे, जिसके बाद वह अधिक विमानों का परिचालन कर सकेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।**



गो फर्स्ट के कम से कम 25 विमान इस समय उड़ान नहीं भर रहे हैं। यह स्थिति प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) इंजन की अनुपलब्धता के कारण है। ये इंजन इसके ए320 विमानों के बेड़े के लिए जरूरी हैं। कई विमानों के उड़ान न भरने के साथ ही विमानन कंपनी उड़ान में देरी और प्रस्थान समय में बदलाव जैसी समस्याओं से जूझ रही है।

एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन को इस महीने आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त 400 करोड़ रुपये मिले हैं। इस योजना के तहत गो फर्स्ट 1,500 करोड़ रुपये तक ले सकती है और वह अब तक कम से कम कुल 800 करोड़ रुपये का लाभ उठा चुकी है।

वहीं, गो फर्स्ट की ओर से कहा गया है कि 25-26 विमान जमीन पर हैं और इस समय 32 विमान परिचालन में हैं। प्रवक्ता ने कहा कि आने वाले हफ्तों में कंपनी को 16 पीएंडडब्ल्यू इंजन मिलने की उम्मीद है।

# एपल ने अपने एप स्टोर से ट्विटर को हटाने की धमकी दी, एलन मस्क का बड़ा आरोप

**कैलिफोर्निया।**

दुनिया के सबसे अमीर आदमी और टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क ने जब से ट्विटर को खरीदा है तब से आए दिन कोई न कोई नया विवाद सामने आ रहा है। इस बार जो मामला है वह आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल को लेकर है। दरअसल, एलन मस्क ने आरोप लगाते हुए कहा है कि एपल ने अपने एप स्टोर से ट्विटर को हटाने की धमकी दी है। मस्क ने कहा कि एपल, ट्विटर को ब्लॉक करने के लिए हर तरह से दबाव डाल रहा है। यहां तक कि ब्ब्रश्चद्धश्ठद्ग निर्माता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन भी देना बंद कर दिया है।



**कंटेंट मॉडरेशन के नाम पर एपल बना रहा ट्विटर पर दबाव** – एलन मस्क ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कंटेंट मॉडरेशन की मांग पर एपल, ट्विटर पर दबाव डाल रहा है। एपल द्वारा की गई कार्रवाई आसामान्य नहीं है, क्योंकि बार-बार अन्य कंपनियों पर भी नियम थोपने की कोशिश की जा रही है। इसी के तहत उसने गैब और पार्लर जैसे ऐप्स को हटा दिया है। पार्लर को एपल द्वारा 2021 में एप द्वारा अपनी सामग्री और कंटेंट मॉडरेशन को अपडेट करने के बाद बहाल किया गया था।

**मस्क ने एपल के सीईओ टिम कुक को टैग कर पूछे सवाल** – मस्क ने कहा कि एपल ने ट्विटर पर ज्यादातर विज्ञापन देना बंद कर दिया है। क्या वे अमेरिका में स्वतंत्र भाषण से नफरत करते हैं बाद में उन्होंने एक अन्य ट्वीट में एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक के ट्विटर अकाउंट को टैग करते हुए पूछा कि यहां क्या चल रहा है।

# ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने कहा- यूके भारत के साथ नए एफटीए लाने के लिए प्रतिबद्ध

**लंदन।**

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के लिए ब्रिटेन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ संबंधों को बढ़ाने को लेकर हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और इसी के हिस्से के रूप में भारत के साथ नए एफटीए लाने पर विचार कर रहे हैं। सोमवार रात लंदन के लॉर्ड मेयर द्वारा आयोजित औपचारिक भोज के दौरान अपने भाषण में ऋषि सुनक ने अपनी विरासत पर विचार किया और कहा कि दुनिया भर में स्वतंत्रता और खुलेपन के ब्रिटिश मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।**



पिछले महीने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका प्रमुख विदेश नीति के संबंध में पहला भाषण था। उन्होंने चीन के मामले में इन चीजों को अलग तरीके से करने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश मूल्यों और हितों के लिए यह एक प्रणालीगत चुनौती है। सुनक ने कहा कि राजनीति में आने से पहले मैंने दुनिया भर के व्यवसायों में निवेश किया और अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह अवसर मिलना बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि 2050 तक, हिंद-प्रशांत यूरोप और उत्तरी अमेरिका के संयुक्त रूप से सिर्फ एक चौथाई की तुलना में आधे से अधिक वैश्विक विकास प्रदान करेगा। इसलिए हम ट्रांस-पैसिफिक ट्रेड डील में शामिल हो रहे हैं। सीपीटीपीपी भारत के साथ एक नए एफटीए पर काम कर रहा दे रहा है और इसी तरह इंडोनेशिया के साथ भी एक समझौता किया जाएगा।


उन्होंने कहा कि कई अन्य लोगों की तरह मेरे दादा-दादी पूर्वी अफ्रीका और भारतीय उपमहाद्वीप के रास्ते ब्रिटेन आए और यहां अपना जीवन व्यतीत किया। हाल के वर्षों में हमने हांगकांग, अफगानिस्तान और यूक्रेन से आए हजारों लोगों का स्वागत किया है। हम एक ऐसा देश हैं जो अपने मूल्यों के साथ खड़ा है, जो केवल शब्दों से नहीं बल्कि कार्यों से भी लोकतंत्र की रक्षा करता है।

चीन को लेकर सुनक ने कहा कि वह यूके के दृष्टिकोण को विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने सात साल पहले ब्रिटेन-चीन द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन करने करते हुए पिछली कंजरवेटिव पार्टी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा इस्तेमाल किए गए नारे से अपनी सरकार को अलग कर दिया।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि तथाकथित स्वर्ण युग समाप्त हो गया है, इस भोले विचार के साथ कि व्यापार सामाजिक और राजनीतिक सुधार की ओर ले जाएगा। इसलिए हमें शीत युद्ध के बयानबाजी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। हम मानते हैं कि चीन हमारे मूल्यों और हितों के लिए एक प्रणालीगत चुनौती पेश करता है, यह एक ऐसी चुनौती है जो अधिक तीव्र होती जाती है क्योंकि यह और भी अधिक अधिनायकवाद की ओर बढ़ती जा रही है।

# शाहरुख की पठान टॉम क्रूज से करती है कनेक्ट

## -यह कहना है फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद का

**मुंबई (ईएमएस)।** सुपरस्टार शाहरुख खान की आने वाली फिल्म पठान हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज से बहुत ज्यादा कनेक्ट करती है। यह कहना है फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद का। उन्होंने आगे कहा जब कोई हमारे देश के सबसे बड़े नायकों में से एक शाहरुख खान के साथ भारत की एक्शन फिल्म बनाने के लिए तैयार होता है तो आपके पास एक चैंपियन टीम होनी चाहिए। शुक्र है कि हमें एक ए-टीम मिली जो पठान के साथ न्याय कर सके और मुझे केसी ओनील जैसे व्यक्ति को पाकर खुशी हुई जिन्होंने टॉम क्रूज के साथ काम किया है। एमी पुरस्कार-नामांकित केसी हॉलीवुड में सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशकों में से एक के रूप में माने जाते हैं। जैक रीचर मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की फिल्मों टॉप गनः मेवरिक जैसी फिल्मों में टॉम क्रूज के मौत को मात देने वाले स्टंट के पीछे के दिमाग हैं और उन्होंने मार्वल के साथ भी काम किया है।

केसी वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड कैप्टन अमेरिका विंटर सोल्जर और मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल के लिए सात बार के स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड अवार्ड नॉमिनी और तीन बार टॉरस वर्ल्ड स्टंट अवार्ड विजेता भी हैं। उनके कौशल ने उन्हें एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की सदस्यता और कुलीन ब्रांड एक्स एक्शन स्पेशलिस्ट की सदस्यता भी दिलाई है किसी के बारे में सिद्धार्थ कहते हैं उनके पास अनुभव का खजाना है और उन्होंने तुरंत पठान के लिए एक्शन के बारे में सोचा। केसी ने पठान में जो किया है वह दिमाग को हिला देने वाला है। इसके लिए आपको फिल्म देखनी होगी क्योंकि हम फिल्म के 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने तक इसके बारे में कोई खुलासा नहीं करेंगे।

# कैमरे के पीछे वापसी करने के लिए तैयार हूं: अनुपम खेर

## - खेर ने कहा मैं निर्देशन करना पसंद करूंगा




**मुंबई (ईएमएस)।** जाने-माने अभिनेता अनुपम खेर का कहना है कि वह कैमरे के पीछे वापसी करने के लिए तैयार हैं। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) के दौरान अनुपम खेर ने कहा मैं निर्देशन करना पसंद करूंगा। लंबे समय के बाद एक कहानी मेरे पास आई है। मेरी भतीजी ऑटिस्टिक है और मेरे पास है एक दादा और उनकी ऑटिस्टिक पोती के बारे में एक कहानी जो एक साथ रहते हैं। मेरे पास पहले से ही एक मोटा ढांचा है। एक बार जब मैं स्क्रिप्ट लिख लेता हूं तो मैं इस साल के अंत या अगले साल तक शुरू कर सकता हूं। रिपोर्ट के अनुसार इस तरह का कदम उनके पहली फीचर निर्देशन 2002 की ओम जय जगदीश के बीस साल बाद आएगा। वह कनाडाई फिल्म निमार्ता ईशा मरजारा की कैलोरी की शूटिंग शुरू करने के लिए भी तैयार हैं जो 2016 में फिल्म बाजार में सह-निर्माण बाजार में थी।कम्पास प्रोडक्शंस और फिल्मऑप्शन इंटरनेशनल के जो बलास द्वारा निर्मित यह तीन महिलाओं की एक अंतर-पीढ़ी की कहानी है जिनका पिछला जीवन भारत की भावनात्मक रूप से भरी गर्मियों की यात्रा के दौरान टकराता है। अनुपम खेर ने कहा यह एक बहुत अच्छी पटकथा है। दुर्भाग्य से इसमें देरी हुई है लेकिन मैं इसके लिए शूटिंग करूंगा। इसे कनाडा और भारत में फिल्माया जाएगा। निजी कारणों से अनुपम खेर को एनबीसी मेडिकल सीरीज न्यू एम्स्टर्डम पर अपना अनुबंध कम करना पड़ा। लेकिन उनके हाथ भारत में परियोजनाओं से भरे हुए हैं। कनेक्ट के अलावा उन्होंने गजेंद्र अहिरे की सिग्नेचर का निर्माण और उसमें अभिनय किया है जिसे उन्होंने हाल ही में ट्वीट किया यह उनकी 525वीं फिल्म है। वैरायटी की रिपोर्ट अनुपम खेर संकल्प रेड्डी द्वारा निर्देशित आईबी71 सतीश कौशिक की कागज 2 कंगना रनौत की इमरजेंसी और नीरज पांडे की एक वेब सीरीज में भी नजर आएंगे। अनुपम खेर ने आईएफएफआई 2022 में परफॉर्मिंग फॉर स्क्रीन एंड थिएटर पर एक मास्टरक्लास का आयोजन किया। बता दें अनुपम खेर के नाम इस साल की सफल भारतीय फिल्में कश्मीर फाइल्स कार्तिकेय 2 और ऊंचाई है।

# कमाई के मामले में भेड़िया से आगे निकली दृश्यम-2 10वें दिन की दोगुनी की कमाई

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेता अजय देवगन तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर फिल्म दृश्यम-2 को रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो चुके हैं। सिनेमाघरों में अपने दूसरे हफ्ते में प्रवेश करने वाली इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म का जलवा बॉक्स ऑफिस पर कायम है। दर्शक जानना चाहते हैं कि 2 अक्टूबर को आखिर विजय सलगांवकर के परिवार के साथ हुआ क्या था? यही रहस्य उन्हें सिनेमाघरों तक खींच कर ला रहा है। ओपनिंग डे पर ही शानदार शुरूआत के साथ दृश्यम-2 का क्रेज अब भी बरकरार है 18 नवंबर 2022 को रिलीज हुई दृश्यम 2 पूरी तरह से बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। अभिषेक पाठक की इस फिल्म ने पहले दिन 15.38 करोड़ का कलेक्शन किया था। जिसके बाद शनिवार को ये आंकड़ा बढ़कर पहुंच गया 21.59 करोड़ के पास। फिल्म को संडे का पूरा फायदा मिला और इसकी कमाई पहुंच गई 27.17 करोड़ का पास।

हालांकि पहले सोमवार से फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई और इसने सिर्फ 11.87 करोड़ रुपये ही कमाए। मंगलवार को फिल्म ने 10.48 करोड़ कमाए तो छठे और सातवें दिन फिल्म ने 9.5 और 8.62 करोड़ का कलेक्शन किया। दूसरे शुक्रवार को दृश्यम 2 का कलेक्शन रहा 7.87 करोड़ रुपए। वहीं शनिवार को इसने अपनी कमाई को दोगुना करते हुए 14.5 करोड़ रुपए झटक लिए। दृश्यम 2 का कलेक्शन दूसरे रविवार 18 से 20 करोड़ के बीच रहा। इस तरह इसका टोटल कलेक्शन पहुंच गया 144.58 से 146.58 करोड़ के बीच। मंगलवार को किसी भी हाल में फिल्म 150 करोड़ क्रॉस कर जाएगी। इसके साथ ही दृश्यम-2 200 करोड़ कमाने की रेस में भी शामिल हो गई है। बता दें कि इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में वरुण धवन की भेड़िया भी रिलीज हुई लेकिन यह फिल्म भी दृश्यम 2 की रफ्तार रोक नहीं पाई। अपनी रिलीज के तीसरे दिन अजय देवगन की फिल्म ने भेड़िया से दोगुनी कमाई की है। यह साबित करता है कि आने वाले समय में दृश्यम 2 कमाई का रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। दरअसल दृश्यम 2 अजय देवगन और तब्बू की साल 2015 में आई फिल्म दृश्यम का सीक्वल है।

# सुजाता की अभिनेत्री नूतन अद्भुत गायिका थीं



दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री नूतन के बारे में बाते करते हुए बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने बताया कि कैसे उन्होंने उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सुजाता की अभिनेत्री भी एक अद्भुत गायिका थीं और वह घर पर हारमोनियम बजाती थीं। नूतन के बारे में बात करते हुए काजोल ने कहा जब नूतन मासी एक सुपरस्टार थीं तब मैं बहुत छोटी थी और जब मैं बड़ी हुई तो मैंने उन्हें ज्यादातर फिल्मों में एक मां की भूमिका में देखा। वह बहुत ही शानदार और प्रतिभाशाली भी थीं। प्रतिभाशाली गायिका और अपने हारमोनियम पर हमारे लिए प्रस्तुति देती थीं। 48 वर्षीय अभिनेत्री सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स में अपने सलाम वेंकी के सह-कलाकार विशाल जेठवा के साथ 30 ईयर्स ऑफ काजोल के विशेष एपिसोड में दिखाई दीं। काजोल ने कहा कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण के बारे में अपनी मां और मौसी से बहुत कुछ सीखा है। मालूम हो कि काजोल ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत 1992 में फिल्म बेखुदी से की थी हालांकि उन्हें बाजीगर से प्रसिद्धि मिली।

# मेरा अगला गाना पोती तविशा के साथ उनके बंधन को दर्शाएगा : उदित नारायण



**मुंबई (ईएमएस)।** दिग्गज बालीबुड गायक उदित नारायण अपने अगले ट्रैक के बारे में बात कर रहे हैं जो एक आदमी और उसकी पोती के बीच के रिश्ते को दिखाता है। यह ट्रैक पोती तविशा के साथ उनके बंधन को दर्शाएगा। वह कहते हैं यह एक संयोग है। एक दिन ललित पंडित जी ने मुझे फोन कर कहा कि वह मेरे साथ एक गाना रिकॉर्ड करना चाहते हैं। जैसा कि मैंने उनके साथ अतीत में काम किया है मैं ऐसा था जैसे मैंने आपके लिए बहुत सारे गाने गाए हैं और कामना की है उसी को जारी रखने के लिए। इसके अलावा उन्होंने गाने की स्थिति को साझाकर कहा कि कहानी एक दादा और पोती के बारे में है। वह अपने सर्वकालिक पसंदीदा ट्रैक अकेले हम अकेले तुम और पापा कहते हैं को रिकॉर्ड करना याद करते हैं जब उनका बेटा आदित्य लगभग 4-5 साल का था। उन्होंने कहा जिस क्षण उन्होंने कहा मैं कसम खाकर कहता हूं कि मैं बहुत खुश था और उस समय को याद किया जब आदित्य लगभग 4-5 साल का था और हमने साथ में आई लव यू डैडी गाना (अकेले हम अकेले तुम) गाया था। भगवान इस तरह की पटकथा बना रहे हैं। कि मेरी पोती के आगमन पर मुझे अपनी आवाज के माध्यम से उस खूबसूरत रिश्ते को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है।

# कार्तिक आर्यन ने कहा-रातें परेशान करने वाली थीं




फिल्म फ्रेडी की वजह से एक्टर कार्तिक आर्यन को परेशान करने वाली रातें मिलीं लेकिन वह कहते हैं कि बड़ी तस्वीर पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण था। कार्तिक ने कहा- फिल्म की शूटिंग के दौरान अपनी नियमित गतिविधियों को कम करने की कोशिश की। कार्तिक जो फ्रेडी के बेहद इंटेंस किरदार में नजर आएंगे ने किरदार के लिए अपनी तैयारी के बारे में बात की। मैं वास्तव में फिल्म की शूटिंग के दौरान फ्रेडी की दुनिया में था। मेरे लिए उस हेडस्पेस में रहना और सेट पर जाना और प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण था। मुझे फ्रेडी के कारण परेशान करने वाली रातें मिलीं लेकिन बड़ी तस्वीर पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण था और फ्रेडी की शूटिंग के दौरान अपनी नियमित गतिविधियों को कम करने की कोशिश की ताकि मैं फिल्म और चरित्र पर ध्यान केंद्रित कर सकूं।कार्तिक की बहुप्रतीक्षित फ्रेडी डॉक्टर फ्रेडी गिनवाला की यात्रा के बारे में है एक शर्मीला अकेला और सामाजिक रूप से अजीब व्यक्ति जो अपने लघु विमानों के साथ खेलना पसंद करता है और उसका एकमात्र दोस्त उसका पालतू कछुआ हार्डी है।

# गोविंदा नाम मेरा का पहला डांस नंबर बिजली रिलीज

गोविंदा नाम मेरा का कियारा आडवाणी और विक्की कौशल का पहला डांस नंबर बिजली रिलीज हो गया है। अभिनेता ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्होंने स्क्रीन पर इतना डांस किया है। वायु द्वारा लिखित और संगीतमय जोड़ी सचिन-जिगर द्वारा रचित बिजली को मीका सिंह नेहा कक्कड़ और सचिन-जिगर ने गाया है।गाने के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा ईमानदारी से कहूं तो यह पहली बार है जब मैं स्क्रीन पर इतना डांस कर रहा हूं। मुझे अपने इस पक्ष को एक्सप्लोर करने और मुझ पर विश्वास करने में बहुत मजा आया बिजली सिर्फ एक झलक है। प्रशंसक इस फिल्म में मेरा डांस देखेंगे। कियारा के साथ डांस फ्लोर साझा करना मजेदार था वह एक अद्भुत सह-कलाकार और खुद एक बेहतरीन डांसर हैं। कियारा आडवाणी ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्होंने इस तरह के मसाला गाने की शूटिंग की है। मुझे इस तरह के अवतार में पहले कभी नहीं देखा गया। मुझे बिजली के लिए मेरा कोल्हापुरी लुक बहुत पसंद आया। गणेश मास्टर जी द्वारा कोरियोग्राफ किया जाना मेरा सपना था उन्होंने मुझे प्रस्तुत किया है और मेरे लिए नृत्य को इस तरह से कोरियोग्राफ किया है जो मेरे दर्शकों के लिए नया बहुत ही शानदार होगा



# रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'सर्कस' का शानदार टीजर जारी



फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह की आगामी फिल्म सर्कस इन दिनों चर्चा में है। यह एक पारिवारिक - कॉमेडी फिल्म होगी। इस फिल्म में अभिनेता रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। रणवीर सिंह के अलावा फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, पूजा हेगड़े, वरुण शर्मा,जॉनी लीवर, मुरली शर्मा, सुलभा आर्या, संजय मिश्रा, सिद्धार्थ जादव भी अपनी परफेक्ट कॉमेडी टाइमिंग के साथ दर्शकों को हंसाते नजर आएंगे। सोमवार को मेकर्स ने इस फिल्म का शानदार टीजर जारी किया है, जिसमें फिल्म के सभी अहम किरदारों की झलक है। खास बात यह है कि फिल्म के इस टीजर में रणवीर सिंह और वरुण शर्मा दोनों ही डबल रोल में हैं। फिल्म के टीजर की शुरूआत संजय मिश्रा दर्शकों को कहते हैं कि 60 के दशक में आपका स्वागत हैं। इसके बाद जॉनी लीवर कहते हैं कि उस दौर में बच्चे दादा-दादी से सवाल किया करते थे, गूगल से नहीं।

उस समय न्यूज सिर्फ न्यूज हुआ करती थी, ब्रेकिंग न्यूज नहीं। उस समय बच्चे लोरी सुनकर सोया करते थे, किसी स्टोरी देखकर नहीं...।' इसके बाद एक-एक कर फिल्म के सभी अहम किरदार टीजर में पहले के और आज के दौर को कम्पेयर करते नजर आ रहे हैं। फिल्म के टीजर के साथ ही मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। फिल्म का ट्रेलर 2 दिसंबर को जारी होगा। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी 'सर्कस' शेक्सपियर के प्ले ह्यद कॉमेडी ऑफ एरर से प्रेरित है। 'सर्कस' को रोहित शेट्टी के साथ-साथ भूषण कुमार भी मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 23 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जेनिफर लोपेज ने की अपने एलबम की घोषणा



मशहूर सिंगर-एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज ने एक नए म्यूजिकल प्रोजेक्ट दिस इज मी..नाउ की घोषणा की है जो अगले साल रिलीज होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक आठ साल में यह सिंगर की पहली एल्बम है। वीडियो में जेएलओ 20 साल पहले दिस इज मी देन युग में नजर आ रही है। वर्तमान समय में रूपांतरित होकर जेएलओ लोपेज ने एक ट्रैक लिस्टिंग जारी की जिसमें इसका टाइटल डियर बेन पीटी 2 शामिल हैं जो संभवतः पहले एल्बम के डियर बेन का सीक्वल है। एल्बम की रिलीज में कहा गया एक भावनात्मक रूप से प्रोजेक्ट जो उसने पहले बनाए है के विपरीत वह अपने जीवन और अनुभवों के बारे में लिखती है और गाती है। इसके अलावा एल्बम द्वारा बताई गई इन आत्मकथात्मक कहानियों के चलते अन्य बहुत से पर्सनल प्रोजेक्ट्स होंगे जो अगले साल रिलीज होगी.. इस पर और भी बहुत कुछ आने वाला है।

## सूडोकू नवताल- 6267

★★★✫✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -6266 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7014

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | हु | मे | रि | द | इ | शी | श | म | ट | र्जी |
| का | म | क | ची | ड़ | जी | ने | शि | दे | ड़ | अ |
| ब | पी | जा | ह | र | ग | बा | द | व | प | शो |
| ला | ग | ए | ई | जा | भ | ब | ल | दा | लि | क |
| सा | ग | वा | न | जी | ह | ला | कि | र | प | म |
| पी | इ | वि | मो | ग | ब | र | ग | द | गी | स |
| न | प | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | त |
| क | रि | ल | र | य | र | प | नी | म | वि | रे |
| र | या | बा | बे | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | ला | व | गु | ल | मो | ह | र |
| बां | स | सा | ए | न | स | मे | व | क | ल | |

*शब्दजाल में दस 'वृक्षों' के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

बरगद,पीपल,नीम,अशोक,गुलमोहर, आम,शीशम,देवदार,चीड़,सागवान

### शब्दजाल - 7013 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | य | वा | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | रा |
| स | स | प | का | को | ह | रा | झे | ल | म | प |
| मि | त | स | व | वे | वा | ज | ध | रा | श | दु |
| श | आ | ल | ग | म | री | ना | तू | वी | झ | प |
| न | ल | ला | ज | दि | म | गो | ती | ना | घ | य |
| क | व | चि | ना | ब | प | दा | ज | ती | व | मु |
| श | एं | वा | ई | द | ब | व | डू | ए | श | ना |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | री | आ | ग | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | व्या | स | री | द |
| वि | ज | अ | ब्र | म्ह | पु | त्र | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5967

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | 6 | | | 7 |
| | 32 | | 32 | 1 | 30 | 3 |
| 1 | | 5 | | 3 | | 2 |
| | 35 | | 35 | | 32 | |
| 7 | | 6 | | 4 | | |
| | 34 | 1 | 34 | 5 | 28 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5966 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 32 | 7 | 32 | 1 | 30 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 26 | 3 | 37 | 7 | 37 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 34 | 1 | 34 | 5 | 28 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# टिहरी के धीरज, देहरादून के प्रियांशु ने जीती 3000 मीटर दौड़, नैनीताल की भी स्वर्णिम शुरुआत

**हल्द्वानी।**
राज्य स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स सांस्कृतिक व साहित्य प्रतियोगिता हल्द्वानी के आर्यमान विक्रम बिड़ला स्कूल में रंगारंग शुभारंभ हो गई। इसमें राज्य से 1300 खिलाड़ी पहुंचे हैं। पहले दिन खिलाड़ियों ने दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक आदि में दम दिखाया। पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी राजेंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने ध्वज फहराकर तीन दिवसीय प्रतियोगिता को शुरू कराया। पिछली बार के चैंपियन चमोली के धावक आदित्य ने मशाल जलाई। खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट किया। मार्चपास्ट में नैनीताल को पहला, चमोली को दूसरा, चंपावत को तीसरा स्थान मिला। ललित आर्य महिला इंटर कालेज, जीजीआइसी, खालसा बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कुमाऊं, गढ़वाल की सांझी संस्कृति की झलक देखने को मिली। जीआइसी सुंदरखाल की छात्राओं ने योगाभ्यास की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने फोन से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। सीईओ केएस रावत ने कहा कि सभी खेल समन्वयक पादर्शिता से प्रतियोगिता कराएं। किसी खिलाड़ी के साथ अहित न हो। यहां डीईओ माध्यमिक गोपाल स्वरूप भारद्वाज, सीईओ ऊधम सिंह नगर आरएस आर्य, बीईओ हरेंद्र मिश्र, अंशुल बिष्ट, गीतिका जोशी, डा. विवेक पांडेय, संगीता जोशी, संजय वर्मा, राहुल पवार, पूरन नयाल, मनीष पवार आदि मौजूद रहे। बालक वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में टिहरी के धीरज ने पहला, चमोली के रोहित राणा ने दूसरा, स्पोर्ट्स कालेज देहरादून के आदर्श यादव ने तीसरा स्थान पाया। बालक वर्ग की लंबी कूद हरिद्वार के दीपेश चौधरी पहले, ऊधम सिंह नगर के अनुभव गिरी दूसरे स्थान पर रहे। गोला फेंक में उत्तरकाशी के हर्ष मोहन को पहला, बागेश्वर के करन को दूसरा स्थान मिला। बालिकाओं के चक्का फेंक में नैनीताल की दीक्षा रावत ने पहला, ऊधम सिंह नगर की रोशनी राणा ने दूसरा, पौड़ी की नेहा ने तीसरा स्थान पाया। अंडर-17 वर्ग के विजेता बालक वर्ग में 800 मीटर दौड़ में देहरादून के प्रियांशु कुमार ने पहला, ऊधम सिंह नगर के सोलित कुमार ने दूसरा स्थान पाया।

## न्यूज ब्रीफ

### कतर में समलैंगिकता से जुड़े कानून का विरोध, एलजीबीटीक्यू का झंडा लेकर मैदान में घुसा फैन



**दोहा ।** कतर में फीफा विश्व कप 2022 की शुरुआत से पहले ही समलैंगिकता का मुद्दा लगातार चर्चा में रहा था। कतर में समलैंगिकता के कानून काफी मुश्किल हैं और कई खिलाड़ियों ने कहा था कि वह एलजीबीटीक्यू समुदाय के प्रदर्शन का हिस्सा बनेंगे। कतर में समलैंगिकता को अपराध माना जाता है। यहां किन्नरों को भी मेडिकल ट्रीटमेंट के जरिए समान्य महिला या पुरुष बनाने की कोशिश की जाती है। वहीं, अन्य देशों में समलैंगिकता को मान्यता मिल चुकी है। इस बीच फीफा विश्व कप में पुर्तगाल और उरुग्वे के मैच के दौरान एक फैन एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा लेकर मैदान में घुस गया। इसके बाद अधिकारियों ने उस फैन के पकड़ा और उससे झंडा छीन लिया। इससे पहले कतर के अधिकारियों ने ब्राजील के फैंस से उनका झंडा छीन लिया था, क्योंकि उन्हें लगा कि यह एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा है। हालांकि, बाद में अधिकारियों को इस मामले में माफी भी मांगनी पड़ी थी। पुर्तगाल और उरुग्वे के मैच में जो फैन एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा लेकर मैदान में घुसा था। उसने खास टी शर्ट भी पहनी थी। इस टी शर्ट में सुपरमैन का लोगो था और लिखा था कि यूक्रेन को बचाएं। हालांकि, इस मामले पर ज्यादा बवाल नहीं हुआ, लेकिन कतर में समलैंगिकता के कानून का विरोध जरूर दर्ज हुआ। इस मुकाबले में पुर्तगाल ने उरुग्वे को 2-0 से हराकर 2018 की हार का बदला ले लिया। पुर्तगाल के लिए दोनों गोल ब्रूनो फर्नांडिस ने किए। उन्होंने मैच के 54वें मिनट में पहला गोल दागा और दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया।

### ग्रैंड स्लैम विजेता मैरी पियर्स टाटा स्टील कोलकाता 25के धावकों का बढ़ाएंगी उत्साह

**कोलकाता ।** मैरी पियर्स की प्रेरक उपस्थिति अगले महीने 2022 टाटा स्टील कोलकाता 25के (टीएसके 25के) में धावकों को बढ़ावा देगी। पूर्व ग्रैंड स्लैम टेनिस चैंपियन को रेस के प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल द्वारा इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर नामित किया गया है। टीएसके 25के की शुरुआत 2014 में हुई थी। इसने पूर्वी भारत में एक क्रांति की शुरुआत की। इस वर्ल्ड एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस का सातवां संस्करण 18 दिसंबर को कोलकाता में होगा। उल्लेखनीय है कि विश्व नंबर 3 पर पहुंचीं, और फ्रेंच ओपन एकल (2000) जीतने वाली अंतिम फ्रांसीसी खिलाड़ी पियर्स ने कहा- दौड़ना सबसे सरल और सार्वभौमिक खेल है। महामारी ने अच्छे स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन के महत्व को समझाया है। दौड़ने से जीवन में कई तरह के परिवर्तन देखने को मिलते हैं। यह व्यक्ति को धैर्य और दृढ़ रहना भी सिखाता है। मैं टीएसके 25के का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। टाटा स्टील लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने कहा- हमें खुशी है कि दिग्गज मैरी पियर्स पूर्वी भारत के सबसे बड़े रनिंग फेस्टिवल टाटा स्टील कोलकाता 25के के इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर के रूप में सिटी ऑफ जॉय में शामिल होंगी।




### इंडिया ए ने बांग्लादेश ए को 112 पर समेटा: सौरभ कुमार ने 4 और नवदीप सैनी ने 3 विकेट झटके



नवदीप सैनी | सौरभ कुमार

**नई दिल्ली।** युवाओं की सटीक गेंदबाजी के दम पर इंडिया-ए ने पहले अनआफीशियल टेस्ट में बांग्लादेश ए को पहले दिन पहली पारी में 112 रन पर समेट दिया है। खबर लिखे जाने तक इंडिया ए ने बिना किसी नुकसान के 84 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन नाबाद हैं। इंडिया ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। उनका फैसला सही भी रहा और नवदीप सैनी ने बांग्लादेश को एक रन के टीम स्कोर पर पहला झटका दिया। उसके बाद नियमित अंतराल पर मेजबान टीम के विकेट गिरते रहे।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे

# मैच में बारिश की 69प्रतिशत तक की आशंका

**नई दिल्ली।**
भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला बुधवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जाएगा। पहला मैच जीतकर कीवी टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। दूसरा मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। तीसरे वनडे में भी बारिश की आशंका है।

क्राइस्टचर्च के लोकल टाइम के मुताबिक दोपहर 2 से 4 बजे तक बारिश की आशंका 69प्रतिशत है। वहीं, 4 बजे से 6 बजे तक बारिश की आशंका 50प्रतिशत से कम है।

शाम 6 बजे से 9 बजे तक रुक-रुककर बारिश होने की उम्मीद है। अगर तीसरा वनडे भी रद्द होता है तो यह भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक का छठा बेनतीजा वनडे होगा। अगली तस्वीर में देखिए कि किस टीम के खिलाफ भारत के कितने वनडे मैच रद्द हुए हैं।



### हाई स्कोरिंग पिच होने की उम्मीद

इस ग्राउंड पर अब तक 15 वनडे मैच खेले गए हैं। इनमें से 6 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 300 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया है। तीन बार 250 से 300 के बीच का स्कोर बना है। केवल तीन बार ऐसा हुआ है जब पहले बैटिंग करने वाली टीम 200 रन भी नहीं बना सकी है।

### टॉस का खास इम्पैक्ट नहीं

यहां हुए 15 मैचों के नतीजों में टॉस ने खास भूमिका नहीं निभाई है।8 बार पहले बैटिंग करने वाली टीम को जीत मिली है। वहीं, 7 बार बाद में बैटिंग करने वाली टीम जीती है। टीम इंडिया इस ग्राउंड पर अब तक कोई मैच नहीं खेली है। वहीं, न्यूजीलैंड ने यहां 6 में से 5 मुकाबले जीते हैं। सिर्फ 1 वनडे में मेजबान टीम को हार मिली है।

2011 तक क्राइस्टचर्च के एमआई स्टेडियम में इंटरनेशनल मुकाबले होते थे। यहां भारत ने 4 वनडे खेले हैं जिसमें उसे 1 में जीत और 3 में हार मिली है। न्यूजीलैंड को इस ग्राउंड पर 21 वनडे में 11 में जीत और 10 में हार मिली है।

### 2019 से घर में कोई सीरीज नहीं हारी है कीवी टीम

न्यूजीलैंड की टीम पिछले कुछ सालों से घरेलू जमीन पर वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। कीवी टीम को घर में 2019 के बाद से किसी भी वनडे सीरीज में हार नहीं मिली है। 2019 में उसे भारत ने 4-1 से हराया था। उसके बाद से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को दो बार और भारत व नीदरलैंड को 1-1 बार 3-0 के अंतर से हराया है।

### हुड्डा या सैमसन सस्पेंस कायम

भारत ने पहले वनडे में संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में शामिल किया था, लेकिन इससे भारत के पास पांच गेंदबाजी ऑप्शन ही थे। भारतीय टीम 306 रन का टारगेट भी डिफेंड नहीं कर पाई। छठे गेंदबाज के ऑप्शन को शामिल करने के लिए भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में सैमसन की जगह दीपक हुड्डा को शामिल किया। सैमसन को ड्रॉप किए जाने के कारण टीम मैनेजमेंट को काफी आलोचना का भी सामना करना पड़ा। आलोचकों का कहना था कि अगर हुड्डा को शामिल ही करना था तो आउट ऑफ फॉर्म ऋषभ पंत को ड्रॉप किया जाना चाहिए था। टीम मैनेजमेंट से जुड़े सूत्रों के मुताबिक प्लेइंग-11 पर आखिरी फैसला मैच से 1 घंटा पहले ही लिया जाएगा। स्पिन डिपार्टमेंट में युजवेंद्र चहल की जगह कुलदीप यादव को आजमाया जा सकता है।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**न्यूजीलैंड:** फिन एलेन, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन (कप्तान), डेरिल मिचेल, टॉम लैथम, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल, मैट हेनरी, टिम साउदी और लॉकी फर्ग्युसन।

**भारत:** शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा/संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, दीपक चाहर, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

युवेंटस के प्रेसिडेंट सहित बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस्तीफा दिया

# कारण एक जांच, जिसमें खिलाड़ियों को गुपचुप पेमेंट करने के आरोप लगे




**ट्यूरिन।**
इटैलियन फुटबॉल क्लब युवेंट्स के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस्तीफा दे दिया है। इसमें क्लब के प्रेसिडेंट एंड्रिया अग्नेल्ली भी शामिल हैं। क्लब के ऊपर कुछ खिलाड़ियों को गुपचुप पेमेंट करने के आरोप लगे थे। इस मामले की जांच शुरू हो गई है और इसी वजह से ये इस्तीफे हुए हैं। इस्तीफा देने वालों में वाइस प्रेसिडेंट पावेल नेदवेद और मैनेजिंग डायरेक्टर मौरिजियो अरिवेबिन भी शामिल हैं। कोविड की शुरुआत में युवेंट्स ने कहा था कि क्लब के 23 खिलाड़ी संकट के समय में क्लब की मदद करने के लिए 4 महीने के लिए अपना वेतन कम करने पर सहमत हैं, लेकिन ऐसा दावा किया गया है कि खिलाड़ियों ने महज एक महीने का वेतन छोड़ा था। नया बोर्ड चुनने के लिए क्लब के एक शेयरधारक ने 27 दिसंबर को होने वाली क्लब की मीटिंग को 18 जनवरी तक बढ़ा दिया है। एंड्रिया अग्नेल्ली 12 साल पहले 2010 में क्लब के अध्यक्ष बने थे। उसके बाद से युवेंट्स ने घरेलू लीग में लगातार 9 खिताब जीते थे। वहीं, पावेल नेदवेद 2015 में क्लब के वाइस प्रेसिडेंट बनाए गए थे। क्लब पर कोरोना महामारी के दौरान हिडेन पेमेंट के आरोप लगे हैं। जब ये पेंमेंट हुए तब पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी क्लब का हिस्सा थे। 37 साल के फुटबॉलर ने 2021 में युवेंट्स छोड़ा था और मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ जुड़े थे। रोनाल्डो ने इस क्लब के लिए खेले 134 मुकाबलों में 101 गोल दागे हैं। 125 साल पुराने इस क्लब ने नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर 70 टाइटल जीते हैं। इनमें 36 सीरी-ए खिताब शामिल हैं। इटली के शहर ट्यूरिन में संचालित इस क्लब के नाम 14 कोपा इटालिया, 9 सुपर कोपा इटालिया जैसे खिताब भी हैं। इसकी स्थापना 1897 में हुई थी। युवेंट्स के नाम इटैलियन फुटबॉल लीग सीरी-ए में लगातार 9 खिताब जीतने का रिकॉर्ड है। क्लब 2011 से लेकर 2019 तक चैंपियन रहा। पिछले सीजन में वह चौथे नंबर पर रही थी। 1930 के दशक में क्लब लगातार 5 बार चैंपियन बना था। युवेंट्स के अलावा, इंटर मिलान ने भी 2006-10 के बीच लगातार 5 सीरी-ए टाइटल जीते हैं।

# मेसी को धमकी देने वाले बॉक्सर को टायसन की चेतावनी, बोले- उसे हाथ भी लगाया तो रिंग में वापसी करने से पीछे नहीं हटूंगा

**नई दिल्ली।**
फीफा विश्व कप 2022 में मैक्सिको और अर्जेंटीना के बीच मैच के बाद शुरू हुआ जर्सी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। अब इस विवाद में बॉक्सिंग की दुनिया के दिग्गज माइक टायसन भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने लियोनल मेसी का समर्थन किया है। टायसन ने मेसी को धमकी देने वाले बॉक्सर से कहा है कि अगर उसने मेसी को हाथ भी लगाया को वह इतने साल बाद भी बॉक्सिंग रिंग में वापसी करने से पीछे नहीं हटेंगे।

मैक्सिको और अर्जेंटीना के मैच में मेसी ने अहम गोल किया था और उनकी टीम 2-0 से यह मैच जीती थी। अर्जेंटीना की जीत के बाद मेसी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मैक्सिको की जर्सी से फर्श पर पड़ी दिखाई थे। यह वीडियो वायरल होने के बाद मैक्सिको के फैंस ने मेसी की जमकर आलोचना की थी। फैंस का कहना था कि मेसी को विपक्षी टीम का सम्मान करना चाहिए और उनकी जर्सी के साथ ऐसा नहीं करना चाहिए। मेसी पर आरोप लगा था कि वह मैक्सिको की जर्सी से फर्श साफ कर रहे थे।

मैक्सिको के मुक्केबाज केनेलो अल्वारेज ने ट्विटर पर कहा कि मेसी मैक्सिको की जर्सी से फर्श साफ कर रहे हैं। यह मैक्सिकोवासियों के साथ अपमानजनक बर्ताव है। वह ईश्वर से प्रार्थना करें कि कहीं मेरे सामने न पड़ जाए। जैसे मैं अर्जेंटीना का सम्मान करता हूं, वैसे ही मेसी को मैक्सिको का करना चाहिए। दरअसल मैच के बाद मेसी ने मैक्सिको के एक खिलाड़ी से अपनी जर्सी बदली थी। ऐसा लग रहा है कि लॉकर रूम में जूते उतारते समय गैर इरादतन उनका पैर फर्श पर पड़ी जर्सी पर पड़ गया। अर्जेंटीना के पूर्व फॉरवर्ड सर्जियो एगुरो मेसी के समर्थन में आए। उन्होंने केनेलो के ट्वीट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा- लड़ने के बहाने मत तलाशो मिस्टर केनेलो। आपको सॉकर के बारे में कुछ नहीं पता है। लॉकर रूम में शर्ट को उतारकर ज्यादातर समय फर्श पर रख दिया जाता है, क्योंकि वह पसीने से तरबतर होती है। स्पेन के पूर्व खिलाड़ी फेबेरेगेस ने कहा- टी-शर्ट का ड्रेसिंग रूम में फर्श पर होना आमबात है। ज्यादातर खिलाड़ी ऐसा करते हैं, क्योंकि उसके बाद वह लांड्री में धुलने के लिए जाती है।



माइक टायसन ने कहा कैनेलो नाम के किसी व्यक्ति ने मेसी को धमकी दी है। अगर उसने मेसी को छूने की भी हिमाकत की तो मुझे इतने साल बाद रिंग पर जाना होगा। हालांकि, ऐसा होने की संभावना कम है। टायसन की उम्र काफी ज्यादा हो चुकी है।

# फ्रांस, ब्राजील के बाद पुर्तगाल भी प्री-क्वार्टर फाइनल में: रोनाल्डो की टीम ने स्विट्जरलैंड को हराया, फर्नांडीस ने किए डबल गोल

**दोहा।**
स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की लीडरशिप में उतरे पुर्तगाल ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पुर्तगाल नॉकआउट राउंड में जगह बनाने वाली तीसरी टीम बनी है। पुर्तगाल से पहले फ्रांस और ब्राजील ने टॉप-16 में जगह बनाई है।

लुसैल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले का पहला हाफ गोलरहित रहा। हाल ही में मैनचेस्टर यूनाइटेड से अलग हुए क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी स्कोर नहीं कर सके। पहले हाफ में पुर्तगाली टीम का एक भी शॉट ऑन टारगेट नहीं रहा।



### बेंटानकुर ने गोल का मौका गंवाया

पहले हाफ में उरुग्वे के पास बढ़त बनाने का अच्छा मौका था, लेकिन रोड्रिगो बेंटानकुर उसे भुना नहीं सके। बेंटानकुर तीन पुर्तगाली डिफेंडरों को छकाते हुए गोल पोस्ट के बेहद करीब पहुंच गए थे। लेकिन, बॉल को गोलकीपर डिओगो कोस्टा से पार नहीं करा सके। यहां कोस्टा ने शानदार बचाव किया।

### फर्नांडीस ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से गोल दागा

हाफ टाइम के कुछ देर बाद पुर्तगाल की ओर से 54वें मिनट में ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से शानदार गोल दागा। तय 90 मिनट तक यही स्कोर लाइन रही। फिर एक्सट्रा टाइम में (93वें मिनट) ब्रूनो फर्नांडीस ने ही पेनल्टी पर दूसरा गोल किया।

### पॉइंट टेबल का गणित

पुर्तगाल की 2 मैचों में यह दूसरी जीत है। जिसके चलते वह ग्रुप- II में 6 अंकों के साथ टॉप पर है। वहीं, घाना की टीम 3 अंको के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि साउथ कोरिया और उरुग्वे एक-एक अंक लेकर क्रमश: तीसरे और चौथे नंबर पर है। उरुग्वे को अगले राउंड में पहुंचने के लिए अब किसी भी हाल में घाना को हराना होगा।

### दोनों टीमों की स्टार्टिंग इलेवन

पुर्तगाल (4-1-2-1-2): डिओगो कोस्टा(गोलकीपर), जोआओ कैंसिलो, पेपे, रुबेन डियास, नूनो मेंडिस, रुबेन नेवेस, बर्नार्डो सिल्वा, विलियम कार्वाल्हो, ब्रूनो फर्नांडीस, क्रिस्टियानो रोनाल्डो (कप्तान) और जोआओ फेलिक्स।

उरुग्वे (4-3-3): सर्जियो रोशेट (गोलकीपर), जोस जिमेनेज, डिएगो गोडिन (कप्तान), सेबस्टियन कोट्स, मथियास ओलिवेरा, मटियास वेसिनो, रोड्रिगो बेंटकर, फेडे वाल्वेर्दे, जी वेरेला, ई कवानी और डार्विन नूनेज।

# वर्ल्ड कप नहीं खेल पाएंगी साउथ अफ्रीका, श्रीलंका: तीन बड़ी टीमों का खेल बिगाड़ सकती है आयरलैंड

**नई दिल्ली।**
अगले साल होने वाले वन डे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज जैसी दिग्गज टीमों के खेलने पर अभी संशय है। 2023 में भारत में होने वाले इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें खेलेंगी। 7 क्वालीफाई कर चुकी हैं और 3 जगहें बाकी हैं।

एक टीम डायरेक्ट क्वालीफाई होगी यानी सुपर लीग्स पॉइंट्स के आधार पर सीधे। 2 टीमें क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए एंटर होंगी। रेस में साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और नीदरलैंड हैं यानी 6 टीमें। इसमें भी आयरलैंड ऐसी है, जो डायरेक्ट क्वालीफाई का गणित बिगाड़ सकती है।

**सबसे पहले जानिए सुपर लीग्स पॉइंट के आधार एंट्री कैसे** – मेजबान होने के नाते भारत ने सीधे क्वालीफाई कर लिया है। बाकी टीमों की किस्मत का फैसला आईसीसी सुपर लीग और वर्ल्ड कप क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए होना है।

आईसीसी ने 30 जुलाई 2020 से 31 मई 2022 तक टॉप 13 टीमों के बीच होने वाली द्विपक्षीय वनडे सीरीज को सुपर लीग का हिस्सा बना दिया।

मैच जीतने वाली टीम को 10 पॉइंट्स दिए जाते हैं। हारने वाली टीम को कोई पॉइंट नहीं मिलता है। मैच रद्द होने या टाई होने की स्थिति में दोनों टीमों को 5-5 पॉइंट दिए जाते हैं।

सुपर लीग का टाइम पीरियड समाप्त होने पर जो टीमें टॉप-8 में रहेंगी उनको सीधे वर्ल्ड कप में एंट्री मिल जाएगी।

**कौन-कौन सी टीमों को डायरेक्ट एंट्री मिल चुकी** - इंडिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान पॉइंट्स के आधार पर क्वालीफाई हो चुके हैं। मैचों के आधार पर इनका टॉप 7 में रहना तय।

मई तक होने वाले द्विपक्षीय वनडे मैचों के आधार पर 1 टीम और सीधे क्वालीफाई करेगी। बाकी टीमों को क्वालीफायर टूर्नामेंट खेलना होगा, जिनमें से 2 टीमें वर्ल्ड कप में पहुंचेंगी। वेस्टइंडीज सुपर लीग पॉइंट्स टेबल में 88 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर है। उनके सुपरलीग के सारे मैच पूरे हो गए हैं। लीग की समाप्ति तक वेस्टइंडीज अगर आठवां स्थान कायम रखता है तो वह वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर जाएगा। इसके लिए उसे दुआ करनी होगी कि साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे मैचों में कम से कम तीन में हारे। वहीं, श्रीलंका और आयरलैंड की टीमें भी 2-2 मैच हारें। ऐसा नहीं हुआ तो वेस्टइंडीज को वर्ल्ड कप में सीधे एंट्री नहीं मिलेगी और उसे क्वालीफायर टूर्नामेंट खेलना होगा। श्रीलंका केअभी 67 पॉइंट्स हैं और वह सुपर लीग में 10वें नंबर पर है। श्रीलंका को अभी अफगानिस्तान से 1 और न्यूजीलैंड से 3 मैच खेलने हैं। चारों मैच जीतने पर उनके 107 पॉइंट्स होंगे। श्रीलंका तभी क्वालीफाई कर पाएगी, जब साउथ अफ्रीका कम से कम एक मैच जरूर हारे। 3 मैच जीतने पर श्रीलंका के 97 पॉइंट्स होंगे। इस स्थिति में उसे साउथ अफ्रीका की 2 और आयरलैंड की एक हार की दुआ करनी होगी। 2 मैच जीतने पर उनके 87 और एक मैच जीतने पर 77 पॉइंट्स होंगे। ऐसे में उनके पॉइंट्स वेस्टइंडीज से कम रहेंगे और टीम डायरेक्ट क्वालीफाई नहीं कर पाएगी।



साउथ अफ्रीका 59 पॉइंट्स के साथ 11वें नंबर पर है। टीम को इंग्लैंड के खिलाफ 3 और नीदरलैंड के खिलाफ 2 मैच खेलने हैं। अगर साउथ अफ्रीका सभी 5 मैच जीत लेता है तो उसके 109 पॉइंट्स होंगे और टीम डायरेक्ट क्वालीफाई कर जाएगी।

4 मैच जीतने पर उसके 99 पॉइंट्स होंगे। इस स्थिति में साउथ अफ्रीका को श्रीलंका की कम से कम एक हार की दुआ करनी होगी।

3 मैच जीतने पर उसके 89 पॉइंट्स होंगे। ऐसे में उन्हें श्रीलंका की 2 और आयरलैंड की एक हार का इंतजार होगा।

दो मैच जीतने पर टीम के 79 और एक मैच जीतने पर 69 पॉइंट्स होंगे। ऐसे में वह डायरेक्ट क्वालीफाई नहीं कर पाएगी और उसे क्वालीफायर टूर्नामेंट में खेलना होगा।

आयरलैंड के 21 मैच में 68 पॉइंट्स हैं। उसके 3 मैच बांग्लादेश से होंगे। तीनों मैच जीतने पर उनके 98 पॉइंट्स होंगे। टीम इतने पॉइंट्स के साथ सीधे वर्ल्ड कप में पहुंच सकती है बशर्ते साउथ अफ्रीका अपने बचे हुए मुकाबलों में कम से कम दो हारे और श्रीलंका की टीम 1 मैच हारे।

2 जीत से आयरलैंड के 88, और 1 जीत से 78 पॉइंट्स होंगे। ऐसे में टीम वनडे वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालीफाई नहीं कर पाएगी।


असम सरकार
उच्च शिक्षा विभाग
आज़ादी का अमृत महोत्सव
छात्र-छात्राओं की ज्ञान अनुसंधान यात्रा
सुगम करने का निरंतर प्रयास हमारा...
35,800
छात्र-छात्राओं को
डॉ. वाणीकांत काकति
मेधा पुरस्कार प्रदान समारोह
प्रज्ञान भारती योजना के
तहत वर्ष 2022 की उच्चतर प्राथमिक परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त छात्र और प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्राओं में औपचारिक रूप से स्कूटर वितरित किए ज़ाएंगे।
75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या 6,052
प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं की संख्या 29,748
केंद्रीय वितरण समारोह
विशिष्ट अतिथि
डॉ. रनोज पेगू
माननीय शिक्षा मंत्री, असम
मुख्य अतिथि
डॉ. हिमंत विश्व शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, असम
सम्मानित अतिथि
प्रो. (डॉ.) ननीगोपाल महंत
शिक्षा सलाहकार, असम सरकार
केंद्रीय समारोह में कामरूप और कामरूप महानगर जिले के छात्र-छात्राओं को स्कूटर और नलबाड़ी, दरंग, नगांव और मोरीगांव के छात्र-छात्राओं में प्रशंसा पत्र वितरित किए जाएगें।
तारीख : 30 नवंबर, 2022
समय : दोपहर 2 बजे
स्थान : पशु चिकित्सा महाविद्यालय खेल मैदान खानापाड़ा
असम के अन्य जिलों में जिलास्तरीय समारोह में स्कूटर प्रदान किए जाएगें।
-- Janasanyog /D/ 17005/ 22